CMYK

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 25°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, मंगलवार 30 सितम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 179 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 7 रबी उल सानी 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



नवाचार और आय सृजन ही बनाएंगे नगर निकाय आत्मनिर्भर: योगी पेज 2



कुलदीप यादव बने एशिया कप के टॉप विकेट टेकर, अभिषेक शर्मा के सबसे तेज 50 छक्के खेल टाइम्स



नवरात्रि: जहां नारी का सम्मान, वहीं समाज का उत्थान सम्पादकीय



पीओके में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन, आर्मी के काफिले पर पथराव पेज 12

## सुखद: चीन ने भारतीय दवा उत्पादों से 30% शुल्क हटाया

**बीजिंग, वार्ता**

**चीन ने भारत के** दवा उत्पादों पर 30 फीसदी आयात शुल्क को घटाकर शून्य कर दिया है। चीन ने यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से फार्मा आयात पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने के ठीक बाद उठाया है।

इस फैसले के बाद भारत की दवा बनाने वाली कंपनियां बिना किसी सीमा शुल्क के चीन को दवाएं निर्यात कर सकेंगी। ट्रम्प के टैरिफ से अमेरिकी बाजार में लागत बढ़ने के बीच चीन का यह फैसला भारतीय कंपनियों को सस्ती दवाओं की मजबूत मांग वाले वैकल्पिक बाजार के तौर पर उभर सकता है। इससे आने वाले समय में भारतीय दवा निर्यात में अरबों डॉलर की बढ़ोतरी हो सकती है। दो दिन पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने फार्मा उत्पादों सहित कई चीजों पर आयात शुल्क बढ़ा दिया था। इनमें फार्मा उत्पादों पर 100 फीसदी का शुल्क प्रमुख था। यह बढ़ा हुआ शुल्क एक अक्टूबर से प्रभावी होगा, जिसके बाद दवाइयों से लेकर भारी ट्रकों तक आयातित सामान महंगे हो जाएंगे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने जिन उत्पादों पर टैरिफ की घोषणा की थी उनमें, किचन कैबिनेट, बाथरूम वैनिटी, गद्देदार फर्नीचर और भारी ट्रक शामिल थे। उन्होंने कहा था कि दवाइयों पर 100 फीसदी, किचन कैबिनेट और बाथरूम वैनिटी पर 50 फीसदी, फर्नीचर पर 30 फीसदी और भारी ट्रकों पर 25 फीसदी आयात कर लगाया जाएगा। ट्रम्प के दवाओं के आयात पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने के फैसले का भारत पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। खासकर देश के दवा निर्माण उद्योग पर। बीते वित्त वर्ष में भारतीय उद्योगों की तरफ से दुनिया को करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये (27.9 अरब डॉलर) की दवाओं का निर्यात हुआ था। इसमें अमेरिका को ही करीब 77 हजार करोड़ रुपये (8.7 अरब डॉलर) की दवाएं निर्यात हुई थीं। भारत के दवा निर्माताओं के लिए अमेरिका सबसे बड़ा बाजार रहा है। 2025 के पहले छह महीनों में ही अमेरिका को कुल 32 हजार 505 करोड़ रुपये (3.7 अरब डॉलर) की दवाओं का निर्यात हो चुका है। ऐसे में 100 फीसदी टैरिफ लगने से अमेरिका में भारत की सस्ती दवाएं भी महंगी दरों पर बिकेंगी।



■ **अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के 100 फीसदी टैरिफ लगाने के बाद चीन ने लिया महत्वपूर्ण फैसला**

### कनाडा ने बिश्नोई गैंग को आतंकवादी संगठन घोषित किया

**ओटावा।** कनाडा सरकार ने बिश्नोई गैंग को आतंकी संगठन घोषित कर दिया है। इसे लेकर कनाडा की तरफ से जारी आधिकारिक बयान में लिखा गया है कि कनाडा में हिंसा और आतंक के कृत्यों के लिए कोई जगह नहीं है, खासकर उन कृत्यों के लिए जो किसी खास समुदाय को निशाना बनाकर भय और धमकी का माहौल बनाते हैं। इसीलिए, जन सुरक्षा मंत्री, गैरी आनंदसांगरी ने घोषणा की कि कनाडा सरकार ने बिश्नोई गिरोह को आपराधिक संहिता के तहत एक आतंकी संगठन के रूप में सूचीबद्ध किया है। जन सुरक्षा मंत्री गैरी आनंदसांगरी ने कहा कि कनाडा में हर व्यक्ति को अपने घर और समुदाय में सुरक्षित महसूस करने का अधिकार है। बिश्नोई गैंग ने कुछ समुदायों को डर और हिंसा के माध्यम से निशाना बनाया है।

### 'एक्स' कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देगा

**बेंगलुरु।** एलन मस्क की कंपनी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने कर्नाटक हाईकोर्ट के हालिया आदेश पर गहरी चिंता जताई है। एक पोस्ट में एक्स ने लिखा है कि इस आदेश के बाद पुलिस अधिकारियों को सीक्रेट ऑनलाइन पोर्टल सहयोग के जरिये मनमाने ढंग से कंटेंट हटाने के निर्देश जारी करने का अधिकार मिल गया है। कंपनी ने कहा कि इस नई व्यवस्था का कानून में कोई आधार नहीं है। न ही आईटी एक्ट की धारा 69ए के मुताबिक है। यह आदेश सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के खिलाफ है और भारतीयों की अभिव्यक्ति की आजादी जैसे संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। मस्क की कंपनी ने साफ किया है कि वह कर्नाटक हाईकोर्ट के इस आदेश के खिलाफ अपील करेगी और अभिव्यक्ति की आजादी की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ेगी।

### चैतन्यानंद ने 50 दिन में 15 होटल बदले, सस्ते ठिकाने चुने

**नई दिल्ली।** दिल्ली के श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट का पूर्व हेड, 62 साल का स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थसारथी गिरफ्तारी से पहले लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। पिछले 50 दिनों के दौरान उसने 15 होटल बदले। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह पुलिस से बचने के लिए बिना सीसीटीवी कैमरों वाले सस्ते होटलों में ठहरता था। वह उत्तर प्रदेश के धार्मिक शहरों वृंदावन, मथुरा में भी छिपा रहा। चैतन्यानंद के करीबी उसके लिए होटल चुनते थे। शनिवार को वह आगरा के एक होटल में ठहरा था। रविवार सुबह 3:30 बजे पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

### करूर भगदड़, राज्य सरकार की कमेटी ने जांच शुरू की

**करूर (तमिलनाडु)।** करूर भगदड़ की जांच रिटायर्ड हाईकोर्ट जस्टिस अरुणा जगदीशन की अध्यक्षता वाली कमेटी को सौंपी गई है। सोमवार को रिटा. जस्टिस करूर सिविल अस्पताल पहुंचीं। घायलों का हाल जाना। वहीं, सीएम स्टालिन ने कहा कि कमेटी की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मानसून उत्तर भारत के 8 राज्यों से विदा

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम मानसून उत्तर भारत के राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और उत्तराखंड से विदा हो चुका है। यह अब गुजरात, मध्य प्रदेश और यूपी में आकर रुक गया है। इन तीनों राज्यों में साउथ-वेस्ट मानसून एक्टिव होने की वजह से मानसून की वापसी कुछ इलाकों से टल गई है। मौसम विभाग के अनुसार, यह लाइन वेरावल और भरूच (गुजरात), उज्जैन (मप्र), झांसी और शाहजहांपुर (उप्र) से होकर गुजर रही है।

## क्रिकेट में भी छाया ऑपरेशन सिंदूर

### ऑपरेशन सिंदूर खेल के मैदान पर जारी: मोदी, सूर्या का जवाब- पीएम फ्रंट फुट पर खेलते हैं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीसीबी चीफ नकवी से टीम इंडिया ने नहीं ली ट्रॉफी**

**पीसीबी चीफ मोहसिन नकवी भारतीय टीम की ट्रॉफी व मेडल्स अपने साथ ले गए**

**भारत ने ट्रॉफी के बिना ही जश्न मनाया, ICC से मोहसिन नकवी की शिकायत करेगा BCCI**

**पाक कप्तान आगा ने भारतीय टीम पर क्रिकेट का अनादर करने का लगाया आरोप**

**नई दिल्ली।** दुबई में एशिया कप के फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को 5 विकेट से हरा कर नौवीं बार एशिया कप का खिताब जीत लिया है। भारत की जीत के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि ऑपरेशन सिंदूर खेल के मैदान पर जारी।

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पीएम मोदी के बयान पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि अच्छा लगता है जब देश का लीडर फ्रंट फुट पर बल्लेबाजी करता है। यह ऐसा है जैसे वह खुद स्ट्राइक लेकर रन बना रहे हैं। यह देखकर बहुत अच्छा लगा और जब सर सामने खड़े हों तो निश्चित रूप से खिलाड़ी खुलकर खेलेंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मोहसिन नकवी विजेता टीम को अवॉर्ड देने पहुंचे, लेकिन भारतीय टीम ने उनसे अवॉर्ड लेने से इन्कार कर दिया। अवॉर्ड सेरेमनी के प्रेजेंटर साइमन डूल ने बताया कि भारतीय टीम अवॉर्ड्स नहीं लेगी। इस बीच मंच पर मौजूद दुबई स्पोर्ट्स सिटी के खालिद अल जरूनी से ट्रॉफी लेने की बात हुई, लेकिन नकवी मंच से हटने -**शेष पृष्ठ दो पर**







### क्रिकेट मैच की तुलना युद्ध के मैदान से करना ठीक नहीं: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने एशिया कप में भारत की जीत पर पीएम मोदी की ओर से किए ट्वीट पर तंज कसा है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने ट्वीट कर कहा कि क्रिकेट मैच की तुलना युद्ध के मैदान से करना ठीक नहीं है। पीएम मोदी के ट्वीट पर तंज कसते हुए कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री जी, पहली बात तो एक क्रिकेट मैच की तुलना युद्ध के मैदान से करना ठीक नहीं है। दूसरी बात, अगर आपने तुलना कर ही दी, तो आपको भारतीय टीम से यह सीखने की जरूरत है कि जब जीत के करीब हों, तो किसी थर्ड अंपायर के कहने पर अच्छे कप्तान सीजफायर नहीं करते। कांग्रेस के इस बयान पर भाजपा ने पटलवार किया है। वहीं भाजपा ने कांग्रेस पर पलटवार किया है। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान को तीन बार हराकर हैट्रिक बनाई और सभी मैच जीते। राहुल और प्रियंका गांधी ने अब तक हमारी विजेता टीम को एक भी बधाई संदेश नहीं दिया है।

### भारत के खिलाफ पाकिस्तान का 6-0 स्कोर : पाक रक्षा मंत्री

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने पीएम मोदी पर अपनी राजनीति बचाने के लिए बातचीत का रास्ता खत्म करने का आरोप लगाया है।मोदी क्रिकेट की संस्कृति और खेल भावना को नष्ट करके, शांति और समस्याओं के समाधान की संभावनाओं को खत्म कर रहे हैं। दरअसल, पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर एशिया कप में भारत की जीत को खेल के मैदान पर ऑपरेशन सिंदूर बताया। इसके जवाब में आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान-भारत के बीच 6-0 का युद्ध स्कोर हमेशा के लिए दर्ज हो चुका है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने 26 सितम्बर को यूएन में दिए भाषण में भारत को दुश्मन बताता था। साथ ही उन्होंने दावा किया कि भारत के साथ हुए संघर्ष में पाकिस्तान की जीत हुई थी। पाकिस्तान ने संघर्ष के दौरान भारत के 6 विमान गिराए थे।

## राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी पर भड़की कांग्रेस

### गृह मंत्री शाह को लिखा पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ **केरल भाजपा प्रवक्ता ने टीवी पर कहा था: सीने में गोली मारी जाएगी**
■ **द. अमेरिकी देशों की यात्रा पर हैं राहुल**
■ **पिछले दिनों CRPF ने जताई थी राहुल गांधी की सुरक्षा पर चिंता**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने गृह मंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखी, जिसमें पूर्व एबीवीपी नेता की टीवी पर बहस के दौरान राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी देने का जिक्र है।

लेटर में कहा गया कि भाजपा प्रवक्ता के खिलाफ तुरंत कार्रवाई न होना राहुल गांधी के खिलाफ हिंसा में मिलीभगत माना जाएगा। वेणुगोपाल ने अमित शाह को लिखा कि यह धमकी किसी छोटे पदाधिकारी की लापरवाही भरा रिएक्शन नहीं है। यह जानबूझकर फैलाए गए नफरत के जहरीले वातावरण का असर है। जो विपक्ष के नेता को असुरक्षित बनाता है। अब यह आपकी जिम्मेदारी है कि आप बताएं आपकी पार्टी और सरकार किस विचारधारा के पक्ष में हैं। दरअसल, केरल में एक न्यूज चैनल पर लद्दाख हिंसा पर लाइव बहस चल रही थी। इस दौरान भाजपा की तरफ से बोलने आए पूर्व एबीवीपी नेता प्रिंटू महादेव ने कहा था कि राहुल गांधी को सीने में गोली मार दी जाएगी। इसी बयान पर केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वीडी सतीशन ने कहा कि वे राहुल गांधी को खत्म करना चाहते हैं। भारत की लोकतांत्रिक जनता ऐसा नहीं होने देगी। वे किसी के सामने झुकते नहीं, क्योंकि वह सांप्रदायिकता और फासीवाद के खिलाफ लड़ रहे हैं। वेणुगोपाल की चिट्ठी में आरोप लगाया गया है कि आप खुलेआम आपराधिक धमकी, जान से मारने की धमकियों और हिंसा की राजनीति का समर्थन करते हैं, जो भारत के सार्वजनिक जीवन में जहर घोल रही है? एक नेता, जिसने अपने परिवार के दो सदस्यों को हत्याओं में खो दिया, उसकी सुरक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दे का राजनीतिकरण करके यह सरकार आग से खेल रही है।

## 39 करोड़ बीमे के लिए पिता का कत्ल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ **युवक ने मां की भी हत्या की, पत्नी की मौत के बाद भी इंश्योरेंस के 80 लाख रुपये लिए**

**हापुड़।** हापुड़ से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक युवक ने दोस्त के साथ मिलकर माता-पिता की हत्या कर दी, फिर उनकी मौत को सड़क हादसा दिखाया।

2017 में उसने मां की हत्या की और उनके नाम पर एक कंपनी से 22 लाख रुपये बीमा क्लेम वसूला। एक साल पहले उसने पिता की हत्या की और बीमा कंपनियों से 39 करोड़ रुपये का क्लेम किया। एक कंपनी ने उसे डेढ़ करोड़ रुपये -**शेष पृष्ठ दो पर**

## महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में बवाल

■ **रंगोली से सड़क पर आई लव मुहम्मद लिखने के बाद तनाव, पथराव, पुलिस ने किया लाठीचार्ज**

**अहिल्यानगर।** महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में सोमवार को सड़क पर रंगोली से आई लव मुहम्मद लिखने को लेकर बवाल हो गया। मुस्लिम समुदाय ने प्रदर्शन करते हुए पुणे-छत्रपति संभाजी नगर हाईवे जाम कर दिया।

पुलिस जाम खुलवाने पहुंची, तो प्रदर्शनकारियों ने पथराव शुरू कर दिया। इस पर पुलिस ने हल्का लाठीचार्ज कर भीड़ को सड़क से हटाया। फिलहाल इलाके में पुलिस बल तैनात है। पुलिस ने रंगोली बनाने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। अहिल्यानगर के पास कोटला गांव में सोमवार सुबह सड़क पर रंगोली से आई लव मुहम्मद लिख दिया गया। इस सड़क पर हिंदूवादी संगठन 'हिंदुस्तान शिव प्रतिष्ठान' ने दुर्गा माता दौड़ का आयोजन रखा था। सुबह करीब 7 बजे जानकारी मिलते ही शहर के मुस्लिम समुदाय के लोग सड़कों पर उतर आए और नारेबाजी करते हुए पुणे-छत्रपति संभाजी नगर हाईवे जाम कर दिया।

## लेह हिंसा से लद्दाख में टूरिस्ट रद्द कर रहे बुकिंग

**लेह, वार्ता**

■ **कमरों में कैद हुए घूमने आए लोग, हिंसा के बाद लगा था पूरे क्षेत्र में कर्फ्यू** ■ **इंटरनेट बंद होने से नहीं हो रही बुकिंग**

**लेह में** 24 सितम्बर को हुई हिंसा के बाद से लद्दाख में टूरिस्ट बुकिंग्स रद्द कर रहे हैं। लेह में लगे कर्फ्यू की वजह से टूरिस्ट बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।

होटल संचालकों का कहना है कि वे टूरिज्म पर ही निर्भर हैं। कर्फ्यू उनकी कमाई पूरी तरह से छीन लेता है। दरअसल, लेह एपेक्स बॉडी के एक हिस्से ने 24 सितम्बर को बंद बुलाया था। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे लोगों की पुलिस से झड़प हुई। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने कई गाड़ियों और इमारतों में आग लगा दी। सुरक्षाबलों की कार्रवाई में गोली लगने से 4 की मौत हुई और 90 लोग घायल हो गए। इसके बाद जिले में अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया। प्रशासन ने इस प्रदर्शन का चेहरा रहे सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें जोधपुर जेल में रखा गया है। पूरे क्षेत्र में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद हैं। इससे बुकिंग रद्द हो रही हैं और पर्यटकों व स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है। एक होटल मैनेजर नसीब सिंह ने एक न्यूज एजेंसी को बताया कि पिछले एक हफ्ते से एडवांस बुकिंग रद्द हो रही हैं। शहर बंद होने से सामान की कमी हो गई है। कर्फ्यू के बाद बाजार बंद हैं, जिससे व्यापारियों को नुकसान हो रहा है।





**Global HR Solutions**
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### निर्भय गुर्जर गैंग का 50 हजार का इनामी बबलू गिरफ्तार

**आगरा।** आगरा कमिश्नरेट पुलिस ने 23 साल से फरार चल रहे 50 हजार रुपये का इनामी बबलू टाइगर उर्फ जितेंद्र कुमार गिरफ्तार कर लिया। वह निर्भय गुर्जर गैंग का सदस्य था, उसके खिलाफ पिढौरा थाने में 2002 में मुकदमा दर्ज हुआ था। कुख्यात बबलू टाइगर उर्फ जितेंद्र कुमार लोगों का अपहरण करता है। इसके बाद अपहरण किए गए व्यक्ति को दस्यु निर्भर गुर्जर गैंग के पास भेज देता था। आरोपी अब आगरा के दूध व्यापारी के अपहरण के लिए रैकी करने पहुंचा था, इसी दौरान डौकी पुलिस ने उसे दबोच लिया। पिढौरा थानाक्षेत्र में 18 वर्षीय हरिओम उर्फ कल्ला का 2002 में अपहरण किया गया था। अपहरण के बाद हरिओम को निर्भय गुर्जर गैंग के पास ले जाया गया था। अपहरणकर्ताओं ने हरिओम के पिता से 11.11 लाख रुपये मांगे थे। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने चार आरा.पी दबोच कर फिरौती की रकम बरामद कर ली थी।

### तौकीर रजा ने प्रदर्शनकारियों को उकसाया था: रिपोर्ट

**बरेली।** यूपी के बरेली में हिंसा फैलाने के मामले के मुख्य आरोपी मौलाना तौकीर रजा की एफआईआर की कॉपी सामने आई है। एफआईआर में बताया गया है कि तौकीर रजा ने प्रदर्शनकारियों को उकसाया है। उसने उकसाते हुए कहा कि शहर का माहौल बिगाड़ना है, चाहे इसके लिए पुलिसवालों की हत्या भी करनी पड़े और मुस्लिमों की ताकत दिखानी है। बरेली में 26 सितंबर को जुमे की नमाज के बाद हुई हिंसा के मामले में दर्ज एफआईआर में मौलाना तौकीर रजा पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

### नगर निगम, नपा और नगर पंचायतों के अध्यक्षों से बोले सीएम योगी

# नवाचार व आय सृजन बनाएंगे आत्मनिर्भर

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ अपने-अपने नगर में बदलाव व विकास की कहानियां साझा की

**लखनऊ।** विकसित यूपी/2047 संवाद कार्यक्रम का माहौल उत्साह और आत्मविश्वास से भरा रहा। नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के अध्यक्षों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपने-अपने नगर में हुए बदलाव और विकास की कहानियां साझा कीं।

संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से न केवल उनके प्रयासों को सुना बल्कि उनसे यह भी पूछा कि उन्होंने अपने नगरों में कौन से नवाचार अपनाए हैं और आय सश्जन के लिए क्या नए माध्यम खोजे हैं। उन्होंने कहा कि यही प्रयास भविष्य के आत्मनिर्भर और आधुनिक उत्तर प्रदेश की नींव बनेंगे। अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कर-करेत्तर आय में अभूतपूर्व वृद्धि का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु और पर्यटक नगर में आते हैं और निगम उन्हें स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने की योजना की चर्चा करते हुए सुझाव दिया कि अयोध्या नगर निगम महापौरों का सम्मेलन आयोजित करे, ताकि यहां का विकास मॉडल अन्य निकायों को भी मार्गदर्शन दे। इसी क्रम में फिरोजाबाद की महापौर कामिनी राठौर ने बताया कि नगर निगम की आय 18 करोड़ से बढ़कर 40 करोड़ वार्षिक हो गई है और निगम द्वारा बनाया जा रहा मॉल स्थायी आय बढ़ाने में सहायक होगा। मुख्यमंत्री ने इसे सराहनीय प्रयास बताते हुए पूरी कार्यकारिणी को बधाई दी और इसे 100 करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। गाजियाबाद के मोदीनगर नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली जाटव ने स्थानीय आय वृद्धि और खाली भूमि के सदुपयोग पर सुझाव रखते हुए मार्गदर्शन मांगा। वहीं, मीरजापुर के अध्यक्ष श्याम सुंदर ने बताया कि नगर पालिका की आय 5.89 करोड़ से बढ़कर 11 करोड़ हो गई है और यहां डिजिटल सेवाओं के साथ नागरिकों को मुफ्त वाई-फाई भी उपलब्ध कराया गया है।

### बुजुर्ग के कैंसर पीड़ित बेटे के इलाज की योगी ने की व्यवस्था

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन के दौरान एक बुजुर्ग महिला के कैंसर पीड़ित बेटे को एंबुलेंस से सीधे कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट भिजवाया और बेहतर इलाज का निर्देश दिया। योगी ने सोमवार सुबह 'जनता दर्शन' किया।

इस दौरान प्रदेश के 50 से अधिक पीड़ित पहुंचे। मुख्यमंत्री एक-एक करके सभी के पास पहुंचे, उनका प्रार्थना पत्र लिया और अफसरों को तत्काल उचित निराकरण का निर्देश दिया। इसी बीच कानपुर के रायपुरवा की 63-64 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने मुख्यमंत्री से कहा कि महाराज, हमारे जवान बेटे को कैंसर हो गया है। हम गरीब हैं, इलाज नहीं करा पा रहे। हमारे पास आयुष्मान कार्ड भी नहीं है। मेरे बेटे को जिंदगी दे दीजिए। इलाज के लिए कुछ आर्थिक सहायता मिल जाए। बुजुर्ग महिला की यह बात सुन मुख्यमंत्री योगी ने तत्काल उस बच्चे को कल्याण सिंह कैंसर सुपर स्पेशियलिटी इंस्टीट्यूट भिजवाने और उपचार प्रारंभ कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर 'जनता दर्शन' से सीधे उसे अस्पताल भेज दिया गया। वहां उसकी जांच प्रारंभ हो गई। मुख्यमंत्री ने हर पीड़ित से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि सरकार हर सेवा, नारायण सेवा को अंगीकृत कर कार्य कर रही है। सभी प्रदेशवासियों के चेहरे पर खुशी लाना सरकार का उद्देश्य है। इसे लेकर ही सरकार नियमित रूप से कार्य कर रही है। इलाज के लिए किसी भी पीड़ित ने स्वयं, जनप्रतिनिधि या किसी भी माध्यम से सरकार तक अपनी बात पहुंचाई है।

# बगैर अनुमति के जुलूस-शक्ति प्रदर्शन पर कार्रवाई तय

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ बरेली हिंसा के बाद मंत्री असीम की चेतावनी

**लखनऊ।** बीते शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद बरेली में हुई हिंसा को लेकर प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा है कि धार्मिक अभिव्यक्ति को लेकर कोई परेशानी नहीं है, लेकिन बगैर अनुमति के सड़क पर जुलूस निकाल कर शक्ति प्रदर्शन हुआ तो फिर सरकार गम्भीरता के साथ निपटेगी।

अरुण ने कहा कि आई लव मोहम्मद हो या कोई भी धार्मिक अभिव्यक्ति इसको लेकर कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन बगैर मजिस्ट्रेट की अनुमति के जुलूस निकालना, नई परंपरा शुरू करने पर सरकार कड़े कदम उठाएगी। हर शुक्रवार धार्मिक अभिव्यक्ति का मतलब हम सड़कों पर जुलूस निकालकर शक्ति प्रदर्शन करे, ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि कोई भी राजनीतिक शोभायात्रा या जुलूस यदि गलत दिशा में समाज को लेकर जा रहा है, तो निश्चित तौर पर सरकार कार्यवाही करने से पीछे नहीं हटेगी। गौरतलब है कि बरेली में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद एक मस्जिद के बाहर इकट्ठा हुए स्थानीय लोगों और पुलिस के बीच झड़प हो गई थी। जिसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग किया। कड़ी कार्रवाई करते हुए 24 से अधिक लोगों को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने बताया कि स्थानीय धर्मगुरु और इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा के आह्वान पर कई प्रदर्शनकारी 'आई लव मोहम्मद' अभियान के समर्थन में मस्जिद के बाहर इकट्ठा हुए थे।

# चरमपंथी लोगों से मिल रही राहुल गांधी को धमकी:कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), भारतीय जनता पार्टी पर हमला करते हुए कहा है कि चरमपंथी विच.ारधारा कमजोर पड़ रही है, इसलिए इस सोच के लोग अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी को धमकी दे रहे हैं।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोमवार को यहां एक वीडियो संद.ेश में कहा कि जब भी आरएसएस देश की सशक्त विचारधारा को हराने में विफल होती है तो उसके कार्यकर्ता शारीरिक लहसा का सहारा लेना शुरू करते हैं। इसी विच.ारधारा का एक चरमपंथी नाथूराम गोडसे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या कर देता है। अब, जब भाजपा वैचारिक लड़ाई हार रही है, तो उसके प्रवक्ता और नेता राहुल गांधी को मारने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांधी देश के लाखों विचारधारा के लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं और साजिश के तहत उन लाखों गरीबों, हाशिए पर पड़े लोगों और कमज़ोर वर्गों की आवाज़ दबाने की कोशिश चल रही है। देश के लाखों लोगों की आवाज को दबाने की साजिश हो रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब भी भारत ने इस विच.ारधारा को हराया है, तो आरएसएस हिंसा पर उतर आता है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल तथा अन्य सुरक्षा बलों ने कई बार गांधी की सुरक्षा को लेकर पत्र लिखा है, लेकिन भाजपा प्रवक्ता खुले आम उन्हें मारने की धमकी दे रहे हैं।

### राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी के पीछे भाजपा: वीरेंद्र चौधरी

**महराजगंज।** फरेंदा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी ने खुलेआम टीवी डिबेट में राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी को भाजपा के खतरनाक इरादे का संकेत बताया है। उन्होंने कहा अपनी मां की कथित गाली पर रुदन करने वाले पीएम मोदी ने क्या अपनी पार्टी के प्रवक्ता की राहुल गांधी के छाती में गोली मारने की धमकी को नहीं सुना?

विधायक वीरेंद्र चौधरी ने कहा दर असल यह केवल भाजपा प्रवक्ता की धमकी नहीं है, उसने वही कहा जो उसके स्वामी को पसंद है। उन्होंने कहा कि हैरत है कि अभी तक भाजपा ने अपने प्रवक्ता के शैतानी धमकी का संज्ञान तक नहीं लिया। उन्होंने कहा प्रतिउत्तर में कांग्रेस धमकी का जवाब धमकी से देना जरूरी नहीं समझती, लेकिन भाजपा यह समझ ले कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को ऐसे गुंडे मवालियों का जवाब उसी की भाषा में देने आता है। चौधरी ने कहा कि कांग्रेस नेताओं को ऐसी धमकी केवल केरल के ही भाजपा प्रवक्ता ने नहीं दिया। टीवी डिबेट में भाजपा के लगभग सभी प्रवक्ताओं की जुबान ऐसी ही भाषा बोलती है। उन्होंने कहा कि देश और जनता भाजपा के नेताओं की भाषा ध्यान से सुन रही है।

# मजबूत राष्ट्र के निर्माण में योगदान दें: मुर्मू

### राष्ट्रपति ने अधिकारियों से किया आह्वान

नई दिल्ली, वार्ता



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अधिकारियों से कहा है कि वे लगन और निज़्ठा के साथ कार्य कर समदृष्टता, मजबूत और समावेशी राष्ट्र के निर्माण में योगदान दे सकते हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि अधिकारी ईमानदार प्रयासों के माध्यम से यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि भारत विश्व के समक्ष शक्ति और प्रगति के आदर्श के रूप में स्थापित हो। भारतीय सांख्यिकी सेवा, भारतीय कौशल विकास सेवा और केंद्रीय इंजीनियरिंग सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने सोमवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से भेंट की।राष्ट्रपति ने भारतीय सांख्यिकी सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि ठोस नीति निर्माण और कार्यान्वयन सटीक सांख्यिकीय विश्लेषण पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि आंकड़ों पर आधारित दुनिया में सांख्यिकी की प्रासंगिकता बहुत बढ़ गई है। उन्होंने आधिकारिक आंकड़ों के संकलन और विश्लेषण में सांख्यिकी अधिकारियों के रूप में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उनके कार्य में विशेज्ञता का अधिक महत्व है, जिसका उपयोग दश की बढ़ती आंकड़ों और सूचना संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में किया जाता है। राष्ट्रपति ने भारतीय कौशल विकास सेवा (आईएसडीए) के अधिकारियों से कहा कि कौशल और ज्ञान किसी भी राष्ट्र के आर्थिक विकास तथा सामाजिक प्रगति के सच्चे इंजन हैं। यह आवश्यक है कि हमारे युवा उन्नत तकनीकी कौशल को अपनाएं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि युवा अधिकारी विशिष्ट कौशल प्रशासकों के रूप में सुदृढ़ और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



सेंसेक्स 81715.63
निफ्टी 25056.90



सोना रु. 114547
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 143140
प्रति किलो



# लाल निशान पर बंद हुए प्रमुख सूचकांक

### शुरुआती बढ़त के साथ सेंसेक्स और निफ्टी में आई गिरावट

मुंबई, वार्ता



निजी बैंकिंग कंपनियों में बिकवाली के दबाव में घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को प्रमुख सूचकांक शुरुआती बढ़त के बाद अंत में गिरावट के साथ बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 61.52 अंक (0.08 प्रतिशत) टूटकर 80,364.94 अंक पर बंद हुआ। एक समय सेंसेक्स 425 अंक चढ़कर 80,851 अंक तक पहुंच गया था, लेकिन बाद में निजी बैंकों में बिकवाली के कारण लाल निशान में उतर गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी 19.80 अंक यानी 0.08 प्रतिशत नीचे 24,634.90 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों का 02 सितम्बर के बाद का निचला स्तर है। दोनों प्रमुख सूचकांक लगातार सातवें कारोबारी सत्र में टूटे हैं। एनएसई में ज्यादा शेयरों वाले सूचकांकों में तेजी रही। निफ्टी 100 सूचकांक में 0.11 प्रतिशत की तेजी रही। निफ्टी मिडकैप 50 सूचकांक भी 0.29 प्रतिशत चढ़ा।

हालांकि छोटी कंपनियों में बिकवाली से स्मॉलकैप-100 में 0.07 फीसदी की गिरावट रही। निजी बैंकों, फार्मा, ऑटो, स्वास्थ्य और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के शेयरों में बिकवाली की जोर रहा। वहीं सार्वजनिक बैंकों, धातु, रियलिटी और तेल एवं गैस समूहों में निवेशकों ने विश्वास दिखाया। सेंसेक्स की 30 में से 15 कंपनियों के शेयरों लाल निशान में और अन्य 15 के हरे निशान में रहे। एक्सिस बैंक का शेयर 1.91 प्रतिशत, मारुति सुजुकी का 1.65, एलएंडटी का 1.17 और आईसीआईसीआई बैंक का 1.01 प्रतिशत की गिरावट में रहा। भारती एयरटेल, इंफोसिस, अदानी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनी. लिवर, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर भी लाल निशान में रहे। रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस और टाटा मोटर्स के शेयर भी टूटे। टाइटन में सबसे अधिक 2.30 प्रतिशत की तेजी रही। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर 1.58 प्रतिशत, इटरनल का 1.18, ट्रेंट का 1.08, बीईएल का 1.05 और एनटीपीसी का 1.02 प्रतिशत मजबूत हुआ। टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक और आईटीसी के शेयरों में भी तेजी रही। एशियाई शेयर बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग 1.89 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.90 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ।

### नवरात्र के सातवें दिन सोने में आया जमकर उछाल

**नई दिल्ली।** कमोडिटी मार्केट खुलते ही सोना और चांदी ने अपनी रफ्तार पकड़ ली। सुबह 9.17 बजे ही चांदी में जबरदस्त उछाल देखा जा रहा है। 1 किलो चांदी में 1845 रुपये की बढ़ोतरी नजर आ रही है। वहीं सोने में सुबह 9.18 बजे 835 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी है। सुबह 9.27 बजे 10 ग्राम सोने का भाव 114547 रुपये चल रहा है। इसमें 759 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी है। वहीं एक किलो चांदी की कीमत 143140 रुपये चल रही है। चांदी में इस समय 1251 रुपये प्रति किलो की तेजी देखने को मिल रही है। देश के महानगरों पटना में 10 ग्राम सोने का भाव 115,170 रहा, जबकि जयपुर में 115,210 , लखनऊ में 115,260, भोपाल में 115,350 और चंडीगढ़ में 115,220 रुपये रहा। पटना में आज सोने की कीमत सबसे कम है। यहां 10 ग्राम सोने का दाम 115,170 रुपये दर्ज किया गया है। इसके साथ ही भोपाल और इंदौर में सोने की कीमत सबसे ज्यादा है। यहां 10 ग्राम सोने का भाव 115,260 रुपये दर्ज किया गया है। अगर चांदी की बात करें तो पटना में चांदी भी सबसे सस्ती मिल रही है। यहां 1 किलो चांदी की कीमत 142,780 रुपये दर्ज की गई है।

# आत्मनिर्भरता और सतत जीवनशैली का प्रतीक बनकर उभरी खादी

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 में खादी न केवल भारत की सांस्कृतिक धरोहर और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बनकर सामने आई, बल्कि फैशन की दुनिया में अपनी आधुनिक पहचान भी दर्ज कराई। शानदार फैशन शो में मॉडल्स ने खादी के परिधानों की ऐसी श्रृंखला प्रस्तुत की, जिसमें परंपरागत शिल्प कौशल और आधुनिक डिज़ाइन का अनोखा संगम देखने को मिला। इसने यह संदेश दिया कि खादी 'ट्रेडिशन टू ट्रेंड' की यात्रा तय कर चुकी है और अब वैश्विक फैशन का हिस्सा बन रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार लोगों से स्वदेशी अपनाने की अपील कर रहे हैं। खादी भी स्वदेशी परिधानों का महत्वपूर्ण अंग है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को आत्मसात करते हुए उत्तर प्रदेश ने खादी और हैंडलूम को नई पहचान दी है। योगी सरकार खादी को सिर्फ परिधान तक सीमित नहीं मानती, बल्कि इसे आत्मनिर्भर भारत और पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली का मजबूत आधार मानती है। योगी सरकार की वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना ने हजारों बुनकरों और कारीगरों को सीधा लाभ पहुंचाया है। सरकार का लक्ष्य है कि खादी को स्थानीय से वैश्विक स्तर तक ब्रांड बनाकर उत्तर प्रदेश को 'हैंडलूम हब' के रूप में स्थापित किया जाए। राज्य में खादी उत्पादों की खपत लगातार बढ़ रही है। युवाओं में टिकाऊ फैशन को लेकर बढ़ती जागरूकता ने खादी को आधुनिक जीवनशैली का हिस्सा बना दिया है।

यही वजह है कि आज खादी को 'फैब्रिक ऑफ फ्यूचर' कहा जाने लगा है। यूपीआईटीएस 2025 में खादी की प्रस्तुति ने यह स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश न केवल परंपरा को संजो रहा है, बल्कि भविष्य की जरूरतों के अनुरूप उसे वैश्विक मंच पर भी स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि सरकार का प्रयास है कि खादी को सिर्फ एक कपड़े के रूप में नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, कारीगरी और सतत विकास के प्रतीक के रूप में दुनिया के सामने प्रस्तुत किया जाए। सरकार का प्रयास इसी दिशा में है। उत्तर प्रदेश ने खादी को वैश्विक फैशन जगत में उतारकर दुनिया को यह दिखाया है कि स्थानीय शिल्प और आत्मनिर्भरता से भी अंतर्राष्ट्रीय पहचान बनाई जा सकती है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**क्रिकेट में....** को तैयार नहीं हुए। इसके बाद कार्यक्रम खत्म कर दिया गया और नकवी मंच से उतरे। वे ट्रॉफी और मेडल्स भी अपने साथ ले गए। नकवी पाकिस्तान के गृह मंत्री हैं, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के अध्यक्ष भी हैं। भारत ने ऐसा 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में किया। टीम इंडिया ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ भी नहीं मिलाया था। भारतीय टीम को जब ट्रॉफी नहीं दी गई, तो कप्तान सूर्यकुमार यादव ने साथी खिलाड़ियों के सामने खाली हाथ ही ऐसा जेस्चर बनाया मानो वे ट्रॉफी लेकर आ रहे हों। बाकी खिलाड़ियों ने भी इसे ही असली ट्रॉफी मानकर सेलिब्रेट किया। भारतीय खिलाड़ियों ने बिना ट्रॉफी के ही एशिया कप में जीत का जश्न मनाया। नकवी जैसे ही प्रेजेंटेशन स्टेज पर आए स्टैंड में बैठे भारतीय प्रशंसकों ने भारत माता की जय के नारे लगाने शुरू कर दिए। इधर भारतीय टीम अवॉर्ड लेने नहीं गई, तो करीब एक घंटे तक स्टेज पर कन्फ्यूजन बना रहा। प्रेजेंटेशन सेरेमनी के दौरान, जब नकवी ट्रॉफी देने के लिए अड़े रहे, तब भारतीय खिलाड़ी ग्राउंड में मौज मस्ती करते नजर आए। पाकिस्तान टीम सेरेमनी के दौरान एक तरफ खड़ी रही। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव से ट्रॉफी के बारे में सवाल पूछा गया। सूर्या ने कहा कि जब मैं क्रिकेट खेल रहा हूं, तब से पहली बार देखा कि चैंपियन टीम को ट्रॉफी नहीं दी गई। भारतीय ड्रेसिंग रूम में अपने सभी खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ के साथ होना ही मेरे लिए ट्रॉफी है। मैच के बाद पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा ने भारतीय टीम पर क्रिकेट का अनादर करने का आरोप लगाया। आगा ने कहा कि हमसे हाथ न मिलाकर वे हमारा अपमान नहीं कर रहे, वे क्रिकेट का अपमान कर रहे हैं। उनका व्यवहार बहुत ही गलत था। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बताया कि हमने फैसला किया था कि भारतीय टीम पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के किसी अधिकारी से ट्रॉफी नहीं लेगी। इसका मतलब ये नहीं कि नकवी भारत की ट्रॉफी या मेडल पाकिस्तान ले जाने के हकदार हो जाएंगे। नवम्बर में आईसीसी की कॉन्फ्रेंस है। हम वहां नकवी की हरकत पर कड़ी आपत्ति जताएंगे। उम्मीद है कि हमारी ट्रॉफी हमें जल्द मिल जाएगी।

**39 करोड़...** भी दे दिए, लेकिन निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी ने पैसे देने से पहले जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि आरोपी ने अलग-अलग जगहों से 50 से अधिक बीमे करवाए थे। कंपनी ने गहराई से पड़ताल की, तो पता चला कि पिछले 8 साल में उसकी पत्नी और माता-पिता की मौत अलग-अलग हादसों में दिखाई गई थी। इसके बाद शक और गहरा हो गया। कंपनी ने पिता की पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अस्पताल रिकॉर्ड का मिलान किया। दोनों रिपोर्ट में चोटें भी आपस में मेल नहीं खा रही थीं। शक के आधार पर कंपनी ने हापुड़ में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी विशाल सिंघल और उसके दोस्त को गिरफ्तार किया। विशाल से सख्ती से पूछताछ की। इसमें उसने माता-पिता की हत्या का जुर्म कबूल कर लिया। अब पुलिस उसकी पत्नी की मौत की भी जांच कर रही है। दरअसल, पत्नी की मौत के बाद भी उसने बीमा कंपनी से 80 लाख रुपये लिए थे। दोनों आरोपी मेरठ के रहने वाले हैं।

# भारत-यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के बीच एफटीए एक अक्टूबर से लागू हो जाएगा: गोयल

■ केन्द्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री ने दी जानकारी

**नई दिल्ली।** भारत और चार देशों के यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) एक अक्टूबर से लागू हो जायेगा। इसे पिछले वर्ष अंतिम रूप दिया गया था और अब भारत कई अन्य विकसित देशों के साथ इस तरह के समझौतों के लिए बातचीत कर रहा है।

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि कई विकसित देश भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर करने के इच्छुक हैं। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के साथ भारत ऐसे समझौते पहले ही कर चुका है तथा कई अन्य देशों के साथ बातचीत चल रही है। गोयल ग्रेटर नोएडा के अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी केंद्र में आयोजित पांच दिन के उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। ईएफटीए यूरोप के चार विकसित देशों का समूह है। जिसमें आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड शामिल हैं। इस समूह के साथ एफटीए को मार्च 2024 में अंतिम रूप दिया गया था। गोयल ने कहा कि ईएफटीए के साथ व्यापार समझौता एक अक्टूबर 2025 से प्रभावी होगा। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि अमेरिका, यूरोपीय संघ, न्यूजीलैंड, ओमान, पेरू और चिली के साथ भी व्यापार समझौते के लिए बात.चीत चल रही है। कतर और बहरीन ने भी भारत के साथ व्यापार समझौते के बातचीत में रुचि दिखाई है। यूरेशिया आर्थिक संघ (ईएईयू) के साथ बातचीत के संदर्भों को अंतिम रूप दे दिया गया है, जो भारत की मजबूत वैश्विक स्थिति को दर्शाता है। इस संघ में रूस, बेलारूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान और आर्मेनिया शामिल हैं। ईएफटीए के साथ समझौते में 14 अध्याय हैं। भारत-ईफएटीए के बीच द्विपक्षीय व्यापार वित्त वर्ष 2022-23 में 18.65 अरब डॉलर था। श्री गोयल ने आंतरिक और वाह्य क्षेत्र में भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति को मजबूत बताते हुए कहा कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब अमेरिकी डॉलर से ऊपर पहुंच गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत 2014 में एक नाजुक अर्थव्यवस्था से उबर कर आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और अगले दो वर्षों में यह पांच लाख डॉलर के आकार के साथ तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# महिला की संदिग्ध हालत में मिली लाश

- पापा मुझे ये टॉर्चर करते हैं, मुझे ले जाओ
- सबसे बड़ी भूल थी नहीं लाना: पिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहबाद डेयरी इलाके में एक महिला की उसी के ससुराल में संदिग्ध हालत में लाश पड़ी मिली। ससुराल वालों ने बताया कि पंखे से फंदा लगाकर महिला ने आत्महत्या की है। जबकि मायके वालों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। जिन्होंने ससुराल वालों पर दहेज प्रताडना और मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस को कुछ वीडियो भी दी हैं।

परिवार के एसडीएम के सामने बयान के बाद पुलिस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के मुताबिक मृतक महिला की पहचान रानी (२६) के रूप में हुई है। वह परिवार के साथ शाहबाद डेयरी स्थित शिव विहार डी ब्लॉक इलाके रहती थी। दो जून २०२३ में उसकी बी ब्लॉक शाहबाद डेयरी में रहने वाले अंकित से शादी हुई थी। उनके डेढ़ साल की एक बेटी भी है। अंकित अकाउंट की नौकरी किसी प्राइवेट कंपनी में करता है।

बीती रात करीब तीन बजे शाहबाद डेयरी पुलिस को बी ब्लॉक स्थित एक मकान में रानी नामक महिला की मौत होने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। पंखे से एक फंदा लटका हुआ था। पता चला कि महिला को उसी का भाई संकेत व अन्य परिवार वाले नजदीक के अस्पताल ले गए हैं। पुलिस अस्पताल पहुंची। डॉक्टरों ने रानी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया। पुलिस ने परिवार के बयान दर्ज किये। जिसमें भाई संकेत ने बताया कि रात करीब ढाई बजे मां फूलोदेवी के पास बहन रानी के ससुराल से फोन आया था। बताया कि रानी ने फांसी लगा ली। वह मां व अन्य परिवार के सदस्यों के साथ मौके पर पहुंचा। कमरे में बेड पर अचेतावस्था में बहन पड़ी थी। जबकि पंखे से फंदा लटका हुआ था। ससुराल वालों से पूछने पर बस बताया कि फांसी लगा ली है। लेकिन बहन रानी शादी के बाद से कई बार बोल चुकी थी कि उसको दहेज के लिये काफी परेशान किया जाता है। उसको बुरी तरह से पति समेत अन्य सदस्य मारा पीटा करते हैं। कई बार ससुराल जाकर उन लोगों को समझाया भी था। मगर आश्वासन देने के बाद फिर से बहन के साथ हाथापाई भी करते थे। रानी ने अपने सबूत के तौर पर मोबाइल फोन से कुछ वीडियो तक बना रखी थी। जिसको उसने परिवार को भेज रखा था। रानी की छोटी बहन रूबी ने बताया कि हमको लगता था कि ससुराल वाले शांत हो जाएगें और बहन को सही तरह से रखेगें। मगर ये हमारी भूल थी। बहन को मार डाला और दिखाने के लिये उसको आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की है।

पिता रामपाल ने बताया कि मुझे रात तीन बजे फोन पर मामले की जानकारी मिली थी। उस वक्त मैं गुरुग्राम सेक्टर-१०२ स्थित खिडकी माजरा स्थित कंपनी में था। किसी तरह से उसी वक्त द्वारका पहुंचा और वहां से घर शाहबाद डेयरी आया। बेटी बोलती थी पापा ये लोग मुझे टॉर्चर करते हैं। उसको बोला था कि शांति से काम लो सब ठीक हो जाएगा। शायद हमारी ये सबसे बड़ी भूल थी।

## अवैध पटाखों की बिक्री में शामिल दो पकड़े

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने अवैध पटाखों की बिक्री और सप्लाई में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से १६४ किलोग्राम प्रतिबंधित पटाखे जब्त किए है। दिल्ली पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने बताया कि प्रतिबंधित पटाखों के प्रचलन को रोकने के लिए दिल्ली पुलिस राजधानी में ऐसी वस्तुओं के अवैध भंडारण और बिक्री का पता लगाने और उन्हें रोकने के लिए निरंतर अभियान चला रही थी।इसके तहत अपराध शाखा की टीम को अवैध पटाखों की बिक्री और सप्लाई में शामिल व्यक्ति यों के बारे में जानकारी इकट्ठा करने का काम सौंपा गया था।इसी बीच २७.सितम्बर को एसआई बलराज को प्राप्त एक गुप्त सूचना के आधार पर एसीपी नरेंद्र बेनीवाल की देखरेख में इंस्पेक्टर नीरज कुमार शर्मा के नेतृत्व में टीम ने विजय नगर में छापा मारकर आरोपी ललित कुमार गुलाटी (२९) और मुकुल वासन (२९) को गिरफ्तार कर लिया।

# 37.79 किलोग्राम गांजा जब्त कर तीन तस्कर धरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दक्षिण जिला पुलिस ने ड्रग तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। अंबेडकर नगर थाना पुलिस ने तीन ड्रग तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पुलिस टीम ने इनके कब्जे से ३७.७९ किलोग्राम गांजा जब्त किया है, बाजार में जिसकी कीमत १३.२२ लाख रुपये है।

इसके अलावा आरोपितों के पास से अपराध में इस्तेमाल एक मोटरसाइकिल और १ कार बरामद की है। जानकारी के मुताबिक, ये पार्सल/डिलीवरी एप के जरिये ड्रग की डिलीवरी करते थे। इससे पहले, दक्षिण पूर्वी जिला पुलिस ने २७ सितंबर को श्रीनिवासपुरी से एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से पुलिस ने हरियाणा से तस्करी कर लाई जा रही ३९ पेटी शराब और आठ पेटी बीयर बरामद की है। साथ ही तस्करी में की जा रही कार भी जब्त कर ली। आरोपित की पहचान खिचड़ीपुर कल्याणपुरी निवासी करण के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त डॉ. हेमंत तिवारी ने बताया कि एंटी आटो थेफ्ट स्कवाड को सूचना मिली थी कि श्रीनिवासपुरी में तस्करी कर शराब उतारी जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने साई पार्क के पास छापा मारा, जहां कार से दो युवक शराब उतार रहे थे।

पुलिस को देखकर एक युवक भागने में कामयाब हो गया, जबकि दूसरे को पुलिस ने पकड़ लिया। उसकी पहचान करण के रूप में हुई।

## पिता को चाकू मारने वाला बेटा पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विजय विहार इलाके में पारिवारिक कलह में अपने ही बुजुर्ग माता पिता को चाकू मारने वाले बेटे मोहित कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल चाकू भी जब्त कर लिया है। आरोपी पहले भी दो वारदातों में शामिल रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते शुक्रवार को,विजय विहार पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर महिला थी। जिसने बताया कि वह बुध विहार, फेज १ में रहती है। उसकी मां उषा और पिता बलविंदर सिंह को चाकू मार दिया है। घायल दंपत्ति को नजदीक के बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दोनों की हालत स्थिर बताई। पता चला कि दंपत्ति को उसी के बेटे मोहित ने चाकू मारे हैं। पुलिस ने क्राॅइम और फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये।

# अफ्रीकी ठग गिरफ्तार, 100 से ज्यादा महिलाओं को बनाया शिकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिला साइबर पुलिस ने कोरियाई व्यापारी बनकर १०० से ज्यादा महिलाओं को ठगने वाले अफ्रीकी जालसाज को गिरफ्तार किया है।

वह हेलो टॉक ऐप पर महिलाओं से जुड़कर खुद को अमेरिका में स्थापित कोरियाई व्यापारी बताता था और शादी व व्यापारिक साझेदारी इत्यादि का लालच देकर महिलाओं को झांसे में लेने के बाद उनके साथ ठगी करता था। आरोपी की पहचान स्टेफेन उर्फ केसी डोमिनिक के रूप में हुई है। वह दिल्ली के तिलक नगर स्थित न्यू महावीर नगर के गली संख्या में नौ स्थित आरजे-१३९ में रहकर जालसाजी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। शाहदरा पुलिस को शिकायतकर्ता महिला ने बताया कि वह हेलो टॉक ऐप पर डक यंग नामक शख्स के संपर्क में आई।

आरोपी ने खुद को अमेरिका में स्थापित कोरियाई कारोबारी बताया। बताया कि उसका गहने का व्यापार है। फिर एक दिन अचानक उसने मुंबई एयरपोर्ट पर इमिग्रेशन विभाग द्वारा पकड़े जाने की बाद कहकर पीड़िता से आर्थिक मदद मांगी। उसने फर्जी अधिकारियों से पीड़िता की बात भी करवाई। इसके बाद पीड़िता ने दो बार में कुल २.५ लाख रुपये आरोपी को उधार भेज दिए। इसके बाद भी मांग खत्म नहीं हुई तो पीड़िता ने रुपये देने से मना कर दिया। इसके बाद आरोपी ने पीड़िता से सारे संपर्क खत्म कर लिए। इसके बाद पीड़िता को उनके साथ हुई ठगी का अहसास हुआ और मामले की शिकायत की गई।

जांच के दौरान आरोपी की सीडीआर व अन्य तकनीकि जानकारी खंगालने पर आरोपी की पहचान तिलक नगर निवासी अफ्रीकी नागरिक के रूप में हुई तो पुलिस ने छापा मारकर उसे दबोच लिया। आरोपी के पास से मिले मोबाइल फोन में १०० से ज्यादा महिलाओं से बातचीत व लेनदेन की जानकारी सामने आई। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।



शाहदरा जिला साइबर पुलिस ने कोरियाई व्यापारी बनकर महिलाओं को ठगने वाले अफ्रीकी जालसाज को गिरफ्तार कर मीडिया के सामने पेश किया।

## एक नजर

### राजधानी एक्सप्रेस से 85 किलो गांजा बरामद

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर ८५ किलो गांजा बरामद हुई है। आरपीएफ ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए ८५ किलोग्राम गांजा बरामद किया है। जिसकी अनुमानित कीमत ४२.५० लाख रुपये है। यह कार्रवाई ट्रेन नंबर २०५०५ डिब्रूगढ़-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस के टीटीई से मिली सूचना के आधार पर की गई।

आरपीएफ की टीम ने २८ सितंबर २०२५ को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर १५ पर ट्रेन के कोच बी-९ और बी-१० में बर्थ के नीचे छोड़े गए। दो ट्रॉली बैग और चार बैकपैक बरामद किए गए हैं। इन बैगों की जांच करने पर छह पैकेट में गांजा पाया गया, जिसमें प्रत्येक बैग में एक-एक पैकेट था। कुल ८५ किलोग्राम गांजे को जब्त किया गया।

### नशा मुक्त युवा जागरूकता सम्मेलन का आयोजन किया

**नई दिल्ली।** शहीद-ए-आजम भगत सिंह जी की जयंती के अवसर पर नशा मुक्त युवा ख्र खेलोगे तो खिलोगे ट्रस्ट के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संदीप दांगी के नेतृत्व में कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया, नई दिल्ली में "नशा मुक्त युवा जागरूकता सम्मेलन" का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं, समाजसेवियों और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों की उपस्थिति रही।

इसी अवसर पर दिल्ली में "नशा मुक्त युवा ख्र खेलोगे तो खिलोगे" अभियान की औपचारिक शुरुआत की गई और संगठन की टी-शर्ट का शुभारंभ भी किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि रहे अर्जुन अवार्डी, भीम अवॉर्डी एवं वर्ल्ड नंबर 1 रैंकिंग बॉक्सर स्वीटी बुरा, पूर्व स्पेशल कमिश्नर ऑफ पुलिस दीपेंद्र पाठक तथा पूर्व डी.आई.जी. जुगल किशोर। विशिष्ट अतिथि के रूप में जीवकांत झा, प्रसिद्ध समाज सेवी विकास गोदारा, एडवोकेट तरुण राठी, समाजसेवी रविंद्र मलिक, वरिष्ठ पत्रकार राकेश तफीक और वरिष्ठ पत्रकार अवधेश ओझा शामिल हुए।

### विश्व हृदय दिवस पर जांच शिविर आयोजित

**नई दिल्ली।** विश्व हृदय दिवस के अवसर पर एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, फरीदाबाद के तत्वावधान में नि:शुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोगों में बीमारी की रोकथाम को लेकर प्रोत्साहित करना था। इस शिविर को लेकर उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली, जिसमें फरीदाबाद और आसपास के इलाकों के 285 से अधिक लोगों ने मुफ्त सेवाओं का लाभ उठाया। प्रतिभागियों की जांच में ब्लड शुगर टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफी और ब्लड प्रेशर चेक शामिल थे, जिसके बाद एशियन हॉस्पिटल की विशेषज्ञ कार्डियोलॉजी टीम ने विस्तृत परामर्श प्रदान किया। शिविर का नेतृत्व प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने किया जिनमें डॉ. सुब्रत अखौरी (चेयरमैन ख्र कैथ लैब एवं इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट और हेड), डॉ. अमित चौधरी (डायरेक्टर-सीटीवीएस), डॉ. एल.के. झा (एसोसिएट डायरेक्टर एवं हेड यूनिट-II-कार्डियोलॉजी), डॉ. प्रतीक चौधरी (सीनियर कंसल्टेंट-इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी) और डॉ. दिवाकर कुमार (कंसल्टेंट ख्र कार्डियोलॉजी यूनिट-II) शामिल थे।

### गोल्ड सूक मॉल में किया शोरूम का रीलॉन्च

**नई दिल्ली।** मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स, ने गोल्ड सूक मॉल, गुरुग्राम में अपने शोरूम का भव्य रूप में फिर से रीलॉन्च किया। इस मौके पर गुरुग्राम की माननीय मेयर राजरानी मल्होत्रा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। इस अवसर पर मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एम. पी. अहमद ने कहा, "हमें गुरुग्राम में अपने नए रूप में बने शोरूम को प्रस्तुत करते हुए बेहद खुशी हो रही है। यह कदम हमारे ग्राहकों के खरीददारी अनुभव को और बेहतर बनाने के निरंतर प्रयासों को दर्शाता है और हमारे उस विजन से जुड़ा है जिसमें हम विश्वस्तरीय ज्वेलरी रिटेल अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### भारत का पहला नेक्स्ट प्रिवेसी डैशबोर्ड पेश किया

**नई दिल्ली।** एआई+स्मार्टफोन ने अपने नवीनतम इनोवेशन, नेक्स्टप्रिवेसी डैशबोर्ड के लॉन्च की घोषणा की, जो भारत में स्मार्टफोन के लिए भारत का पहला अंतर्निहित गोपनीयता नियंत्रण उपकरण है। यह फीचर उपयोगकर्ताओं को रीयल-टाइम दृश्यता और नियंत्रण प्रदान करता है कि ऐप्स संवेदनशील डेटा तक कैसे पहुँचते हैं और यह सभी एआई+ पल्स४जी और नोवा ५जी डिवाइसों के लिए एक सॉफ्टवेयर अपडेट के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है।

गोपनीयता अब एक विशेषाधिकार नहीं रही। यह हर स्मार्टफोन उपयोगकर्ता का मौलिक अधिकार है। एआई+ स्मार्टफोन के सीईओ और नेक्स्टक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीज के संस्थापक माधव शेठ ने कहानेक्स्टप्राइवेसी डैशबोर्ड के साथ, हम इस अधिकार को डिजाइन द्वारा सरल और सुलभ बना रहे हैं। पहली बार, भारतीय उपयोगकर्ता स्पष्ट रूप से देख सकते हैं कि कौन से ऐप संवेदनशील अनुमतियों का उपयोग कर रहे हैं और एक टैप से नियंत्रण वापस ले सकते हैं। यह फीचर-टेक हमारे भारतीय उपभोक्ताओं के लिए तैयार किया गया है।

# सड़क हादसे में तीन की मौत, तेज रफ्तार कार ने रौंदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के जहांगीर पुरी इलाके में रात एक सड़क हादसे में एक बच्चे सहित तीन लोगो की मौत हो गयी, बताया जा रहा है तेज रफ्तार कार की वजह से हादसा हुआ, फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर कार की पहचान करने में जुटी है ताकि आरोपी तक पहुंचा जा सके स

मृतकों की पहचान शाहिद (६०), फैज (२८) और हमजा (१२) के रूप में हुई है, शाहिद और फैज बाप-बेटे है यह नार्थ घोंडा की गली न-८, में रहते थे। जबकि हमजा, शाहिद का नवासा (बेटी का बेटा) था, और दावत में शामिल होने के लिए सहारनपुर से अपने मम्मी-पापा के साथ दिल्ली आया था स कुछ दिनों पहले फैज को बेटा हुआ था जिसकी खुशी में उसके जीजा मोबिन ने द्वारका सेक्टर-3, में स्थित अपने घर पर दावत रखी थी, दावत में शाहिद का पूरा परिवार पहुंचा था, दावत के बाद परिवार के अन्य लोग कैब किराये पर करके घर लौट आए थे और शाहिद, फैज और हमजा बाइक से घर आ रहे थे, जब यह तीनो रात १२ बजे तक घर नहीं पहुंचे तब परिजनों ने फैज के फोन पर फोन किया तो किसी राहगीर ने फोन उठाया और बताया कि जिनका फोन है उनका मुकुंदपुर फ्लाईओवर के पास एक्सीडेंट हो गया है, परिवार के लोग जब मौके पर पहुंचे तब तक मौके पर पुलिस और एम्बुलेंस भी आ चुकी थी, और शाहिद,फैज और हमजा की मौके पर ही मौत हो गयी थी स शाहिद के दामाद मोबिन ने बताया की जब परिवार मौके पर पहुंचा तब वहां मौजूद लोगो ने बताया दो कार आपस में रेस लगा रही थी, उनमे से एक कार ने इनकी बाइक को टक्कर मारी, टक्कर के बाद तीनो सड़क पर गिर पड़े उसके बाद दूसरी कार उनको कुचलती हुई निकल गयी। पुलिस के अनुसार २९ सितंबर सुबह तड़के १२. ०५ पर जहांगीरपुरी थानांतर्गत बाहरी रिंग रोड, मुकुंदपुर फ्लाईओवर के पास सड़क दुर्घटना हुई है, जब पुलिस मौके पर पहुंची तब पता लगा किसी गाड़ी ने बाइक को टक्कर मारी है जिसमे बाइक सवार तीनो लोगो की मौत हो गयी है स फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिये गाड़ी की पहचान करने का प्रयास कर रही है स भारतीय न्याय संहिता की धारा २८१/१०६(१) के तहत मामला दर्ज किया गया है स बॉक्स -- हमजा अपने परिवार के साथ सहारनपुर में रहता था, उसकी मौसी ने दावत रखी थी जिसमे शामिल होने के लिए वह सहारनपुर से दिल्ली नार्थ घोंडा अपने नाना के घर आया था, पूरा परिवार दावत में शामिल होकर खुशी-खुशी घर पहुंचा था, किसी को इस बात का तनिक भी अंदाजा नहीं था कि यह खुशी कुछ देर में गम में बदल जाएगी।




# घायल बच्ची की अस्पताल में हुई मौत

- निर्माणाधीन इमारत के मालिक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रविवार सुबह एक निर्माणधीन मकान की छत से गिरा सरिये का टुकड़ा एक पांच साल की बच्ची के सिर में जा धंसा था, जिसकी वजह से सोमवार को बच्ची की मौत हो गयी स बच्ची को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया था जहां बच्ची मौत से लड़ रही थी, डॉक्टर्स ने उसे बचाने का हर संभव प्रयास किया पर बच्ची मौत के सामने हार गयी, निर्माणाधीन इमारत के मालिक को पुलिस ने सोमवार शाम गिरफ्तार कर लिया। परिवार का अपनी इकलौती संतान को खोने के बाद रो-रोकर बुरा हाल है। बच्ची अपने पिता और माता के साथ मकान न- ए/३५, गली न-४,जगतपुरी एक्सटेंशन में रहती थी। रविवार सुबह शाहदरा डिस्ट्रिक के जीटीबी एन्क्लेव थानांतर्गत जगतपुरी एक्सटेंशन में बच्ची आंशी पूजा करने के लिए अपने पिता रितेश के साथ मंदिर जा रही थी, तभी एक निर्माणाधीन मकान की छत से एक सरिये का दुकड़ा गिरा जो बच्ची के सिर में जा धंसा, जिसकी वजह से बच्ची वहीं जमीन पर गिर पड़ी और सरिये की वजह से उसकी दांयी आंख बाहर निकल आयी थी, बच्ची के पिता ने अन्य लोगों की मदद से उसे नजदीकी जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया था जहां सोमवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

बताया जा रहा है कि मकान मालिक हादसे के बाद से फरार है जिसे पुलिस खोजने का प्रयास कर रही है, पुलिस ने सम्बंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भारत, ऑस्ट्रेलिया में किया जाएगा स्टार्टअप्स को सपोर्ट

**नई दिल्ली।** एमेजॉन वेब सर्विसेज ने एडब्लूएस स्पेस एक्सेलरेटर: एपीजे प्रोग्राम के लिए ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापान से चयनित 67 स्टार्टअप्स की घोषणा कर दी है। इन स्टार्टअप्स को एडब्लूएस और पार्टनर संस्थानों द्वारा सहयोग प्रदान किया जाएग। यह एक 10 हफ्ते का वर्चुअल प्रोग्राम है, जिसकी शुरुआत 19 सितंबर को हुई थी। यह प्रोग्राम 28 नवंबर तक चलेगा, तथा इसका समापन एक डेमो डे के साथ होगा, जिसमें स्टार्टअप्स स्पेस एजेंसियों, निवेशकों, एडब्लूएस ग्राहकों और स्पेस उद्योग के नेतृत्वकर्ताओं के सामने अपने समाधानों का प्रदर्शन करेंगे। एडब्लूएस में डायरेक्टर, एयरोस्पेस एंड सैटेलाईट बिजनेस, क्लिंट क्रोसियर ने कहा, एपीजे में स्पेस उद्योग अभूतपूर्व वृद्धि कर रहा है। इस क्षेत्र में इनोवेशन आ रहा है।

# यमुना के दोनों तरफ होगी छठ पूजा: सीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घोषणा की है कि आस्था का छठ पर्व इस बार यमुना नदी के दोनों किनारों पर आयोजित किया जाएगा। यमुना के किनारों पर छठ पूजा को लेकर विशेष प्रबंध किए जाएंगे ताकि व्रतधारियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री का यह भी कहना है कि यमुना नदी के अलावा जहां कहीं भी छठ पूजा का आयोजन होगा, सरकार वहां पूरी व्यवस्था की निगरानी करेगी। मुख्मयंत्री के अनुसार आस्था, प्रकृति और भावनाओं से जुड़े इस पर्व को सुरक्षित, स्वच्छ और सुव्यवस्थित ढंग से मनाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है।छठ पर्व की तैयारियों को लेकर आज मुख्यमंत्री ने दिल्ली सचिवालय में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की। बैठक में सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, कपिल मिश्रा, मुख्य सचिव धर्मेंद्र के अलावा संबंधित विभागों के आला अधिकारी उपस्थित थे।

छठ पर्व की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से बातचीत की, जानकारी ली और आवश्यक निर्देश जारी किए। मुख्यमंत्री ने बताया कि नियमों के अनुसार यमुना नदी में विसर्जन की मनाही है और छठ पर्व के अनुष्ठानों में विसर्जन का कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा कि राजधानी में पूर्वांचलवासियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है।

# जीटीबी अस्पताल में मना विश्व हृदय दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विश्व हृदय दिवस के मौके पर जीटीबी अस्पताल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में हृदय से सम्बंधित समस्याओ,कारणो और समाधानों पर विचार रखे गए स ताकि आम लोगो में हृदय रोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके और रोकथाम के उपाय बताए गए ताकि लोग हृदय घात के समय बचाव अपना सकें।

इस कार्यक्रम में स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। विश्व हर्दय दिवस मनाने की कड़ी में सोमवार को जीटीबी अस्पताल एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमे हृदय घात के बढ़ते मामलो को देखते हुए इसके कारणो पर प्रकाश डाला गया और इसके बचाव के उपाय भी बताए गए स जीटीबी अस्पताल में मेडिसिन के प्रोफेसर कुलदीप ने बताया हर्दय से जुडी समस्याओं की मुख्य वजह असंतुलित भोजन,धूम्रपान और निष्क्रिय दिनचर्या है, आजकल के युवा जंक फूड,तला-भुना और उच्च फैट का खाना खाते है, धूम्रपान और शराब का सेवन करते है जो हृदय रोगो का कारण बनता है स हृदय रोगो से बचने के लिए वसा,नमक और चीनी का कम मात्रा में प्रयोग करना चाहिए,शारीरिक गतिविधियां बढ़ानी चाहिए, योगा करना चाहिए,शराब और ध्रूमपान का सेवन करने से बचना चाहिए स कार्यक्रम में डॉ धीरज शाह, डॉ नीरज पंडित, डॉ जी एस रंगा, डॉ अनिल यादव, डॉ प्रवीण कुमार, डॉ अमितेष अग्रवाल, डॉ निशांत रायजदा,डॉ अल्पना और डॉ. श्रुति श्रीवास्तव वक्ता के रूप में उपस्थित थे।




# श्री धार्मिक रामलीला में लंका दहन का मंचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** श्री धार्मिक रामलीला दक्षिणी दिल्ली चिराग श्री धार्मिक रामलीला दक्षिणी दिल्ली के मुख्य संरक्षक राकेश गुलिया ने बताया कि इस बार भी हर वर्ष की तरह भव्य राम लीला का आयोजन किया जा रहा है। संदेश स्वच्छ यमुना सफाई के लिए समाज को मंच के माध्य से सब को जागरूक किया जा रहा है।

आज मंच पर शबरी राम भेंट , हनुमान चालीसा, राम सुग्रीव मित्रता , बाली वध, लंका दहन हुआ । पूर्व निगम पार्षद सुनीता गुलिया, प्रधान आनंद प्रकाश जैन, महामंत्री सुशील प्रकाश गुप्ता, चेयरमैन सोमनाथ मुखर्जी, कोषाध्यक्ष कपिल शर्मा, प्रदीप तेवतिया, सुदन गुप्ता, इंद्रजीत गुलिया ,सुरेन्द्र चौधरी , गौरव विज ,धर्मेंद्र गुलिया, संदीप सैनी,हर्ष गुलिया, वरुण सुदन , विक्रान्त गुलिया, सतीश सोनी,नरेश कुमार और श्री भगवान सोनी कार्यकारिणी सदस्यों सहित मौजूद रहे।

श्री धार्मिक रामलीला दक्षिणी दिल्ली के मुख्य संरक्षक राकेश गुलिया ने बताया कि 30 सितम्बर 2025 रावण अंगद संवाद, लक्ष्मण मेघनाथ युद्ध, लक्षाण मूर्छा होगा इस बार मेघनाथ 80 फीट, कुंभकरण 85 फीट और रावण 90 फीट। पटाखों की जगह इस बार ध्वनि और प्रकाश (विशेष प्रभाव) का उपयोग होगा।




## फूड ऑन ट्रेन के लिए लॉन्च किए नए फीचर्स

**नई दिल्ली।** स्विगी ऑन-डिमांड कन्वीनियंस प्लेटफॉर्म, ने आज अपने 'फूड ऑन ट्रेन' सेवा के लिए कई नए फीचर्स की घोषणा की। त्योहारों के मौसम के अवसर पर, स्विग्गी ने स्मार्ट और अधिक व्यक्तिगत मेन्यू विकल्प लॉन्च किए हैं, जो भारत भर में लाखों ट्रेन यात्रियों के लिए एक रोमांचक नया खानपान अनुभव लेकर आए हैं। त्योहारों के सीजन में लॉन्च किए गए नए फीचर्स पर टिप्पणी करते हुए, स्विगी के वाईस प्रेसीडेंट ख्र फूड स्ट्रैटेजी, कस्टमर एक्सपीरियंस और न्यू इनिशिएटिव्स दीपक मालू ने कहा, "हमने अपने ग्राहकों की इच्छाओं को सुना है, और हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हमने स्मार्ट और अधिक व्यक्तिगत भोजन विकल्प पेश किए हैं, जो हर यात्रा को स्वादिष्ट, सुविधाजनक और वास्तव में खास बनाते हैं।

# जनजातियों के लिए वार्षिक फेस्टिवल 3-4 अक्टूबर को



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में 8वां पूर्वोत्तर छात्र उत्सव ख्र नेस्ट फेस्ट 3 और 3 अक्टूबर को आयोजित होगा। माय होम इंडिया द्वारा आयोजित यह उत्सव राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने वाले सबसे महत्वपूर्ण आयोजनों में से एक बन चुका है। इस साल यह आयोजन और भी खास है, क्योंकि यह माय होम इंडिया की 20 वर्ष की यात्रा का प्रतीक भी है। दो दिवसीय इस उत्सव में 25,000 से अधिक छात्रों और प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। इस साल की थीम "संस्कृति से जलवायु तक: युवा जनादेश" युवाओं को संस्कृति, सशक्तिकरण और पर्यावरणीय चर्चाओं के केंद्र में रखती है। इसमें उद्यमिता, स्थिरता और वर्षा जल संचयन जैसे विषयों पर सत्र होंगे, जबकि सबसे बड़ा आकर्षण भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और लाइव संगीत होगा। इस आयोजन में पूर्वोत्तर के सभी आठ राज्यों के साथ-साथ छत्तीसगढ़, ओडिशा और अन्य राज्यों के सांस्कृतिक प्रदर्शन प्रस्तुत किए जाएंगे। लोक नृत्य, संगीत और रंग-बिरंगी कला शैलियों के माध्यम से भारत की समृद्ध विविधता और सांस्कृतिक गौरव का परिचय कराया जाएगा। दर्शकों को राजधानी के केंद्र में ही इन राज्यों की जीवंतता और ऊर्जा का अनुभव करने का अवसर मिलेगा।इस आयोजन के बारे में माय होम इंडिया के संस्थापक सुनील देवधर ने कहा, -नेस्ट फेस्ट ।नमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परिकल्पित 'जनजातीय गौरव वर्ष' को समर्पित एक गर्वपूर्ण श्रद्धांजलि है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में शैक्षिक भ्रमण का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज द्वारा भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथी भेषजसंहिता आयोग (पीसीआईएम- एच), गाजियाबाद का एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। पीसीआईएम- एच आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन कार्यरत एक राष्ट्रीय स्तर का प्रतिष्ठित संस्थान है।

इसका मुख्य उद्देश्य भारत की पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी एवं होम्योपैथी में उपयोग की जाने वाली औषधियों के मानक. ीकरण, गुणवत्ता नियंत्रण और वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ावा देना है। यह संस्थान औषधीय भेषज संहिताओं का निर्माण कर उन्हें अंतरराष्ट्रीय मानकों से जोड़ता है, जिससे भारत की पारंपरिक औषधियों को वैश्विक पहचान और वैज्ञानिक विश्वसनीयता मिल सके।

यह भ्रमण विशेष रूप से डिप्लोमा इन फार्मेसी के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए आयोजित किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को पारंपरिक औषधियों के मानकों, गुणवत्ता नियंत्रण पद्धतियों, नियामक ढांचे और वैज्ञानिक अनुसंधान प्रक्रियाओं की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। यह अनुभव छात्रों के शैक्षणिक ज्ञान को उद्योग से जोड़ने की दिशा में एक सशक्त कदम रहा।

इस अवसर ने छात्रों को यह समझने का अवसर दिया कि किस प्रकार भेषज संहिताएँ देशभर में उपयोग होने वाली पारंपरिक औषधियों की सुरक्षा, प्रभावकारिता एवं गुणवत्ता को सुनिश्चित करती हैं। इस अवसर पर स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज की निदेशक, डॉ. शालिनी शर्मा ने कुलाधिपति महेन्द्र अग्रवाल, प्रो-चांसलर विमल कुमार शर्मा, प्रो-चांसलर (प्रशासन) एवं सेवानिवृत्त आईजी पुलिस पीयूष श्रीवास्तव, कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार तथा भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथी भेषजसंहिता आयोग के निद. ेशक डॉ. रमन मोहन सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे अनुभव छात्रों को केवल किताबी ज्ञान से परे, वास्तविक कार्यस्थलों और वैज्ञानिक संस्थानों से जोड़ते हैं।

कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार ने इस भ्रमण को एक दूरदर्शी प्रयास बताते हुए कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक यात्राएं विद्यार्थियों के ज्ञान को व्यापक बनाती हैं और उन्हें भारत की पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों की वैज्ञानिकता को समझने का अवसर प्रदान करती हैं।

इस शैक्षणिक भ्रमण को और गरिमा प्रदान करते हुए माननीय कुलाधिपति महेन्द्र अग्रवाल ने भी इस पहल को अत्यंत उपयोगी, प्रासंगिक और प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी का सदैव यह प्रयास रहा है कि छात्रों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें नवाचार, उद्योग आधारित शिक्षा और बहुआयामी विकास के अवसर प्रदान किए जाएं।

# युवक की संदिग्ध मौत, घर में फांसी के फंदे से लटका मिला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** नगर की मलिक नगर कॉलोनी में किराए के मकान में रह रहे एक युवक का शव घर में ही फांसी के फंदे से लटका मिला। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मकान का दरवाजा तोड़कर युवक के शव को फांसी के फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बता दें कि सोमवार की सुबह नगर के मालिक नगर कॉलोनी स्थित एक मकान में युवक का शव घर में ही लटका देख आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। युवक की मौत की सूचना से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते सैकड़ों लोग एकत्र हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मकान का दरवाजा तोड़कर फांसी के फंदे पर लटके युवक के शव को उतारा को जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान घर में मिले कागजों के आधार पर मृतक युवक की पहचान 45 वर्षीय दानिश के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि युवक मकान में किराए पर रह रहा था। मृतक के परिजनों को इसकी सूचना दी गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक ने आत्महत्या क्यों की है अभी इसका कोई पता नहीं लग सका है। वहीं पुलिस मामले को संदिग्ध मान कर जांच कर रही है।

# कौशाम्बी में किया गया विकास कार्यों का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** कोसांबी सेंट्रल पार्क में पार्षद कुसुम गोयल के प्रयासों से नगर निगम द्वारा 32 लाइटें फुटपाथ पर लगाई गई हैं। जिसका शुभारंभ करवा के अध्यक्ष अजीत सिंह एवं प्लॉट एरिया के जनरल सेक्रेटरी चंद्र प्रकाश द्वारा नारियल फोड़ कर किया गया पार्षद द्वारा वरिष्ठ जनों का स्वागत फूल माला पहनाकर किया गया।

इस कार्य को करने के लिए पार्षद द्वारा महापौर सुनीता दयाल जी एवं नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक जी आभार प्रकट किया गया इस अवसर पर पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल द्वारा बताया गया क्षेत्र में निरंतर विकास के कार्य चल रहा है जल्दी ही मुख्यमंत्री ग्रेड योजना के अंदर कौशांबी में कार्य होने वाले हैं बड़ी संख्या में इस अवसर पर क्षेत्र के जागरूक निवासियों द्वारा इस शुभारंभ में भाग लिया गया।

जिसमें प्रमुख रूप से प्लॉट एरिया के अध्यक्ष देवेंद्र भार्गव समाजसेवी सुनील गांधी पप्पू चौपाल से राकेश जकेतिया गौरव वर्मा रवि शर्मा पवन गुप्ता एस आर सिंह शिक्षाविद एवं सामाजिक कार्यकर्ता उर्मिला अरोड़ा सोनम राय ममता निमानी पूनम तिवारी सीमा राखी प्रेम प्रकाश गोगिया राजन मल्होत्रा अमिताभ सिन्हा कमल गुप्ता राकेश मंगल सिंह सजवान एस बी कृष्णा सरदार जसपाल सिंह रवि जुगल अग्रवाल महाराज सिंह योगेंद्र सिंह चंदन कुमार सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

# सीकरी माता मंदिर के सौंदर्यीकरण व पर्यटक स्थल की मांग को किया अनशन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** महामाया मंदिर सीकरी खुर्द के प्रांगण में ग्रामवा. सियों ने कुछ मांगों को लेकर कार्मिक अनशन शुरू कर दिया है कार्मिक अनशन की अध्यक्षता धर्मपाल प्रधान ने की वह संच. ालन राज वर्मा ने किया कार्मिक अनशन पर विनोद कुमार अशोक गिरी राजवीर सिंह दिनेश गुर्जर व इंद्राज सिंह बैठे। पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ बबली गुर्जर ने बताया कि आज से 450 वर्ष पूर्व मंदिर का निर्माण सभी ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों ने मिलकर कराया था तभी से चौत्र महा के नवरात्रों में बहुत बडा मेला लगता चला आ रहा है जिसमें कई प्रदेशों से लाखों श्रद्धालु माँ के दर्शन करने को आते हैं उसी समय से लगातार ग्राम पंचायत मंदिर के निर्माण व सौंदर्यीकरण का विस्तार करती चली आ रही थी कुछ वर्षों पहले एक कमेटी बनाई गई जिसके अध्यक्ष उपजिलाधिकारी मोदीनगर होते हैं भवन के चढ़ावे का पैसा कमेटी के अकाउंट में जमा रहता है।

जो लगभग आज की तारीख में बीस करोड़ रुपया जमा है कई वर्षों से क्षेत्रवासी मांग करते चले आ रहे हैं कि इस पैसे से भवन के लिए जमीन खरीदी जाए। भवन का सौन्दर्यकरण कराया जाये धर्मशालाएं बनाई जाए और श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो उसकी व्यवस्था की जाए जिसको लेकर अनेकों बार तहसील में तत्कालीन उपजिलाधिकारियों को ज्ञापन दिए गए हैं लेकिन कोई कार्रवाई प्रशासन की तरफ से नहीं की गई शीखरी खुर्द निवासी विकल परधान ने बताया कि जब से गांव नगर पालिका में आया है तब से मंदिर के चढ़ावे पर जो पैसा आता है कमेटी के किसी भी सदस्य को ये पता नहीं है कि कितना पैसा आया और कहां गया उसको लेकर कोई पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है सभी ग्रामवासियों की मांग है कि मंदिर के नाम से एक ट्रस्ट बनाया जाए।

जिसमें तहसील व नगरपा. लिका के अधिकारी एवं गांव के संभ्रांत व्यक्तियों को सदस्य बनाया जाए और लगभग बीस करोड़ जो जमा है उस पैसे से भवन के नाम जमीन खरीदी जाए एवं धर्मशालाएं बनाई जाए एवं मन्दिर को सरकार द्वारा जल्द से जल्द पर्यटक स्थल घोषित किया जाये ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द से जल्द हमारी मांग पूरी नहीं हुई तो ये कार्मिक अनसन आमरण अनशन में बदल दिया जाएगा राहुल प्रधान ने कहा कि प्रशासन की तरफ से हर बार बहका दिया जाता है इस बार संघर्ष आर पार का होगा इस मौके पर मुख्य रूप से धर्मपाल प्रधान बुधराम जगदीश सिंह ओ. मिंद्र गुर्जर चाहत राम। जयप्रकाश शर्मा कमल प्रधान राज वर्मा कपिल गुर्जर अनुज कुमार विपिन ठेकेदार नरेंद्र भगत जी सोनू सिंह यशपाल सिंह सुंदर गुर्जर मोनू प्रधान अमित ठेकेदार राहुल कुमार आदि उपस्थित रहे।

# जिला टॉपर छात्रा काजल रानी बनीं खंड विकास अधिकारी, गुलदस्ता भेंट कर किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** मुख्यमंत्री आदित्य नाथ योगी सरकार की महिला शक्ति मिशन योजना के तहत श्री हंस इंटर कॉलेज हाई स्कूल की जिला टॉपर छात्रा काजल रानी को खंड विकास अधिकारी बनाया गया। खंड विकास अधिकारियों छात्रा काजल रानी को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। बता दें कि मुख्यमंत्री आदित्य नाथ योगी की सरकार की महत्वपूर्ण महिला शक्ति मिशन योजना के तहत दिल्ली मेरठ रोड पर गंग नहर के निकट स्थित श्री हंस इंटर कालेज की जिला टापर छात्रा काजल रानी पुत्री पिंटू कुमार को सांकेतिक रूप से एक दिन खंड विकास अधिकारी का पद ग्रहण किया। इस मौके पर श्री हंस इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य विनोद कुमार शर्मा उपिस्थित रहे। इस मौके पर खंड विकास कार्यालय में प्रभारी खंड विकास अधिकारी/ सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी), सहायक विकास अधिकारी (i) व सहायक विकास अधिकारी (कृषि) मौजूद रहे। इस मौके पर वरिष्ठ कार्यालय सहायक द्वारा विकास खंड से संचा. लित योजनाओं की जानकारी दी गई व कार्यप्रणाली को समझाया। इस मौके खंड विकास अधिकारी बनी छात्रा का काजल रानी ने बताया कि खंड विकास के अधिकारियों कार्यप्रणाली की जानकारी दी। तथा संबंधित काग. जात का निरीक्षण किया।

# इंदिरापुरम में कलाकारों ने प्रस्तुति कर दर्शाया भरत व शत्रुघ्न का राम से मिलन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सार्वजनिक रामलीला समिति के तत्वधान में इंदिरापुरम के न्याय खंड 2 में आयोजित की जा रही रामलीला मंचन के पांचवे दिन सर्वप्रथम आरती करके विधिवत रामलीला का शुभारंभ किया गया, इसके उपरांत कलाकारों ने मंच पर अपनी प्रस्तुति के माध्यम से रामभक्तो को दशरथ पुत्र वियोग के बारे में दर्शाया गया, वही इस क्रम में केवट राज मिलन को दिखाया गया साथ ही भरत शत्रुघ्न संवाद के बारे में भी रामभक्तो को जानकारी दी वहीं इस कड़ी में भरत, कैकेयी, मंथरा संवाद को विस्तार रूप से दर्शाया गया। अंत में वनवास के दौरान भगवान श्री राम, लक्ष्मण, माता सीता से मिलने गए भरत एवं शत्रुघ्न के संवाद को दर्शाया गया।

# आईटीएस मोहननगर ने आरपी सिंह को भारतीय क्रिकेट टीम के चयनकर्ता नियुक्त होने पर दी बधाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आईटीएस मोहन नगर के लिए यह गर्व का विषय है कि पूर्व भारतीय क्रिकेटर आर पी सिंह को भारतीय क्रिकेट टीम का चयनकर्ता नियुक्त किया गया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर आई टी एस गाजियाबाद उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ प्रेषित करती है। हमें यह सौभाग्य प्राप्त हुआ था कि आर पी सिंह हमारे संस्थान में पूर्व में आयोजित इंटर-स्कूल क्विज प्रतियोगिता "क्विज व्हिज ख्र 2017" के अवसर पर पधारे थे और अपने अनुभव व विचारों से उन्होंने हमारे विद्यार्थियों को प्रेरित और प्रोत्साहित किया था।

भारतीय क्रिकेट में एक तेज गेंदबाज के रूप में उनका शानदार योगदान रहा है और अब चयनकर्ता के रूप में उनकी नई भूमिका, हमारे विद्यार्थियों एवं युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। आर पी सिंह जी का व्यक्तित्व और उनकी उपलब्धि नई युवा पीढ़ी एवं खेल जगत के लिए एक मिशाल है। हमारी शुभ कामना है कि उनके



नेतृत्व में खेल जगत के लिए और नए गौरवशाली कीर्तिमान स्थापित हो। आईटीएस- द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर पी चड्ढा ने अपनी अपनी प्रसन्नता जाहिर करते हुए श्री सिंह को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। आई टी एस - द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने उन्हें बधाई दी और भारतीय क्रिकेट के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में उनकी सफलता की कामना की है।

# मोदीनगर चेयरमैन विनोद वैशाली से सीएम ने किया सीधा संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** नगर पालिका परिषद मोदीनगर कार्यालय परिसर में आज "विकसित भारत ख्र विक. सित उत्तर प्रदेश /2047" विषय पर बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नगर पालिका परिषद मोदीनगर के चेयरमैन विनोद वैशाली से सीधा संवाद किया।

बैठक में नगर के समग्र विकास से जुड़ी योजनाओं पर चर्चा हुई और महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक में मोदीनगर को औद्योगिक नगरी के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव रखा गया, जिस पर मुख्यमंत्री जी ने सहमति व्यक्त करते हुए विस्तृत प्रस्ताव तैयार

## विकास प्रस्ताव पर मिली सहमति



कर भेजने के लिए कहा। अब तक नगर में हुए विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई तथा आगामी योजनाओं पर मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

मुख्यमंत्री जी ने नगर पालि. का मोदीनगर द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उनके प्रयासों को सराहा।

बैठक में अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र, आर.आई. अंकित चौधरी, सभासद संघर्ष समिति अध्यक्ष वेद प्रकाश चौधरी, ललित त्यागी, सूबे सिंह, लोकेश ढ़ोडी, ललित मित्तल, कृष्ण राज सेन, अर्जुन नेहरा, संजय चौधरी, राहुल राणा, गुलाब सिंह, सोनू कुमार, नीटू चौधरी, मोनू, बलराज सिंह, एस एफ आई अमरीश, अंकित गोयल अधिकारीगण एवं अन्य कर्मचारीगण की सक्रिय सहभागिता रही। अंत में मोदीनगर के समग्र विकास हेतु सामूहिक संकल्प लिया गया।

# एमपीएस पब्लिक स्कूल में नवरात्रि पर्व पर डांडिया कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एमपीएस पब्लिक स्कूल संजय नगर सेक्टर- 23 में नवरात्रि के पावन पर्व पर विद्यालय परिसर में डांडिया कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षकों की भागीदारी रही। सभी ने मिलकर पारम्परिक परिधानों में डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को धार्मिक एवं सांस्कृतिक रंगों से भर दिया। मनमोहक गीतों की धुन पर कदम थिरकाते हुए सभी ने उत्सव का आनन्द लिया। स्कूल के प्रबंधक राजीव त्यागी व प्रधानाचार्य सुनीता जोनसन ने सभी शिक्षकों को नवरात्रि व दशहरे की शुभकामनाएं दी।

# सड़क हादसे में हुई थी किशोर की मौत दो गिरफ्तार

**साहिबाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में किशोर की मौत के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों कार में शराब पी रहे थे। किशोरों ने कार को ओवरटेक किया था और बाइक बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई थी। पुलिस ने कार को भी कब्जे में ले लिया है। किशोर के परिजनों ने उसके दोस्तों पर ही हत्या का आरोप लगाया था। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि कार चालक अकिंत निवासी शाहदरा और उसके साथी दुर्गेश को गिरफ्तार किया गया है। अंकित एक संस्था में कार चालक की नौकरी करता है, जबकि दुर्गेश एक कंपनी में सुरक्षाकर्मी है।

# पीएचसी भोजपुर ने किया महिलाओं का हीमोग्लोबिन टेस्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अन्तर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय, बड़ायला, गावियानाद, में किशोरियों एवं अध्यापिकाओं का हिमोग्लोबिन (HS) को जाँच एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अभियान में पीएचसी भोजपुर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. रवि एवं डॉ. सुशान्ना सिंह, हारमोद यादव, डा० नसरीन माल चुना उपाध्याय, CHO-- पापल शिसोदिया, ANM मोनिका सिंह, आशा-प्रिति, एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य, अध्यापक, स्टाफ नसे सुनीता भरट ने अभियान को सफल बनाने में महत्वपुर्ण -योगदान दिया। इस मौके पर के बी० जागाकता अभियान में योविन कौशिक ने भी अपना योगदान दिया।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल मोदीनगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दशहरा उत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, मोदीनगर में दशहरा उत्सव अत्यंत उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय, नैतिकता, सत्य और आदर्शों का प्रतीक है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और भगवान श्रीराम की आरती के साथ हुआ। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विक्रम गाँधी उनकी माता जी आशा गाँधी, विद्यालय की ट्रस्टी अनीशा गाँधी एवं उनकी माता जी दीपा मलिक उपस्थित रहीं।

दीप प्रज्वलन के पश्चात् विद्यालय की छात्राओं ने आदिशक्ति माँ दुर्गा के नौ रूपों पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया। रंग-बिरंगे परिधानों और भावपूर्ण नृत्य की इस प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों ने अपनी कला के माध्यम से शक्ति और भक्ति की महत्ता का सुंदर



संदेश दिया। विद्यालय के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने रामायण के प्रमुख प्रसंगों को अपने सजीव अभिनय से जीवंत कर दिया। राम-जन्म से लेकर रावण के वध तक की पूरी गाथा को मंचित किया गया, जिसमें राम-रावण युद्ध का दृश्य बेहद भावुक और रोमांचक रहा।

विद्यालय के चेयरमैन, डॉ. विक्रम गांधी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि दशहरा केवल एक धार्मिक पर्व नहीं है, बल्कि यह हमें जीवन में सत्य, नैतिकता और सच्चाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। वहीं, विद्यालय की ट्रस्टी अनीशा गांधी ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा, ष्यह आयोजन बच्चों में संस्कार, अनुशासन और सामाजिक एकता का भाव विकसित करता है। यह पर्व हमें सिखाता है कि सत्य की हमेशा जीत होती है, चाहे परिस्थितियाँ कितनी भी चुनौतीपूर्ण क्यों न हों।

आशा गांधी ने कहा कि ष्इस प्रकार के आयोजन न केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संजोए रखने का काम करते हैं, बल्कि बच्चों को उनकी जड़ों से जोड़ते हुए उनकी रचनात्मकता और आत्मविश्वास को भी बढ़ावा देते हैं। दशहरा का संदेश हमें यह सिखाता है कि हम अपने भीतर की बुराइयों का सामना कर उन्हें पराजित करें और समाज में एकता, प्रेम और सद्भावना का प्रसार करें।ष्कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रावण दहन और डांडिया नृत्य रहा। जैसे ही रावण का विशाल पुतला जलाया गया, पूरा विद्यालय "जय श्री राम" के नारों से गूंज उठा। यह दृश्य न केवल धार्मिक, बल्कि बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक था, जो सभी के लिए प्रेरणादायक साबित हुआ। कार्यक्रम का समापन हनुमान चालीसा के सामूहिक गान और विद्यालय के हेडमास्टर अंकित गलियान के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# प्रॉपर्टी डीलर ऑफिस पर फायरिंग कर 5 करोड़ मांगने वाले 8 धरे

■ मुख्य आरोपी ने खुद को बताया था गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का भाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नरेला इलाके में प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस पर ताबड़तोड़ फायरिंग करके युवक को घायल करने के बाद पांच करोड़ रुपये की जबरन वसूली करने की कोशिश और एक अन्य व्यक्ति को जान से मारने की धमकी देकर पांच करोड़ रुपये मांगने की वारदात में शामिल आठ बदमाशों को नरेला और स्पेशल स्टॉफ की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान दिनेश,हेमंत उर्फ अक्षय,सौरव उर्फ गौरव,राहुल मलिक उर्फ पिस्टल,आशीष त्यागी उर्फ काला,वंश मलिक उर्फ कट्टा उर्फ बाबा,सचिन और संदीप उर्फ सन्नी उर्फ चन्नी के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से तीन बाइक,कई मोबाइल फोन आदि सामान बरामद किया है। पुलिस आरोपियों से उनके बाकी नेटवर्क के बारे में जानकारी लेने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते १४ सितम्बर को नरेला पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर ने बताया कि २ लडके सफेद रंग की अपाची बाइक पर आए और ऑफिस पर फायरिंग करके हरियाणा की तरफ फरार हो गए हैं। पुलिस मेन सफियाबाद रोड के पास जय भवानी बिल्डकॉन पहुंची। जिनको बाइक नंबर भी मिला। पुलिस ने घायल राजेश कौशिक को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। मौके पर से पुलिस को चार कारतूस के खोल बरामद हुए। पुलिस अभी जांच कर ही रही थी। नमस्ते दिल्ली सिंघु बॉर्डर, से सवा चार बजे एक ओर कॉल मिली। कॉलर ने बताया कि मेरे पास कॉल आया है और धमकी दी है ५ करोड़ रुपये दे दो नहीं तो मरने को तैयार रहना है या मैं तेरे को २ दिन का टाइम दे रहा हूं, अगर तू मर गया तो तेरे घर वाले देंगे ये पैसे देने पड़ेंगे। ये कॉल इंटरनेशनल नंबर से मिली। पुलिस ने मामला दर्ज किया। एसीपी राकेश कुमार ओर दिनेश कुमार की देखरेख में एसएचओ राजेन्द्र सिंह और स्पेशल स्टॉफ में तैनात इंस्पेक्टर आनंद कुमार झा के निर्देशन में पुलिस टीम ने वारदात वाली जगह और उसके आने जाने वाले रूट पर लगे दर्जनों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। ह्यूमेन सॉर्स की सहायता ली और बदमाशों की बाइक नंबर प्लेट की जांच की।

पुख्ता जानकारी के बाद गोकुल. पुर इलाके में घेराबंदी करके दिनेश, सौरव और हेमंत उर्फ अक्षय को गिरफ्तार किया। जिन्होंने मेन सफियाबाद रोड के पास अपाचे बाइक पर आए और पिस्तौल से गोलियां चलाई थी। उनसे पूछताछ करने पर आशीष त्यागी उर्फ काला, वंश मलिक और राहुल उर्फ पिस्टल को गिरफ्तार किया गया, जिन्होंने उपरोक्त आरोपियों को बाइक और हथियारों से मदद की थी। जबकि संदीप उर्फ सन्नी उर्फ चानी और संदीप को गिरफ्तार किया, जिन्होंने सह-आरोपियों की आर्थिक मदद की थी।

पूछताछ करने पर आरोपियों से पता चला कि पूरी साजिश जोरा नामक व्यक्ति ने रची थी, जो कथित तौर पर खुद को लॉरेंस बिश्नोई का भाई बताता है। राहुल उर्फ पिस्तौल के माध्यम से जोरा के संपर्क में आए। राहुल पिस्तौल ने दिनेश और उसके साथियों को लाखों रुपये की पेशकश की और कहा कि उन्हें एक कार्यालय के सामने गोलियां चलानी हैं। बाद में राहुल उर्फ पिस्तौल उन्हें बहादुरगढ़ हरियाणा के पास एक होटल में ले गया, जहां मास्टर माइंड जोरा के कहने पर आरोपियों द्वारा सिग्नल ऐप डाउनलोड किया गया और सिग्नल ऐप के माध्यम से पूरा ऑपरेशन संचा. लित किया गया। राहुल उर्फ पिस्तौल ने उनके लिए नए कपड़े खरीदे और उसके बाद जोरा के निर्देश पर आरोपी दिनेश, सौरव और हेमंत उर्फ अक्षय को पानीपत बस स्टैंड के पास एक होटल में ठहरने के लिए कहा गया। वारदात वाले दिन सह-आरोपी आशीष त्यागी उर्फ काला ने आरोपी कुणाल त्यागी के साथ मिलकर अनुरोध त्यागी उर्फ मोनू के कहने पर आरोपी दिनेश, सौरव और हेमंत को एक अपाचे बाइक और हेलमेट दिए, जिनका इस्तेमाल उन्होंने अपराध के समय किया था। उसी दिन बाद में आशीष त्यागी और कुणाल त्यागी अपनी जावा बाइक पर सोनीपत के जिंदल विश्वविद्यालय के पास एक अंडरपास के पास आए और उन्हें तीन पिस्तौल दिए।

# सोने के गहने उतरवाकर कागज की गड्डी थमा दी, नाबालिग पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विजय विहार इलाके में दिनदहाड़े एक व्यक्ति से सोने के गहने लेकर उनको दो लाख रुपये के बदले कागज की गड्डी थमाने वाले गैंग के नाबालिग को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस नाबालिग से उसके बाकी साथियों के बारे में जानकारी लेकर उनको भी पकडने की कोशिश कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते बुधवार को विजय विहार पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली। कॉलर ने बताया कि वह निजी काम से बुध विहार मार्केट गई थी। कुमार सूट शॉप के पास पहुँचने पर, लगभग २० वर्षीय एक अज्ञात लडके ने उससे संपर्क किया। उसने उसके पहने हुए सोने के आभूषणों के बदले उसे २ लाख रुपये की पेशकश की। इसी बीच, एक और लडका और एक लडकी भी वहाँ पहुँच गए और उससे बातचीत करने लगे। इस बातचीत के दौरान, उसने अपना सोने का लॉकेट (३ ग्राम) और झुमके (६ ग्राम) उन्हें दे दिए। बदले में, उन्होंने उसे कपड़े में लिपटे २ लाख रुपये के नोटों का एक बंडल दिया। बंडल सौंपते ही, तीनों व्यक्ति मौके से फरार हो गए। बंडल की जाँच करने पर उसमें नोटों के रूप में मुड़े हुए कागज थे। पुलिस ने मामला दर्ज किया। एसीपी अतुल सूद की देखरेख में एसएचओ मनोहर लाल के निर्देशन में पुलिस टीम ने वारदात वाली जगह के आसपास लगे दर्जनों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली। एक पुख्ता जानकारी के बाद सुल्तानपुरी स्थित एक पार्क से कंझावला के रहने वाले १६ साल के नाबालिग को पकड़ा।

## दिल्ली पुलिस ने आयोजित किया मेगा ड्रग्स डेस्ट्रक्शन कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** २०२७ तक नशा मुक्त दिल्ली के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के अपने दृढ़ संकल्प के अनुरूप दिल्ली पुलिस ने बायोटिक वेस्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, एसएसआई औद्योगिक क्षेत्र, जीटी करनाल रोड में मेगा ड्रग्स डेस्ट्रक्शन कार्यक्रम आयोजित किया।

# मदरसों के छात्रों को करनी चाहिए लगन से पढ़ाई: मुफ्ती एहसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पैगंबर मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) से प्रेम करने का अर्थ है उनके बताए मार्ग पर चलना। शरीयत ने भी हर मुसलमान को परिस्थितियों और समय के अनुसार समझदारी और विवेक से काम लेने का निर्देश दिया है। मदरसों के छात्रों को पैगंबर साहब के आदर्शों का व्यावहारिक उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए - ये विचार दारुल उलूम देवबंद वक्फ के शिक्षक हदीस मुफ्ती एहसान कासमी ने मदरसा खुलाफा-ए-राशिदन के मदनी हॉल में आयोजित प्रार्थना कार्यक्रम में व्यक्त किए।



इस प्रार्थना कार्यक्रम में मदरसा के नाजिम कारी हकीम अल्ताफ हुसैन साहब, नवीद साहब, मौलाना जाकिर हुसैन, कारी मोइनुद्दीन गुजराती, कारी रफीक, कारी हफीजुद्दीन, हाफिज मुहम्मद जुबैर रशीदी, कारी मुहम्मद मुस्तफा, कारी सज्जाद अहमद, कारी मुहम्मद सऊद उस्ताद, कारी जमशेद हाफिज अरमान, समाजसेवी भाई तनवीर और मदरसों व मस्जिदों के इमाम, शिक्षकगण और स्थानीय प्रिय छात्रों के अभिभावक शामिल हुए।




**प्रधानमंत्री दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्मित निजी कार्यालय पार्टी के लोकार्पण अवसर पर साथ में हैं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, मुख्य मंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा आदि।**

# प्रधानमंत्री ने प्रदेश भाजपा के नवनिर्मित निजी कार्यालय का किया लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर आयोजित एक समारोह में दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्मित निजी कार्यालय का पार्टी कार्यों में उपयोग के लिए लोकार्पण किया।

समारोह में प्रधान मंत्री के साथ मंचासीन रहे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, दिल्ली की मुख्य मंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, दिल्ली भाजपा की सह प्रभारी डा. अल्का गुर्जर, केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, सांसद , दिल्ली सरकार के मंत्री ,महापौर, एन.डी.एम.सी. उपाध्यक्ष एवं प्रदेश महामंत्री आदि शामिल हुए आज ही प्रात: राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष एवं वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिती में प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने सपत्नीक नये भवन में प्रवेश पूर्व हवन पूजन किया।भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने ९ जून २०२३ को इस नवनिर्मित भवन का शिलान्यास किया था।

२९ सितम्बर २०२५ को शारदीय नवरात्र के बीच प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में लोकार्पण किया।दिल्ली में जनसंघ काल हो या वर्तमान भाजपा की लगभग ४५ वर्ष की यात्रा भाजपा कार्यकर्ताओं को हमेशा पार्टी के पास निजी कार्यालय ना होना कुचेटता था और आज प्रधान मंत्री द्वारा लोकार्पण ने यह कमी भी पूरी कर दी।समारोह के मंच से प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कार्यालय लोकार्पण ने जहां समारोह स्थल से बाहर दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर उपस्थित कार्यकर्ताओं के उत्साह को दुगना कर डाला।

समारोह मंच के सामने बैठे लगभग २५० ऐसे बुजुर्ग एवं वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं जिनमे से अनेक ने जनसंघ काल से या १९८० में भाजपा स्थापना वर्ष से पार्टी को नेतृत्व दिया के लिए यह निजी संगठन कार्यालय भवन लोकार्पण समारोह एक भावुकता भरा पल था। अनेक बुजुर्ग एवं वरिष्ठ नेताओं की आंख में आंसू छलकते दिखे।

## डीयू के इंस्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंस छात्रावास ब्लॉक का हुआ भूमि पूजन

**नई दिल्ली।** डीयू के इंस्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंस के ढाका परिसर में बनने वाले छात्रावास सह आवासीय ब्लॉक का भूमि पूजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह मुख्य अतिथि रहे जबकि एनबीसीसी के सीएमडी के.पी. महादेवस्वामी विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि इस आत्याधुनिक इमारत के निर्माण से दिल्ली विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को आधुनिक आवासीय सुविधाएं मिलेंगी।कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने बताया कि ३३२.८३ करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से बनने वाले इस प्रोजेक्ट में १४३६ विद्यार्थियों के लिए आवासीय सुविधा उपलब्ध होगी।

# चैतन्यानंद ने लगवाए थे बाथरूम में भी सीसीटीवी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के वसंत कुंज में श्रीशारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट रिसर्च में १७ छात्राओं से यौन शोषण के आरोपी स्वयंभू बाबा चौतन्यानंद के खिलाफ अब तक पांच एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं। इनमें से एक २००९ की और दूसरी एफआईआर २०१६ की है। तीसरी एफआईआर मठ में धोखाधड़ी, चौथी छात्राओं के साथ छेड़छाड़ और पांचवीं फर्जी राजदूत की नंबर प्लेट की है। चौतन्यानंद लाल गाड़ी में बार-बार नंबर प्लेट बदलता रहता था। सभी प्लेट पर यूएन लिखा रहता है, बस डिजिट बदल दी जाती थी। पुलिस के अनुसार, अब तक १६ छात्राएं मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज करा चुकी हैं। पटियाला हाउस कोर्ट में अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि चौतन्यानंद ने कई छात्राओं के साथ छेड़छाड़ की और उनका यौन शोषण किया। पीड़िताओं के बयान आरोपों की पुष्टि करते हैं। आरोपी ने ने पीड़ितों को धमकाया भी था। उसने बाथरूम में भी सीसीटीवी लगवाए।

१६ लड़कियों ने बयान दर्ज कराए हैं, जबकि कई अन्य आरोपों की जांच की जानी है। एक शिकायतकर्ता के वकील ने कहा, वह जांच में सहयोग नहीं कर रहा। उसने आईपैड व आईक्लाउड के पासवर्ड नहीं दिए हैं। आरोपी ने आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं को निशाना बनाया, जो स्कॉलरशिप पर पढ़ रही थीं। ३२ छात्राओं की काउंसलिंग हुई, जिनमें से १७ ने यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई। चौतन्यानंद सरस्वती मुकदमा दर्ज होने के बाद फरारी काटने के लिए सस्ते होटलों में ठहरता था, ताकि पुलिस उस तक न पहुंच सके। करोड़ों की संपत्ति का मालिक यह बाबा शुरुआती जांच में पुलिस को कोई सहयोग नहीं कर रहा था। हर सवाल का जवाब ना में देने पर पुलिस सच जानने के लिए दूसरा रास्ता भी अख्तियार कर सकती है। आरोपी को रविवार तड़के आगरा से गिरफ्तार किया गया।

साउथ-वेस्ट जिले के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि चौतन्यानंद के पास से एक आईपैड और तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। इनमें से एक फोन में परिसर और छात्रावास के सीसीटीवी फुटेज मिले हैं, जिनके जरिये वह छात्राओं की गतिविधियों पर नजर रखता था। इस हाई-प्रोफाइल मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों ने खुलासा किया कि चौतन्यानंद और उसके सहयोगी प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से निकटता का झूठा दावा करते थे। आरोप है कि उसके सहयोगियों ने कई लोगों को फोन कर पीएमओ से संबंध होने की बात कही। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी वृंदावन, मथुरा और आगरा के होटलों में लगातार ठिकाना बदलता रहा और टैक्सियों का इस्तेमाल करता रहा। पुलिस के अनुसार, आरोपी के कमरे में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और भारत के प्रधानमंत्रियों के साथ उसकी फोटो लगी मिली है। प्राथमिक जांच में पता चला है कि ये तस्वीरें एआई से बनाई गई हैं।

## विकसित भारत–2047 का संकल्प युवाओं की भागीदारी से होगा साकार: रविन्द्र इन्द्राज

**नई दिल्ली।** सेवा पखवाड़ा के अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के अदिति कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का विकसित भारत-2047 का विजन केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि १४० करोड़ देशवासियों का सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में दिल्ली सरकार, वंचितों और दिव्यांगों के सशक्ति करण और जनसहयोग से विकसित दिल्ली का संकल्प पूरा करेगी। कैबिनेट मंत्री ने इस अवसर पर रक्त दान करने वाली छात्राओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि रक्त दान सबसे बड़ा मानव सेवा का कार्य है।

# मुख्यमंत्री ने विशेष समिति का किया गठन

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार पहली बार दिल्ली राज्य (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली) का अपना आधिकारिक लोगो तैयार कर रही है। यह लोगो दिल्ली की विशिष्ट पहचान, गौरवशाली इतिहास, संस्कृति, विकास और जनता की आकांक्षाओं का प्रतीक होगा। इसको लेकर लगातार कवायद जारी है। लोगो को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अब एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। मुख्यमंत्री ने इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि हमारी सरकार ने लोगो के डिजाइन व उसके चयन को लेकर विशेष प्रावधान किया था। इसके लिए माईजीआ`वीडॉटइन पोर्टल पर लोगो डिजाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी प्रविष्टियां जमा करने की अंतिम तिथि २६ सितंबर निर्धारित की गई थी। पोर्टल पर पूरे देश से कुल १८०० प्रविष्टियां/डिजाइन प्राप्त हो चुके हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार प्राप्त प्रविष्टियों का मूल्यांकन करने और उनमें से चयन/शॉर्टलिस्टिंग के लिए सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समिति गठित का गठन किया गया है।

**सूचना नीलामी**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना सेक्टर 126 नोएडा कमिश्नरेट गौतम बुध नगर में एमवी एक्ट लावारिस, में दाखिल दो पहिया में चार पहिया वाहनों की नीलामी दिनांक 30 सितंबर 2025 को होनी निश्चित हुई है। नीलामी में इच्छुक प्रतिभागी सिक्योरिटी जमा कराते हुए दिनांक 30.09.2025 को प्रात: 10 बजे थाना परिसर में उपस्थित होकर नीलामी की प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते हैं।

प्रभारी निरीक्षक
थाना सेक्टर 126, नोएडा
कमिश्नरेट गौतम बुध नगर

# ऑल इंडिया कौमी तंजीम के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** समाजसेवी संस्था ऑल इंडिया कौमी तंजीम के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन तंजीम के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद तारीक अनवर ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोग भी

उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में तंजीम के फाउंडर मेंबर प्रोफेसर अखघ्तरुल वासे, नेशनल जनरल सेक्रेटरी मोहम्मद हिदायतुल्लाह, नेशनल सेक्रेटरी इमरान आलम एडवोकेट मुख्य रूप से मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त फिरोज सिद्दीकी, ताहिर सिद्दीकी, डॉ. मुश्ताक अंसारी, जावेद रहमानी, सलीम अंसारी, जाहिद हुसैन समेत कई गणमान्य शख्सियतें भी कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस अवसर पर अपने संबोधन में सांसद तारिक अनवर ने कहा कि ऑल इंडिया कौमी तंजीम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में, जब पूरे देश में नफरत का माहौल फैलाने की कोशिशें हो रही हैं, ऐसे समय में सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारे की सखघ्त जरूरत है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र सरकार और कुछ राज्य सरकारें भी जनता को धर्म, जाति और संप्रदाय के नाम पर विभाजित करने वाली ताकतों को समर्थन दे रही हैं, जो देश के हित में नहीं है। तारीक अनवर ने देशभर में "आई लव मोहम्मद" के नाम पर चल रहे विवाद पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी।

## पोषण को बढ़ावा देने को रॉबिनहुड आर्मी के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली।** बेक्ड फूड कंपनी ग्रुपो बिंबो के भाग और दिल्ली-एनसीआर के नंबर १ ब्रेड ब्राण्ड हार्वेस्ट गोल्ड ने आज अपनी सालाना 'हार्वेस्ट गोल्ड ग्लोबल रेस ' का सफल आयोजन किया, और 10वें ग्लोबल संस्करण के साथ उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इस अवसर पर राज कंवर सिंह, मैनेजिंग डायरेक्टर, बिंबो बेकरीज इंडिया ने कहा, ''हार्वेस्ट गोल्ड ग्लोबल रेस अपने १०वें संस्करण में एक बार फिर से साबित कर चुकी है कि यह महज एक दौड़ नहीं है बल्कि यह प्रयोजन का एक वैश्विक जश्न है, इस साल, ग्लोबल रेस ने ३० देशों से १.६ लाख से अधिक प्रतिभागियों को आकर्षित किया, जिससे वैश्विक स्तर पर एक सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

# ड्रग्स कार्टेल का भंडाफोड़, तीन पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच के एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय एक बड़े ड्रग्स कार्टेल का भंडाफोड़ कर तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस का दावा है कि इनके कब्जे से करीब एक करोड़ रुपये मूल्य के ३२ ग्राम मेथमफेटामाइन और सात ग्राम एमडीएमए (टैबलेट) बरामद की गई है।

डीसीपी क्राइम ब्रांच संजीव कुमार यादव के मुताबिक कुछ दिन पहले क्राइम ब्रांच को वसंत कुंज स्थित गांव मसूदपुर में मादक पदार्थों की खेप आने के बारे में सूचना मिली।

त्वरित कार्रवाई करते हुए, एसीपी राज कुमार व इंस्पेक्टर प्रवीण राठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गांव मसूदपुर से दो आरोपी तजिंदरपाल सिंह उर्फ हैप्पी और विक्रम सिंह भदौरिया को २४ ग्राम मेथमफेटामाइन के साथ गिरफ्तार किया। दोनों से पूछताछ के बाद कुंदन सिंह बिष्ट को भी वसंत कुंज, से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके कब्जे से आठ ग्राम मेथमफेटामाइन और सात ग्राम एमडीएमए गोलियां बरामद की गईं।

इनमें तजिंदरपाल सिंह ने इंजी. नियरिंग में डिप्लोमा किया है और २०१४ में मलेशिया में काम किया था। कोरोना महामारी के बाद २०२२ में भारत लौटने पर, वह अपने पूर्व मर्चेंट नेवी सहयोगी सुरजीत उर्फ जीता के साथ फिर से जुड़ गया, जो मेथमफेटामाइन के अवैध व्यापार में शामिल था।

चंडीगढ़ में एक मादक पदार्थ मामले में सुरजीत की गिरफ्तारी के बाद, आरोपी ने विक्रम सिंह भदौरिया के साथ मिलकर दिल्ली में ड्रग्स की आपूर्ति शुरू कर दी। मध्य प्रदेश के ग्वालियर के आदर्श पुरम स्थित राम नगर का रहने वाला विक्रम सिंह भदौरिया बीएससी स्नातक है, वर्तमान में वह दिल्ली में कैब ड्राइवर का काम करता था।

वह २०१६ में तजिंदरपाल सिंह और सुरजीत उर्फ जीता के संपर्क में आया था। कोरोना महामारी के बाद वह वापस दिल्ली आ गया और फिर से उनके साथ जुड़ कर मेथमफेटामाइन की अवैध आपूर्ति करना शुरू कर दिया। उत्तराखंड, देहरादून के नीम करोली नगर का रहने कुंदन सिंह बिष्ट बीए स्नातक और होटल प्रबंधन में डिप्लोमा कर रखा है। उसने पहले दिल्ली भर के विभिन्न क्लबों में प्रबंधक के रूप में काम किया।

**महत्वपूर्ण सूचना**

**दो नई अमृत भारत रेल सेवाओं का शुभारम्भ**

**रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा छपरा जं. – आनन्द विहार (ट.) एवं दरभंगा जं. – मदार जं. के बीच दो नई अमृत भारत एक्सप्रेस रेल सेवाएँ शुरू करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–**

**रेलगाड़ी संख्या 05133 छपरा जं. – आनन्द विहार (ट.) अमृत भारत एक्सप्रेस उद्घाटन विशेष ट्रेन**

| स्टेशन | रेलगाड़ी संख्या: 05133 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| छपरा जं. | - | 11:00 |
| बाराबंकी जं. | 20:00 | 20:05 |
| आनंद विहार (ट.) | 08:00 | – |

चलने का दिन: 05133 छपरा जं. से दिनांक 29.09.2025 (सोमवार) को

ठहराव: सीवान, थावे, तमकुही रोड, पडरौना, कप्तानगंज जं., गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, मनकापुर जं., गोंडा जं., बाराबंकी जं., बादशाहनगर, ऐशबाग, क[illegible]न।

19/2 add

**रेलगाड़ी संख्या [illegible] मदार जं. अमृत भारत एक्सप्रेस उद्घाटन विशेष ट्रेन**

| स्टेशन | रेलगाड़ी संख्या: 05587 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| दरभंगा जं. | -- | 11:00 |
| बाराबंकी जं. | 00:30 | 00:35 |
| मदार जं. | 18:30 | -- |

चलने का दिन: 05587 दरभंगा से दिनांक 29.09.2025 (सोमवार) को

ठहराव: कमतौल, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी, बैरगनिया, रक्सौल जं., सिकटा, नरकटियागंज जं., बगहा, सिसवा बाजार, कप्तानगंज जं., गोरखपुर जं., बस्ती, मनकापुर जं., गोंडा जं., बाराबंकी जं.,गोमती नगर, बादशाहनगर, ऐशबाग, उन्नाव जं., कानपुर सेंट्रल, फफूंद, इटावा जं., टूण्डला जं., ईदगाह जं., भरतपुर जं, मण्डावर एम रोड, बाँदीकुई जं., गांधीनगर जयपुर, जयपुर जं. एवं किशनगढ़ स्टेशन।

**रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App. देखें**

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
3009/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## विजन्स अनवील्ड: लिमिनल स्पेसेस सामूहिक प्रदर्शिनी आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** विजन्स अनवील्ड: हैप्पी स्ट्रोक्स द्वारा आयोजित और मिलिन संघा गुजराल द्वारा तैयार (क्यूरेट) की गई सामूहिक प्रदर्शन (ग्रुप शो) शलिमिनल स्पेसेजश में लगभग 25 कलाकार शामिल हैं। विजन्स अनवील्ड को गर्व है कि इस वर्ष कैमल उनका सहयोगी भागीदार है, जो कला, उपचार और समुदाय को एक साथ लाने के मिशन का समर्थन करता है।क्यूरेटर मिलिन संघा गुजराल कहती हैं कि, मेरे अपने जीवन में ऐसे ही एक बदलाव संक्रमण से एक प्रदर्शनी का जन्म हुआ। किसी दु:ख/वियोग/क्षति के बाद, मैंने पाया कि दु:ख अपने आप में एक सीमांत स्थान (लिमिनल स्पेस) है जहाँ आशा और दृढ़ता के साथ-साथ यादें/स्मृतियाँ और इच्छाएं/लालसाएँ भी बहुत परेशान करती हैं। इसलिए, शलिमिनल स्पेसेजश केवल एक प्रदर्शनी ही नहीं, बल्कि मेरे पति, स्वर्गीय करण गुजराल के प्रति प्रेम की एक निजी अभिव्यक्ति है।

# बंगाल के जात्रा रंगमंच को देखने उमड़ी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आरामबाग में दुर्गा पूजा हमेशा से ही एक उत्सुकता का भाव लिए हुए है। लोग न केवल प्रार्थना के लिए, बल्कि स्वाद, संगीत, हास्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के उत्सव के लिए भी आते हैं, जो मिलकर इस उत्सव की धड़कन को परिभाषित करते हैं।

महासप्तमी पूजा का बड़े धूमधाम से हुआ एवं आज सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी और पूजा अर्चना की। दिनभर ढाक ढोल बजने के साथ ही नृत्य भी होता रहा एवं दिन माँ का भोग लगाया गया उसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया।

इस साल कलाकार पंकज देव और शुभात्रो सान्याल द्वारा की गई विस्तृत सजावट, मूर्ति को ढ़ालती है, ढाकियाँ भक्ति की लय का संकेत देती हैं, और खाने-पीने के स्टॉल बंगाली व्यंजनों से सजे हैं। परिवार बिरयानी, मंगशो के साथ लूची, घुघनी, चॉप और तरह-तरह की मिठाइयों के लिए कतारों में खड़े हैं। मेले जैसा माहौल खिलौनों की दुकानों और लाइटों के बीच बच्चों की दौड़-भाग तक फैला हुआ है, जबकि बड़े-बुजुर्ग पाँच दिनों की पूजा के अनुष्ठानों के लिए पंडाल में इकट्ठा होते हैं। पिछले कुछ वर्षों में, आरामबाग दिल्ली-एनसीआर के सबसे ज्यादा देखे जाने वाले पूजा स्थलों में से एक बन गया है, जो लाखों पर्यटकों को अपनी भक्ति , संस्कृति और उत्सव के अनोखे मिश्रण के लिए आकर्षित करता है। आरामबाग पूजा समिति के अध्यक्ष अभिजीत बोस ने कहा, ष्यहाँ दुर्गा पूजा हमेशा से श्रद्धा और आनंद का संगम रही है।



## डूसू के पूर्व अध्यक्ष रौनक खत्री को मिली धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के पूर्व अध्यक्ष रौनक खत्री को सोमवार को इंटरनेशनल फोन नंबर से वाट्सएप चौट के जरिए पांच करोड़ रुपये की जबरन वसूली के लिये फोन आया। नहीं देने पर गोली मारने तक की धमकी दी गई। धमकी देने वाले ने खुद को गैंगस्टर रोहित गोदारा बताया। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त को मेल के जरिये शिकायतकर्ता रौनक खत्री ने मामले की जानकारी दी। खत्री का कहना है कि उसके घर पर पीसीआर तैनात की जाए और उसको सुरक्षा दी जाए। जिससे मेरी और मेरे परिवार की जान बच सके। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हमें दोपहर दो बजकर ५२ मिनट पर मेल के माध्यम से रौनक खत्री से जबरन वसूली की शिकायत प्राप्त हुई है, आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के मुता. बिक शिकायतकर्ता रौनक खत्री ने पुलिस उपायुक्त को भेजी शिकायत में बताया कि उनको १२ बजकर ४४ मिनट पर इंटरनेशनल नंबर से एक कॉल आई। कॉलर ने खुद को रोहित गोदारा का सदस्य बताया। बोला तेरी नेतागीरी अब खत्म हुई। तू हमारा फोन कब तक नहीं उठाएगा, हमारी बात का जवाब अब गोली ही देगी।

# बीमा क्लेम के लिए माता-पिता व पत्नी की हत्या, दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हापुड़ में बीमा क्लेम के लिए अपने माता-पिता और पत्नी की हत्या करने वाले एक आरोपी बेटे सहित उसके साथी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने अपने एक साथी के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से बीमा क्लेम के करोड़ों रूपये के लालच में पहले मां और फिर पिता फिर पत्नी का कत्ल कराया और इस दुर्घटना का रूप दे दिया। बीमा कंपनी की शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार हापुड़ निवासी मृतक मुकेश सिंघल का कई बीमा कंपनियों से करीब 50 करोड़ रूपये का बीमा था। मुकेश सिंघल की मौत 27 मार्च 2024 को मेरठ के आनंद अस्पताल में हुई। मुकेश सिंघल की मौत को गंगा स्नान से लौटते समय वाहन की चपेट में आने से दुर्घटना होना बताया गया। बीमा कंपनी निवा भूपा हेल्थ इंश्योरेंस ने जब 50 करोड़ का भारी भरकम क्लेम देने से पहले जांच की तो मामला संदिग्ध पाया गया। कई कंपनियां पहले ही क्लेम का कुछ पैसा दे चुकी थी। बीमा कंपनी को सबसे बड़ा संदेश जब पैदा हुआ जब सड़क दुर्घटना में बताई गई चोटे और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दर्ज चोटे आपस में मेल नहीं खाती थी। इसी विसंगती के कारण बीमा कंपनी को साजिश का शक हुआ। बीमा कंपनी ने विशाल कुमार पर पहले भी इसी तरह की साजिश रचने का आरोप लगाया। 21 जून 2017 को विशाल की मां प्रभा देवी की पिलखुवा में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। उस समय प्रभा देवी विशाल के साथ बाइक पर थीं। एक अज्ञात वाहन से टक्कर दिखाकर उन्हें सरस्वती मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था और इस मामले में विशाल को करीब 80 लाख रुपये का बीमा क्लेम मिला था। वहीं, पत्नी की मौत के बाद भी विशाल को 30 लाख रुपये की बीमा राशि मिली थी। निवा भूपा हेल्थ इंश्योरेंस के प्रतिनिधि संजय कुमार की तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने पूरे मामले की गहनता से जांच की। पुलिस की जाँच आगे बढ़ी तो पता चला कि आरोपी विशाल को अब तक विभिन्न कंपनियों से करीब एक करोड़ रुपये का बीमा क्लेम मिल चुका है। एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि मृतक के नाम पर करीब 50 करोड़ रुपये की बीमा पॉलिसी थी, जबकि उनकी आय इससे काफी कम थी। जांच में यह भी संदेह जताया गया कि दुर्घटनाएं जानबूझकर कराई गईं या फिर हत्या को दुर्घटना का रूप दिया गया। बीमा कंपनियों ने आरोप लगाया है कि विशाल ने अपने पिता के नाम पर पॉलिसी लेने के लिए फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड और बैंक खातों का इस्तेमाल किया। संबंधित मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी विशाल कुमार पुत्र स्वर्गीय मुकेश चन्द सिंघल निवासी गंगानगर मवाना रोड थाना गंगानगर जनपद मेरठ और सतीश कुमार पुत्र रतन लाल निवासी पुरानी मोहनपुरी थाना सिविल लाईन जनपद मेरठ को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है।



# पिलखुवा बनेगा प्रदेश की अग्रणी नगर पालिका: विभु बंसल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** नगर पालिका परिषद पिलखुवा में सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उत्तर प्रदेश 2047 समृद्धि का शताब्दी पर्व महाअभियान विषय पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वर्चुअल संवाद आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विभिन्न नगरों से जुड़े प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए आगामी 25 वर्षों में उत्तर प्रदेश को विकसित भारत का अग्रणी राज्य बनाने हेतु नीतियों और योजनाओं की रूपरेखा साझा की।

इस अवसर पर नगर पालिका सभासद शिवकुमार शर्मा, नरेश भारती, अजय कुमार, डा. राजेश कुमार, सत्तार, सचिन पुंडीर, पवन चौधरी, यादराम कोरी, नफीस, जहीरूद्दीन सहित अन्य सभासद एवं नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। पालिकाध्यक्ष विभु बंसल ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश 2047 का महाअभियान राज्य के सर्वांगीण विकास का संकल्प है। पिलखुवा नगर पालिका इस अभियान को जनसहभागिता से सफल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। स्वच्छता, आधारभूत संरचना, जल संरक्षण, हरियाली और डिजिटल सेवाओं को सशक्त करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लक्ष्य है आने वाले वर्षों में पिलखुवा को प्रदेश की अग्रणी नगर पालिक. ाओं में शामिल करना।

# एसपी ने खेत खलिहानों में जाकर महिलाओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** महिलाओं एवं बच्चियों के साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम व महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत सोमवार को एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह द्वारा थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव बछलौता के खेत खलिहानों में जाकर वहां काम कर रहीं महिलाओं में आत्मविश्वास की भावना पैदा करने के उद्देश्य से महिलाओं को जागरूक किया गया और सुरक्षा जागरूकता के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारियां, जैसे महिला सुरक्षा केंद्र, एंटी रोमियों स्क्वायड, यूपी-112, वूमेन पावर लाइन 1090 व साइबर अपराध और आत्मरक्षा सम्बन्धी आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया। एसपी ने खेत खलिहानों में मौजूद महिलाओं को उनके अधिकार बताए। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने खेत-खलिहानों में जाकर महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया। महिलाओं एवं बच्चियों के बीच पंफ्लेट वितरित कर उनको विभन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1076, 1090, 1930, 102, 108, 1098, 181, 112 आदि की जानकारी दी। इमरजेंसी कॉल/पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने के लिए डेमो दिखाया गया। कल्याणकारी योजनाओं सुरक्षित मातृत्व योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के बारे में भी बताया।



इस दौरान बाबूगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप समेत कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# कार्तिक पूर्णिमा मेले की तैयारियों को लेकर की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी कार्तिक पूर्णिमा मेले को सकुशल और सौहार्दपूर्ण संपन्न कराने के उद्देश्य से एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विधायक गढ़मुक्तेश्वर हरेंद्र तेवतिया, जिला. धिकारी अभिषेक पांडेय, पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह और सांसद प्रतिनिधि व अन्य जनप्रति. निधियों ने की। जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने मेले की व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।



जिलाधिकारी ने अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को निर्देशित किया गया कि इस बार मेले में सेक्टरवार अस्थाई शौचालयों का निर्माण और हैंडपंपों की संख्या अधिक से अधिक होनी चाहिए। निर्मित हो रहे अस्थाई शौचालयों के पास पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। मेले क्षेत्र में जिस भी भूमि का अधिग्रहण किया जाए, उसकी दर सूची सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित होनी चाहिए। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने मेले में सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। शराब पर प्रतिबंध लगाने हेतु आबकारी विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जाएगा। मेले क्षेत्र में लगने वाले कैंपों की निरंतर पुलिस द्वारा चेकिंग की जाएगी। उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए, सभी संगठन वाहनों तथा बैनरों पर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग मेले में नहीं करेंगे। विधायक गढ़मुक्तेश्वर हरेंद्र तेवतिया ने सभी उपस्थित लोगों से मेले को सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण संपन्न कराने हेतु सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि मेले में लगने वाले ठेलों से कोई भी अवैध वसूली नहीं करेगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, अपर पुलिस अधीक्षक, वरिष्ठ कोषाधिकारी, एक्शन लोक निर्माण विभाग, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, जिला पंचायत राज अधिकारी, यूनियन के सदस्य और सभी संगठनों के लोग उपस्थित रहे।

# पिलखुवा में गूंजा हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी का नारा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** आत्मनिर्भर भारत अभियान के संदर्भ में पिलखुवा नगर मंडल अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी के निवास पर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय मंत्री कविता माधरे उपस्थित रहीं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाया।

मंडल अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी ने कहा कि हमें अपने देश में निर्मित वस्तुओं को ही प्राथमिकता देनी चाहिए, ताकि भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ सके। बैठक में मुख्य रूप से अमित टांक, गुड्डू, अंकुर गहलोत, प्रशांत शर्मा, हिमांशु अग्रवाल, अश्विनी वाल्मीकि, विश्वप्रकाश शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 5 लाख के अवैध पटाखों के साथ एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले की पुलिस द्वारा अवैध पटाखों के भंडारण के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। आए दिन पुलिस अवैध पटाखों का भंडारण करने वालों को गिरफ्तार कर अवैध पटाखों का जखीरा बरामद कर रही है। इसी क्रम में थाना बाबूगढ़ पुलिस ने अवैध पटाखों का भंडारण करने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 5 लाख रूपये की कीमत के अवैध पटाखे बरामद किए है।



थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि दीपावली के मद्देनजर अवैध पटाखों का भंडारण करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया रहा रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि कुचेसर रोड चौपला पर अवैध तरीके से अवैध पटाखों का भंडारण किया जा रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम द्वारा बताये गए ठिकाने पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान पाया गया कि सुनील उर्फ पप्पू पुत्र क्रांति प्रसाद निवासी कुचेसर रोड चोपला थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़ द्वारा अवैध रूप से पटाखों का भंडारण किया जा रहा था। पुलिस ने मौके से पटाखों को ज़ब्त कर लिया और युवक को हिरासत में ले लिया और थाने ले आई। इसके बाद पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया के तहत संबंधित मामले में आरोपी के खिलाफ मुक. दमा दर्ज किया और अवैध पटाखों का भंडारण करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अवैध पटाखों के खिलाफ पुलिस का अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा। अवैध पटाखों का भंडारण या बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### अवैध हथियार के साथ एक संदिग्ध गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना धौलाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान किसी अपराधी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध हथियार बरामद किया है।

धौलाना थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा ग्राम पिपलैडा नहर पटरी से चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को एक संदिग्ध दिखाई दिया। पुलिस ने जब उससे पूछताछ की तो वह अपना नाम और पहचान बताने में आनाकानी कर रहा था। पुलिस को उसे पर संदेह हुआ। पुलिस ने तुरंत उसे हिरासत में ले लिया और जब उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। पुलिस युवक को थाने ले आई। पुलिस के मुताबिक संदिग्ध युवक की पहचान वसीम पुत्र रफीक निवासी जाकिर कॉलोनी ग्राम पिपलेडा थाना धौलाना जनपद हापुड के रूप में हुई। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि संबंधित मामले में युवक के खिलाफ अवैध हथियार रखने के संबंध में मुकदमा दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में हर गतिविधियों पर पुलिस की नजर है। कानून व्यवस्था को बिगाड़ना वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस का चेकिंग अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा।

### कम हुआ गंगा का जलस्तर, ग्रामीणों सहित पुलिस प्रशासन को मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश समेत उत्तराखंड के पहाड़ों में बारिश का क्रम हल्का पड़ने से गंगा का उफान बड़ी तेजी के साथ घटता जा रहा है, जिससे गंगा के तटीय क्षेत्र में भरा पानी कम होने से जल्द ही मिनी कुंभ गढ़ खादर मेले की तैयारी का बिगूल बजने की राह आसान होने पर जिला प्रशासन को फिलहाल राहत मिल गई है।

कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले मिनी कुंभ गढ़ गंगा खादर मेले का आयोजन इस बार 20 अक्तूबर से पांच नवंबर तक होना है, जिसमें 35 लाख से भी अधिक श्रद्धालु गंगा मैया से जुड़ी बीस मील परिधि वाले क्षेत्र में अस्थाई तंबू गाढ़कर कई दिनों का पड़ाव डालकर विभिन्न अनुष्ठान करते हैं। श्रद्धालुओं की संख्या की दृष्टि से इस महाभारत कालीन पौराणिक मेले को उत्तर भारत का मिनी कुंभ भी कहा जाता है। जिसमें आने वालों की सुरक्षा को लेकर प्रदेश के करीब 40 जनपदों के पांच हजार से भी अधिक पुलिस कर्मियों की डयूटी लगती है। करीब 50 मील लंबी सड़कों से लेकर जलाश्यों पर पुल, गंगा किनारे कई स्नान घाट, पथ प्रकाश, पेयजल के लिए सैकड़ों हैंडपंप समेत विभिन्न अस्थाई व्यवस्था की जाती हैं। जिन्हें मेला प्रारंभ होने से एक सप्ताह पहले पूरा कर लिया जाता है, परंतु बरसात के मौजूदा सीजन के दौरान गंगा मैया में कई बार उफान के साथ ही दो बार बाढ़ आने से मेला स्थल समेत आसपास का हजारों बीघा जंगल पूरी तरह जलमग्न हो गया था। जिससे मेले से जुड़ीं तैयारियों को प्रारंभ कर पाना तो दूर बल्कि उनका खाका तक तैयार किया जाना भी संभव नहीं हो पा रहा था। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मैदानी क्षेत्र समेत उत्तराखंड के पहाड़ों में बारिश का क्रम हल्का पड़ने से गंगा के उफान में बड़ी तेजी के साथ गिरावट होने से तटीय क्षेत्र में भरा पानी लगातार घटता जा रहा है। जिससे जिला प्रशासन के साथ ही मेले से जुड़ीं तैयारियों को अमलीजामा पहनाने वाले जिला पंचायत विभाग को बड़ी राहत मिली है। जिला पंचायत विभाग के प्रशासनिक अधिकारी देवीसहाय का कहना है कि गंगा का उफान थमने के बाद मेला स्थल पर भरा पानी तेजी से कम होता जा रहा है, परंतु इसेक बाद भी जंगल की मिट्टी में दलदल जैसी स्थिति बनी हुई है। अगर दो चार दिन में बारिश नहीं हो पाती है तो फिर जल्द ही दलदल जैसी स्थिति दूर होने से मेले की तैयारी प्रारंभ करा दी जाएंगी। मेला स्थल से जुड़े जंगल में पानी भरा होने के साथ ही गन्ने की फसल खड़ी हुई है, जिसकी कटाई हुए बिना मेले से जुड़ीं तैयारियों का प्रारंभ होना संभव नहीं है। तहसीलदार राहुल सिंह का कहना है कि गंगा का उफान थमने से मेला स्थल वाले जंगल में भरा पानी बड़ी तेजी से कम होता जा रहा है। जिसे देखते हुए लेखपालों समेत राजस्व टीम को संबंधित किसानों के पास भेजकर गन्ने की कटाई प्रारंभ कराई जाएगी, ताकि मेले से जुड़ीं तैयारियों में कोई भी विलंब संभव न हो पाए। एसडीएम श्रीराम यादव ने बताया कि गंगा का उफान घटने के कारण कार्तिक मेला स्थल से जुड़े जंगल में भरा पानी बड़ी तेजी के साथ कम होता जा रहा है, जिससे मेले से संबंधित तैयारी अब बहुत जल्द प्रारंभ करा दी जाएंगी। केंद्रीय जल आयोग के गेज अधिकारी आबाद आलम ने बताया कि बारिश का क्रम हल्का पड़ने के साथ ही बिजनौर बैराज से पानी छोड़े जाने में भी काफी गिरावट आई है, जिससे 24 घंटों के भीतर 28 सेंटीमीटर की गिरावट आने से गढ़ ब्रजघाट गंगा का जलस्तर घटकर 198.22 मीटर के निशान पर आ गया है।

# सप्तमी पर हरिहर चंडी मंदिर में माता रानी का हवन व श्रृंगार, भक्तों की उमड़ी श्रद्धा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** श्री हरिहर चंडी मंदिर समिति द्वारा प्रतिदिन की परंपरा के तहत नवरात्रि की सप्तमी पर माता रानी का भव्य हवन व श्रृंगार किया गया। सोमवार को यजमान विपिन कुमार (जीपी) का परिवार रहा, जिन्होंने माता रानी का श्रृंगार व हवन कराया।

विधिविधान से पूजन कार्य पंडित गौरव शर्मा द्वारा सम्पन्न किया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष अखिलेश मित्तल ने बताया कि माता रानी की मन से की गई पूजा-अर्चना से भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण होती है। चंडी मंदिर परिसर में नौ देवी के मंदिर भी स्थित हैं, जिनके दर्शन से श्रद्धालु नवरात्रि में नौ देवियों का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इस अवसर पर केशव, विजयपाल, फतेहचंद, मोहित, सुधीर सहित अनेक भक्त मौजूद रहे।

# पोषण व सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत सोमवार को हापुड़ के प्राथमिक विद्यालय अच्छेजा में पंचायत पोषण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के बीच पोषण और सुरक्षा जागरूकता बढ़ाना था। यह कार्यक्रम मनीषा अहलावत, सदस्य, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य और कल्याण पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस दौरान उपस्थित गर्भवती व धात्री महिलाओं को पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। गोद भराई गर्भावस्था के उत्सव और अन्नप्राशन बच्चे को पहला अन्न खिलाने की रस्म जैसे पारंपरिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। महिलाओं एवं बच्चों को पोषण किट का वितरण किया गया। सदस्य द्वारा प्राथमिक विद्यालय अच्छेजा का निरीक्षण करने के साथ ही गढ़ रोड स्थित सीएचसी हापुड़ का भी निरीक्षण किया गया, जहां मिशन शक्ति 5.0 के तहत फल व मिष्ठान आदि का वितरण किया गया। पुलिस विभाग और महिला कल्याण विभाग की टीम ने महिलाओं की सुरक्षा और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी तथा पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भाजपाइयों ने मनाया हापुड़ ज़िलें का जन्मदिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हापुड़ का जन्मदिन समारोह जिला पंचायत सभागार में केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। यह कार्यक्रम ज़िले के निर्माण में योगदान देने वाले प्रमुख व्यक्तित्वों के सम्मान और प्रयासों की सराहना के लिए आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला बनाओ आंदोलन के संयोजक रहे डाक्टर एसके कौशिक को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर और माला पहनाकर उनके निस्वार्थ और निरंतर प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने डा. एसके कौशिक के प्रयासों की भूरी भूरी प्रशंसा की और उनके दीर्घायु होने की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्षा रेखा नागर ने की। जबकि कार्यक्रम का संचालन प्रशासनिक अधिकारी देवी सहाय ने किया।



कार्यक्रम में कई राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के प्रमुख नेता और सदस्य मौजूद रहे, जिनमें राष्ट्रीय लोकदल के नेता पंडित नानक चंद शर्मा, मनोज बाल्मीकि, राष्ट्रीय सैनिक संस्था के प्रदेश प्रवक्ता व हापुड़ के जिला अध्यक्ष ज्ञानेंद्र त्यागी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के संयोजक सरदार राजेंद्र सिंह औलख, जिला सचिव मुकेश प्रजा. पति, जिला अनुशासन सचिव गुलशन त्यागी, प्रशासनिक सदस्य कपिल प्रजापति, सतीश प्रमुख, सुभाष प्रधान, हरिसिंह मास्टरजी, गोपाल शर्मा शामिल थे।

# आगामी एमएलसी चुनाव को लेकर कांग्रेस ने कसी कमर, स्नातक मतदाताओं की वोट बनवाने पर ज़ोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना के गांव नारायणपुर बाँसका में जिला कांग्रेस कमेटी की एक बैठक हुई। जहां स्नातक चुनाव को लेकर कांग्रेसियों ने लोगों के बीच में जाकर चर्चा की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने गांव नारायणपुर के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि एमएलसी स्नातक के चुनाव आने वाले हैं। वे लोग जिन्होंने स्नातक उत्तीर्ण कर तो ली हैं लेकिन अपनी वोट नहीं बनवाई हैं। वे सभी लोग अपनी अपनी वोट बनवाए। उन्होंने कहा कि एमएलसी स्नातक के फॉर्म आ चुके हैं। जिन मतदाताओं की अभी तक एमएलसी चुनाव में पड़ने वाली वोट नहीं बनी हैं। वे लोग जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर पहुंचकर फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें 2 फोटो, 1 आधार कार्ड की फोटोकॉपी और स्नातक परीक्षा की मार्कशीट या डिग्री की कॉपी दोनों में से कोई भी एक हापुड़ में जिला कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय पर जमा करनी होगी। राकेश त्यागी ने कहा हैं कि कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश में एमएलसी स्नातक और शिक्षक चुनाव के प्रति बेहद गंभीर हैं और पूरी तरह से चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने सभी ब्लॉक और मंडल अध्यक्षों को अधिक से अधिक स्नातक की वोट बनवाने के लिए निर्देश दिए हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने दावा किया हैं कि मेरठ, सहारनपुर विधानपरिषद सदस्य पद पर स्नातक सीट के लिए कांग्रेस का उम्मीदवार कोई भी हो, जीत पार्टी के प्रत्याशी की ही होगी। इस दौरान नारायणपुर बाँसका मंडल के अध्यक्ष सतेंद्र शर्मा को उनका मनोनयन पत्र भी सौंपा गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विक्की शर्मा, जिला महासचिव कपिल शर्मा, जिला महासचिव और धौलाना प्रभारी इकबाल प्रधान, जिला महासचिव और गढ़ ब्लॉक प्रभारी गौरव गर्ग, धौलाना ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ शर्मा, पवन कौशिक, जिला सचिव अनूप कर्दम, शिवम कुमार, जिला कोषाध्यक्ष भरतलाल शर्मा, कपिल राणा, गौरव कौशिक, मनीष कुमार, उल्काश राणा, लोक. ेश शर्मा, आसिफ चौधरी, शेर मोहम्मद, कलवा, नईम, हाजी सिराजुद्दीन, इस्लाम, कृष्ण पाल, हसमुद्दीन, सुंदर, संदीप नसरुद्दीन आदि लोग मौजूद रहे।

# ऑनर किलिंगः पुत्री के हत्यारे पिता-पुत्र को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के ग्राम अम्बेहटा में रविवार को उस समय सनसनी फैल गई थी जब पिता ने अपने बेटे के साथ मिलकर अपनी पुत्री की गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी कैराना श्याम सिंह, प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण कर फील्ड यूनिट से साक्ष्य जुटवाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।सोमवार को शव पोस्टमार्टम से आने के बाद सपुर्द ए खाक कर दिया है। पुलिस ने हत्या आरोपी पिता के कब्जे से तमंचा बरामदकर जेल भेज दिया और पुत्र को पुलिस अभिरक्षा में लिया है। सोमवार को पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने जानकारी देकर बताया की मृतका का पिता जुल्फान पुत्र जहूर हसन अपनी बेटी सना के किसी युवक से फोन पर बात करने से नाराज था। बार-बार समझाने के बावजूद जब बेटी नहीं मानी तो उसने बेटे के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दे डाला। जुल्फान ने पूछताछ में बताया कि घटना वाले दिन वह और उसका बेटा बहाने से अपनी बेटी को छत पर ले गए, जहां बेटे ने युवती को पकड़ लिया और उसने तमंचे से गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई।पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्याभियुक्त पिता जुल्फान को गिरफ्तार कर लिया जबकि बाल अपचारी बेटे को पुलिस अभिरक्षा में ले लिया। दोनों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त अवैध तमंचा और नाल में फंसा खोखा कारतूस भी बरामद किया गया है। पुलिस ने अपनी ओर से अभियोग दर्ज करते हुए कार्रवाई की है। शव पोस्टमार्टम से आने के बाद सपुर्द ए खाक कर दिया गया है। पुलिस ने हत्या आरोपी पिता को जेल भेज दिया है और आरोपी नाबा. लिग पुत्र को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है।



# महिलाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मिशन शक्ति फेज-5.0 के अन्तर्गत जनपद शामली में जिला पंचायत रिसोर्स सेन्टर में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आत्मरक्षा के विषय में बताया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रारम्भ संदीप अग्रवाल जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के विषय में मिशन शक्ति के अन्तर्गत होने वाले सभी कार्यक्रमों की जानकारी देकर किया। प्रशिक्षण में जवाहर नवोदय विद्यालय से आशुतोष शर्मा द्वारा अपने विद्यालय की छात्राओं के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आत्मरक्षा के तरीको को विधिवत रूप से करके दिखाया गया। प्रशिक्षण में अश्वनी त्यागी जिला क्रीडा अधिकारी द्वारा आत्मरक्षा के विषय में बताया कि कैसे स्वयं सहायता समूह की महिलाए आत्मरक्षा के तरीके सीखकर अपने आप को सुरक्षित रख सकती हैं। प्रशिक्षण में प्रेम चन्द उपायुक्त स्वतः रोजगार द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बताया कि आत्म रक्षा का महिलाओं को आना कितना आवश्यक हैं। प्रेम चन्द उपायुक्त स्वतः रोजगार द्वारा बताया कि अकेली महिला कैसे आत्मरक्षा के गुण सीखकर अपने आप को सुरक्षित रख सकती हैं। कार्यक्रम में पुलिस विभाग से प्रभा पटेल जी डिप्टी एसपी द्वारा महिलाओं को सुरक्षा के विभिन्न तरीके एवं हेल्पलाईन नम्बरों के विषय में जानकारी दी एवं बताया कि मिशन शक्ति 5.0 नारी सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए शारदीय नवरात्र में आयोजित किया गया हैं। हामिद हुसैन जिला प्रोबेशन अधिक. ारी द्वारा बताया गया कि मिशन शक्ति-6.0 महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबना के लिए आयोजित कार्यक्रम हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रेम चन्द उपायुक्त स्वतः रोजगार, हामिद हुसैन एसडीएम न्यायिक, प्रभा पटेल डिप्टी एसपी, अश्वनी त्यागी उप क्रीडा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी आशुतोष शर्मा सपोर्ट अधिकारी एवं संदीप अग्रवाल जिला पंचायत राज अधिकारी शामली उपस्थित रहे।

# बिजली चोरी पकड़ने गए जेई के साथ उपभोक्ता ने की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव मीमला में बकाएदारों के विरुद्ध अभियान चलाने गई विद्युत टीम के साथ ग्रामीण ने अभद्रता करते हुए हाथापाई की। घटना के संबंध में जेई ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

विद्युत विभाग की टीम द्वारा बकाएदारों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का नेतृत्व कर रहे जेई नितीश कुमार ने बकाया भुगतान न करने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने व नोटिस जारी करने की कार्यवाही की जा रही है।अभियान के दौरान जब टीम आस मोहम्मद पुत्र हासिम के घर पहुंची, तो वहां बिजली चोरी करते हुए पाया गया। जानकारी के अनुसार, विभाग द्वारा पिछले माह ही इस उपभोक्ता का कनेक्शन काट दिया गया था, इसके बावजूद अवैध रूप से बिजली का उपयोग किया जा रहा था। जब जेई नितीश कुमार ने इस पर आपत्ति जताई और कार्रवाई की बात कही, तो आरोपी पक्ष आगबबूला हो गया और विभागीय अधिकारियों पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में जेई नितीश कुमार को हल्की चोटें आई है। जेई नितीश कुमार ने बताया कि आस मोहम्मद पर विभाग का लगभग सत्तर हजार रूपये का बकाया है और पहले ही कनेक्शन काटा जा चुका है। फिर भी उपभोक्ता के घर विद्युत आपूर्ति सुचारू मिली। विद्युत विभाग जेई ने टीम के साथ थाने पहुंचकर तहरीर दी है।

# शामली की छात्रा सलोनी व मानवी ने स्वर्ण व रजत पदक जीता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सहारनपुर शहर के डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में 25 से 28 सितंबर तक आयोजित प्रदेश स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शामली की छात्रा सलोनी व मानवी ने स्वर्ण व रजत पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। अंडर-14 में बालिका मानवी ने रजत पदक व अंडर-19 में बालिका सला. ेनी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। विद्यालय पहुंचने पर बालिकाओं का भव्य स्वागत किया गया। साथ ही विद्यालय में दुर्गा अष्टमी नवमी व दशहरे के कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बालिका अनु व वेदांशी ने मां दुर्गा व राम के भजन प्रस्तुत किए। अश्विनी कुमार ने बालिकाओं को दुर्गा के नौ स्वरूपों तथा विजयदशमी का त्यौहार क्यों मनाया जाता है इस विषय से अवगत कराया। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने उन्हें दुर्गा अष्टमी व विजयदशमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संजीव कुमार, संदीप, गीता, कविता, अनीता, सुरभि, उपासना, अमित मौजूद रहे।



## सफाई मित्र स्वास्थ्य जांच शिविर एवं पी पी किट वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** शासन द्वारा निर्गत आदेशानुसार एवं अधिशासी अधिक. ारी जितेन्द्र राणा व अध्यक्ष मुशयदा द्वारा दिए गए निर्देशो पर स्वच्छता ही सेवा 2025 के तहत 156 घंटे महा सफाई अभियान के अंतर्गत सोमवार को नगर पंचायत थानाभवन कार्यालय में सफाई मित्र सुरक्षा शि. विर व पी पी किट वितरण का आयोजन किया गया। स्वच्छता ही सेवा 2025 के अंतर्गत नगर पंचायत सभागार मे सोमवार को सफाई मित्र स्वास्थ्य जांच शिविर व पी पी किट वितरण किए गए। स्वच्छता ही सेवा 2025 के तहत 156 घंटे महा सफाई अभियान के अंतर्गत आयोजित शि. विर में उपस्थित सभी सफाई कर्मियों एवं कर्मचारियों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सको द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा ने सफाई मित्रों को स्वास्थ्य व सुरक्षा के प्रति जागरूक किया कार्यक्रम में चिकित्सक विकास व डा। मोनू तथा सहायकगण के आलावा नगर पंचायत अध्यक्ष राव मुशयदा, अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा, सभासदगण व कर्मचारीगण, सफाई मित्र उपस्थित रहे।

## एक नजर

### खून की जांच का निःशुल्क शिविर लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** लायंस क्लब शामली उज्जवल द्वारा निशुल्क खून की जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पहुंचे करीब 50 मरीजों ने अपने खून की जांच कराई। सोमवार को शहर के बुढाना रोड स्थित कुमार डायग्लोस्टिक पर लायंस क्लब शामली उज्जवल द्वारा निशुल्क खून की जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ अध्यक्ष कमल गोयल व विशाल कुमार ने फीता काटकर किया। इस दौरान शिविर में मरीजों के कॉस्टोल की जां, हिमोग्लोबिन की जांच और कैल्शियम, शुगर, ब्लडप्रेशन की जांच कराई गई। शिविर को संबोधित करते हुए विशाल कुमार ने कहा कि यह शिविर क्लब की ओर से निशुल्क है ताकि जरूरत मंदों का इसका लाभ मिल सके। इस अवसर पर प्रवीन गोयल, रोहित, गौरव संगल, कुणाल कौशल, संजीव कुमार, राहुल तायल, राहुल जैन आदि मौजूद रहे।



### महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रंखला में स्वास्थ्य विभाग व पुलिस विभाग के सहयोग से 4 ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत -हसनपुर लुहारी, ग्राम पंचायत-कैडी, ग्राम पंचायत-मलकपुर व ग्राम पंचायत- मवी कलां उक्त सभी ग्राम पंचायतों में सैकड़ो से अधिक में महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त सभी ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं को सुरक्षा, स्वावलंबन, आत्मरक्षा सम्मान के विषय में अवगत कराते हुए अपने अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई।स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया।पंचायती राज विभाग द्वारा शौचालय विहिन परिवारों के आवेदन प्राप्त किए गए, श्रम विभाग,राजस्व विभाग द्वारा अपने-अपने विभागों की योजनाओं के विषय में बताया गया।कार्यक्रम के अंत में सभी को स्वच्छता ही सेवा 2025 कार्यक्रम अंतर्गत स्वच्छता शपथ दिलाई गई।

### नवरात्रों में महा आरती का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मां शाकुंभरी देवी सेवा समिति की मासिक माह की आरती का आयोजन नगर के गंगा मंदिर में किया गया आरती के मुख्य यजमान शशि संगल सपरिवार रहे पंडित मांगेराम शर्मा के मार्गदर्शन में माता रानी की पूजा अर्चना की गई नवरात्रो के शुभ पावन अवसर पर माता रानी की विशेष पूजा अर्चना की गई समिति द्वारा आरती के पश्चात प्रसाद व माता का श्रृंगार का सामान और फल सब्जी भक्तों को वितरित किया गया आरती में आसपास के सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ उठाया तथा सभी श्रद्धालुओं ने मां शाकुंभरी देवी सेवा समिति का दिल से आभार व्यक्त किया अंत में दीपावली के शुभ अवसर पर समिति के अध्यक्ष रोबिन गर्ग सचिव डॉ अनिल कुमार बंसल द्वारा सभी सदस्यों को दीपावली का उपहार भी दिया गया और सभी भक्त जनों को धन्यवाद दिया आरती में प्रवीण बंसल लता पंडित सुनील शर्मा विकास चौधरी अर्चना गोयल विशाल शर्मा अखिल संगल योगाचार्य कुमुद शर्मा लालतेश आदि शामिल रहे

### त्योहारी सीजन में शामली जनपद के बाजार साप्ताहिक बंदी के दिन भी रहेंगे खुले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के पदाधिक. ारियों ने सोमवार को डीएम अरविंद कुमार चौहान से मुलाकात कर त्योहारी सीजन में व्यापार सुगम बनाने के लिए साप्ताहिक बंदी के दिन बाजार खोलने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अंकित गोयल ने डीएम को बताया कि आगामी एक माह त्योहारी सीजन का है, जिसमें बाजारों में ग्राहकों की भीड़ अधिक रहती है और व्यापारिक गतिविधियां विशेष रूप से सक्रिय होती हैं। उन्होंने आग्रह किया कि इस अवधि में शामली जनपद के सभी बाजार साप्ताहिक अवकाश के दिन भी खुले रहें, ताकि व्यापारी वर्ग को सुविधा मिले और आमजन की आवश्यकताएं सुचारू रूप से पूरी हो सकें। डीएम ने कहा कि इस संबंध में श्रम विभाग को आवश्यक निर्देश शीघ्र जारी किए जाएंगे। अब शामली जनपद के प्रमुख कस्बे जैसे शामली, कांधला, कैराना, थानाभवन, जलालाबाद, झिंझाना, ऊन, चौसाना, बनत एवं एलम में बाजार सप्ताह के सभी दिनों में खुले रहेंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनुराग जैन, जिला महामंत्री संजीव कुमार, अनुराग शर्मा आदि मौजूद रहे।



# सेंट द्रोण पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया दशहरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** सोमवार को नगर के सेंट द्रोण पब्लिक स्कूल में दशहरे का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर विद्यालय में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया।कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना से हुई। इसके बाद छात्रों ने रामायण पर आधारित नाटड मंचन प्रस्तुत किया, जिसमें राम, रावण, सीता और हनुमान जैसे पात्रों का जीवंत अभिनय कर बच्चों ने तालियों की गड़गड़ाहट बटोरी। मंचन के दौरान संवादों और भाव-भंगिमाओं ने रामायण की घटनाओं को सजीव कर दिया। साथ ही बच्चों ने कविताएं और भाषण भी प्रस्तुत किए, जिनमें अच्छाई की बुराई पर विजय का संदेश दिया।

विद्यालय प्रांगण में रावण का पुतला दहन भी किया गया, जिसे देखकर बच्चों और अभिभावकों में भारी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक इंजीनियर अमन शर्मा और प्रधानाचार्य विधि शर्मा ने अपने संबोधन में दशहरे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को सत्य, नैतिकता और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि हमें अपने अंदर की बुराइयों को भी रावण की तरह समाप्त करना चाहिए।

कार्यक्रम के समापन पर देशभक्ति गीत गाए गए। इस दौरान शशांक मित्तल,वरुण, भूरा, जितेंद्र, शुभम, अंकित, हुसैन, एकता, नेहा, शिवानी, खुशी, शशिबाला, पिंकी, अंशु, सीमा, प्रभा, इति, रचना और श्रुति आदि मौजूद रहे।



# जिला पर्यावरण समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सीडीओ विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला वृक्षारोपण समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सीडीओ ने एजेंडा बिंद. ुओं की समीक्षा की और जहां कमी पाई गई, वहां सुधार के निर्देश दिए। गंगा समिति की समीक्षा में नगर पालिका कैराना व शामली से सूचना न मिलने पर नाराजगी व्यक्त की गई और शीघ्र कार्यवाही कर सूचना भेजने के निर्देश दिए गए।

सीडीओ ने जल निगम ग्रामीण व नमामि गंगे को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों से कृष्णी नदी में जाने वाले नालों, नालियों के जल प्रवाह को नापने की कार्ययोजना तैयार करें। सभी खंड विकास अधिकारियों को जैव विविधता पंजिका का कार्य शीघ्र पूर्ण करने और नगर निकायों (शामली, कैराना, एलम, ऊन, झिंझाना) को भी पंजिका बनाने के निर्देश दिए गए।

परिवहन विभाग को ध्वनि व वायु प्रदूषण कम करने के लिए नियमित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। वृक्षारोपण समिति की समीक्षा में ग्रीन चौपाल आयोजित कर रिपोर्ट भेजने और कार्बन क्रेडिट हेतु अधिक वृक्षारोपण करने वाले किसानों के नाम प्रभागीय वनाधिक. ारी कार्यालय को भेजने के निर्देश कृषि विभाग, पंचायती राज विभाग व सभी बीडीओ को दिए गए। सभी विभागों को जनपद में कराए गए वृक्षारोपण की क्रॉस चेकिंग कर स्थलों की भली-भांति जांच करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी जगदेव सिंह, सहित अधिकारी मौजूद रहे।




## अलग-अलग स्थानों पर दो महिलाओं के साथ हुई मारपीट

**कांधला।** गांव ढुढार निवासी महिला सविता ने बताया कि पड़ोस के लोग पीड़िता और उसके परिवार से रंजिश रखते हैं रंजिश के चलते आरोपियों ने रविवार की देर शाम पीड़िता के साथ जमकर मारपीट करते हुए घायल कर दिया। परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया पीड़ित महिला के परिजनों ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर दी है। दूसरी और थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी संध्या ने बताया कि मामूली विवाद को लेकर पड़ोस के लोगों ने पीड़िता और उसके परिवार के साथ मारपीट करते हुए घायल कर दिया है। घायल संध्या के परिजनों ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया।



# चेयरमैन व सभासदों ने सीएम उप्र शताब्दी संकल्प 2047 में लिया भाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने सोमवार को सभासदों के साथ विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत, आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प-2047 के जनसंवाद में भाग लिया। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मिशन शक्ति-5.0 एवं विजन डॉक्यूमेंट 2047 के अंतर्गत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संवाद के दौरान प्रदेश के नागरिकों को घर, पानी, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ उद्योग, कृषि और सेवा क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के माध्यम से उत्तर प्रदेश के समग्र विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति और जीवन शक्ति के तीन प्रमुख थीम के साथ 12 चिन्हित क्षेत्रों पर जोर देते हुए प्रदेश के बहुआयामी विकास हेतु मिशन शक्ति-5.0 और विजन डॉक्यूमेंट 2047 लागू करने की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन ईओ विनोद कुमार सोलंकी ने किया। इस अवसर पर चेयरमैन अरविन्द संगल के साथ सभासद रो. बिन गर्ग, तोहिद रहमानी, विनोद तोमर, रामनिवास सैनी, संजय उपाध्याय, गुलजार मंसूरी, डॉ। मनोज कुमार, इखलाक उर्फ कालू कुरैशी सहित नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दुकान से हजारों की चोरी से मचा हड़कंप

**थानाभवन।** क्षेत्र के मोहल्ला रेत्ती सराय निवासी अमीर पुत्र नसीर ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात युवक के खिलाफ चोरी का आरोप लगाया है। पीड़ित आमिर ने बताया कि रविवार को वह अपनी दुकान पर बैठा था, इसी दौरान शौच के लिए घर के अंदर चला गया। अमीर के अनुसार तभी मौका पाकर एक अज्ञात युवक उसकी दुकान में घुस आया और गल्ले में रखी करीब साढ़े पांच हजार रूपए की नकदी चोरी कर फरार हो गया। जब आमिर दुकान पर लौटा तो नकदी गायब देखकर उसके होश उड़ गए। घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली तो उसमें एक युवक दुकान के पास और अंदर जाते हुए साफ दिखाई दिया। कैमरे में कैद फुटेज में युवक की हरकतें स्पष्ट रूप से देखी जा सकती हैं। पीड़ित अमीर ने इस बाबत थाना भवन पुलिस को तहरीर दी है और अज्ञात चोर के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरा. ेपी की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# बीआरसी पर शिक्षक प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** विकास खंड क्षेत्र के गाव भभीसा स्थित खंड संसाधन केंद्र,बीआरसी पर कृषि विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश मिलेट्स अन्न पुनरोद्धार राज्य सेक्टर वर्ष 2025-26 के अंतर्गत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सविता डाबराल ने दीप प्रज्वलन कर किया।कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ सोनू कुमार ने शिक्षकों को मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, रागी, कोदो, कुटकी आदि के महत्व और पोषण मूल्य पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ होते हैं और यदि वे अन्न के महत्व को समझकर बच्चों व समुदाय को प्रेरित करें तो यह पहल एक जनआंदोलन का रूप ले सकती है। अपर जिला कृषि रक्षा अधिकारी अजय तोमर ने प्राकृतिक खेती पद्धतियों पर प्रकाश डालते हुए ट्राइकोड्रमा, बिवेरिया वेसियाना, लाइट ट्रैप, फेरोमोन ट्रैप और ट्राइको कार्ड के उपयोग से फसलों की सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण दिया।सहायक विकास अधिकारी कृषि जयदेव उपाध्याय ने राजकीय कृषि बीज भंडार कांधला में उपलब्ध निवेश योजनाओं की जानकारी दी और निरूशुल्क सरसों मिनी किट की बुकिंग के प्रति जागरूक किया।खंड शिक्षा अधिक. ारी सविता डाबराल ने कार्यक्रम के समापन पर शिक्षकों से अन्न को विद्यालई पाठड्क्रम, मिड-डे मील और सामुदायिक सहभागिता से जोड़ने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम में दर्जनो लोग मौजूद रहे।



# मिशन शक्ति योजना है एक क्रांतिकारी कदम:जिलाधिकारी

## मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत हसनपुर मसूरी में डीएम व एसपी ने किया छात्राओं को सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सोमवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल व पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने मिशन शक्ति केंद्र खेकड़ा के तहत हसनपुर मंसूरी के सीडीएस स्कूल में पहुंच कर मिशन शक्ति अभियान के कार्यक्रमों में अपना अच्छा योगदान देने वाले प्रतिभाशाली बहन-बेटियों छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। यह विशेष अभियान उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु चलाया जा रहा है जिसका उद्देश्य महिलाओं को स्वालंबी और सशक्त बनाना है।





पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने कहा कि मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र महिलाओं के लिए एक एकीकृत सहायता केंद्र के रूप में कार्य करेगा। यह केंद्र संबल और सामर्थ्य के माध्यम से महिलाओं को जीवन चक्र के हर चरण में समर्थन प्रदान करता रहेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को घबराने की जरूरत नहीं है। पुलिस उनके साथ है। अपना कार्य निडर तरीके से करें आपके उत्थान के लिए आपको सशक्त करने के लिए आपके भविष्य को उज्जवल बनाए जाने के लिए सरकार महिलाओं के प्रति संकल्पित है। जिलाधिकारी ने कहा मिशन शक्ति योजना एक क्रांतिकारी कदम है। यह योजना मिशन मोड में कार्य करती है, जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण को मजबूत करना है। मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत स्थापित श्मिशन शक्ति केन्द्र महिलाओं के लिए एक एकीकृत सहायता केंद्र के रूप में कार्य करता हैं। ये केंद्र संबल और सामर्थ्य नामक दो उप-योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को जीवन चक्र के हर चरण में समर्थन प्रदान करता हैं। इनकी उपयोगिता न केवल महिलाओं की जीवन की चुनौतियों का समाधान करना है, बल्कि समाज को अधिक समावेशी और न्यायपूर्ण बनाने में भी योगदान करेगा। महिलाएं अपने उद्देश्यों के प्रति दृढ़ होती हैं व कुछ भी कर गुजरने के लिए सक्षम होती हैं। महिलाएं देश के विकास की नींव है। आज भी शिक्षा, खेल, विज्ञान, शिक्षण संस्थानों, सीमा सुरक्षा में उनकी भूमिका अग्रणी है। मिशन शक्ति 5.0 के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन और सरकार की भी यही मंशा है कि महिलाएं देश के विकास में अग्रणी भूमिका निभाये। महिलाओं की सहायता के लिए जनपद के सभी थानों पर महिला हेल्प डेस्क बना हुआ है, जहां पर महिला पुलिसकर्मी आपकी सहायता के लिए सदैव तत्पर हैं। साथ ही छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों (जैसे वूमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन सेवाएं 112 चाइल्डलाइन 1098 स्वास्थ्य सेवा 102, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 आदि) तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच बैड टच, घरेलू हिंसा व साइबर अपराधों के बारे में हेल्पलाइन नंबर 1930 सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारे में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं नीतियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया आज बहन बेटियों के लिए जन्म से लेकर विवाह शिक्षा तक की सरकार द्वारा योजनाएं चलाई जा रही हैं जैसे कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना आदि योजनाओं के बारे में जिलाधिकारी ने विस्तार पूर्वक प्रकाश डाल कर जागरूक किया। इस अवसर पर एसडीएम खेकड़ा, पुलिस क्षेत्राधिकार रोशन, नगर पालिका अध्यक्ष खेकड़ा, ब्लॉक प्रमुख खेकड़ा सहित आदि उपस्थित रही।

## मदद के लिए लोगों ने की 4 लाख 9 हजार रुपये की राशि एकत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** पंजाब में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए छपरौली कस्बे के लोगों ने बड़ा कदम उठाया है। कस्बे के नागरिकों, व्यापारियों और समाजसेवियों ने आपसी सहयोग से 4 लाख 9 हजार रुपये की राशि एकत्र की। यह रकम अब अमृतसर स्थित श्रीहरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) में ससम्मान अर्पित की जाएगी, ताकि बाढ़ पीड़ितों की सहायता और सेवा कार्यों में सीधा उपयोग हो सके।

इस संबंध में छपरौली कस्बे की चौधरी वाली चौपाल में एक पंचायत बुलाई गई। पंचायत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एक कमेटी गठित कर यह राशि अमृतसर पहुंचाई जाएगी। पंचायत के फैसले के बाद रामनिवास, इन्द्रपाल, जितेन्द्र फौजी, विजयपाल, सुभाष, अजयवीर, सुखपाल और काला इन आठ लोगों का विशेष दल गठित हुआ और यह दल सोमवार को अमृतसर के लिए रवाना हो गया। कस्बे के नागरिकों ने बताया कि इस धनराशि को जुटाने में सभी ने स्वेच्छा से सहयोग दिया। किसी ने अपनी मेहनत की कमाई से, तो किसी ने व्यापार की आय का हिस्सा इस नेक कार्य के लिए दान किया। कस्बेवासियों का मानना है कि बाढ़ जैसी आपदा केवल एक प्रदेश की नहीं, बल्कि पूरे देश की त्रसदी है, और ऐसे समय में इंसानियत का फर्ज है कि हर कोई आगे बढ़कर मदद करे। कमेटी के सदस्यों ने कहा कि स्वर्ण मंदिर से बढ़कर सेवा और इंसानियत का कोई प्रतीक नहीं। यहां दी गई हर भेंट सीधे मानवता की सेवा में लगाई जाती है। हमें गर्व है कि छपरौली के लोगों ने इतनी बड़ी राशि इकट्ठी की और हमें इसे पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी। छपरौली वासियों की इस पहल ने पूरे क्षेत्र में सेवा भावना और भाईचारे की मिसाल कायम की है। यह कदम साबित करता है कि जब देश पर संकट आता है तो समाज के लोग एकजुट होकर न केवल सहयोग करते हैं, बल्कि इंसानियत की नई इबारत भी लिखते हैं।

## गांव में किया गया कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** हरका गांव में एक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बोलते हुए समाजसेवी रविं बैसला ने कहा कि बागपत की धरती ने देश को महान खिलाड़ी दिये है और हमेशा देश का नाम रोशन किया है।

कहरका गांव में हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी चन्द्र किरण त्यागी की याद में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका उदघाटन सासंद राजकुमार सांगवान और विधायक योगेश धामा ने किया और खिलाड़ी यो का हौसला बढता समाजसेवी रवि बैसला भागौट भी पहुंचे जहा उन्होंने कहा कि खेल. कूद भी हमारे जीवन के लिए बहुत जरूरी है जहा खेलकूद से शरीर स्वस्थ रहता है। वही केरियर बनाने की भी अपार सम्भावना है। उन्होंने कहा की बागपत की धरती ने एक से एक विभिन्न खेलो मे खिलाड़ी दिये है जिन्होंने देश के साथ साथ अपने बागपत का नाम भी रोशन किया है उन्होंने कहा की कबढी खेलने वाले खिलाड़ी आज आईपीएल की तर्ज पर खेल अपना केरियर भी बना रहे है।

## 69वीं स्कूली राज्य वूशु प्रतियोगिता में शौर्य राठी ने किया शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के श्रीराम इंटर कॉलेज, पुसार कान्हड़ के मेधावी छात्र शौर्य राठी ने अपने परिश्रम, समर्पण और उत्कृष्ट खेल कौशल से विद्यालय ही नहीं बल्कि संपूर्ण क्षेत्र का नाम रोशन किया है। 69वीं स्कूली राज्य वूशु प्रतियोगिता में शौर्य राठी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अलीगढ़ के खिलाड़ी को नॉकआउट कर दिया और राष्ट्रीय स्तर की टीम में अपना स्थान सुरक्षित किया। यह उपलब्धि उनके संघर्ष और कठिन मेहनत का परिणाम है, जो अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत साबित होगी। प्रतियोगिता का आयोजन ऐतिहासिक नगरी अयोध्या में हुआ, जहाँ प्रदेश के विभिन्न जिलों से चुनिंदा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने पहुंचे थे। वूशु जैसे चुनौतीपूर्ण खेल में जीतना न केवल शारीरिक क्षमता की परीक्षा है, बल्कि मानसिक दृढ़ता और आत्मविश्वास की भी कसौटी है। शौर्य राठी ने इस प्रतियोगिता में अपने साहस, संतुलन और खेल भावना का परिचय देते हुए प्रतिद्वंदी खिलाड़ियों को परास्त किया। इस मौके पर शिवकुमार, कपिल, सोनू, अंशु आदि मौजूद रहे।



## एक नजर

### कृषि विभाग और वैज्ञानिक किसानों को देंगे हर संभव मार्गदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उन्होंने कहा कि कृषि विभाग और वैज्ञानिक किसानों को हर संभव मार्गदर्शन देंगे। यह पहल न केवल किसानों की आय बढ़ाने में मदद करेगी बल्कि समाज में स्वास्थ्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी मार्ग प्रशस्त करेगी। यह पहल सामाजिक ख्रष्टि से भी महत्वपूर्ण है। चिया बीज उत्पादन से किसानों की आर्थिक स्थिति सुकृढ़ होगी और उनके परिवारों का जीवनस्तर बेहतर होगा। साथ ही उपभोक्ताओं को स्वास्थ्यवर्धक विकल्प मिलेगा, जिससे मोटापा और पुरानी बीमारियों का जोखिम घटेगा। पर्यावरणीय कृष्टि से भी यह ऽसल टिकाऊ खेती की दिशा में बड़ा कदम है, क्योंकि इसमें कम पानी की आवश्यकता और रसायनों का सीमित प्रयोग होता है। कार्यक्रम के अंत में यह संदेश दिया गया कि हमें पारंपरिक सोच से आगे बढ़कर नई संभावनाओं की ओर देखना होगा। यदि किसान थोड़ी मेहनत और सही जानकारी के साथ आगे बढ़ें तो चिया बीज की खेती उनके जीवन में क्रांति ला सकती है। जैसा कि जिलाधिकारी ने कहा नई सोच, नई खेती चिया के साथ आगे बढ़ें।

### शिक्षकों को मानदेय दिलवाने व पुरानी पेंशन योजना बहाल कराने की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** उ.प्र.मा.शि.संघ (चेतनारायण) के मेरठ खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के संयोजक स्वराज पाल दुहूण ने संगठन के संयुक्त सचिव मनीष जैन व संगठन के सुरक्षा समिति के संयोजक एवं पूर्व जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह तोमर के साथ बागपत के अनेक विद्यालयों यथा एमजीएम इण्टर कॉलेज ढिकोली, सत्य हरिश्चन्द्र हा.सै.स्कूल चमरावल, संत जोसेफ हा. सै.स्कूल ललियाना, नेहरू स्मारक इण्टर कॉलेज फुलैरा आदि अनेक विद्यालयों का दौरा किया तथा शिक्षक एम एल सी चुनाव के लिए शिक्षक शिक्षिकाओं को अपने-अपने वोट बनवाने को प्रेरित किया। संगठन की उपलब्धियों के साथ-साथ वित्तविहीन विद्यालयों के शिक्षकों को मानदेय दिलवाने, पुरानी पैंशन योजना बहाल कराने, लम्बित आफ लाइन स्थानान्तरण के प्रकरणों को हल कराने के लिए संघर्ष करने की घोषणा भी की।

## बाजार में 800 रुपये किलो तक बिकने वाला चिया बीज अब बागपत के खेतों में पनपेगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल की पहल पर बाजार में 800 रुपये किलो तक बिकने वाला चिया बीज अब बागपत के खेतों में पनपेगा, किसानों की आय और लोगों का स्वास्थ्य दोनों बढ़ाएगा।



आत्मा योजना के अंतर्गत खेकड़ा पाठशाला रोड स्थित बागपत नेचुरल फॉर्म में चिया बीज की खेती का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रशिक्षक के रूप में पद्मश्री सम्मानित भारत भूषण त्यागी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्वयं चिया बीजों की बुआई कर कार्यक्रम की शुरुआत की। किसानों ने उत्साहपूर्वक बुआई देखी और वैज्ञानिक तरीके से खेती की जानकारी प्राप्त की।

प्रशिक्षण में पद्मश्री सम्मानित भारत भूषण त्यागी ने उन्नत बीज चयन, वैज्ञानिक पद्धति से बुवाई, उचित खाद एवं सिंचाई प्रबंधन और कीट नियंत्रण के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। किसानों को यह बताया गया कि चिया की खेती केवल तीन माह में तैयार हो जाती है और इसमें अधिक पानी, कीटनाशकों या उर्वरकों की आवश्यकता नहीं होती। यही कारण है कि यह फसल कम लागत में अधिक मुनाफा देने वाली साबित हो सकती है। चिया बीज को सुपरफूड कहा जाता है। इसमें ओमेगा-3 फैटी एसिड, फाइबर, प्रोटीन, कैल्शियम और एंटीऑक्सीडेंट प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। यह हृदय स्वास्थ्य सुधारने, पाचन तंत्र मजबूत बनाने, हड्डियों को ताकत देने, रक्त शर्करा नियंत्रित करने और वजन घटाने में सहायक है। आज की स्वास्थ्य-जागरूक युवा पीढ़ी ऐसे पोषक उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ा रही है। यही कारण है कि चिया बीज की कीमत वर्तमान में 300 से 800 रुपये प्रति किलो तक पहुँच चुकी है और निर्यात की संभावनाएँ भी बहुत प्रबल हैं। किसानों के लिए यह खेती इसलिए भी लाभकारी है क्योंकि इसमें कम पानी की आवश्यकता होती है, यह फसल जलवायु के अनुकूल है और बाजार में इसकी लगातार बढ़ती मांग है। इस अवसर पर एसडीएम खेकड़ा, कृषि उपनिदेशक, सहायक आयुक्त सहकारिता, जिला उद्यान अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, प्रगतिशील किसान, कृषि विभाग के अधिकारीगण सहित आदि उपस्थित रहे।

## नहर में अज्ञात शव मिलने से मचा हड़कंप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** प्रहलादपुर गांव के समीप पूर्वी यमुना नहर में एक युवक का अज्ञात शव मिलने से हड़कंप मच गया। मौकें पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त के प्रयास किये लेकिन पता नही चल सका पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

खट्टा प्रहलादपुर की पूर्वी यमुना नहर में एक 35 वर्षीय युवक का शव लोगो को पड़ा जिसकी सूचना 112 पर पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही चांदीनगर थाना प्रभारी अतर सिंह भी मौकें पर पहुंच गये शव पूरी तरह से गल चुका था और लगभग 10 दिन पुराना लग रहा था। पुलिस ने शव की शिनाख्त के प्रयास भी किये लेकिन शिनाख्त नही हो सकी पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी अतर सिंह ने कहा कि शव लगभग 10 दिन पुराना है। शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे है।

## एम्ब्रोसिया को इंटरनेशनल ट्रेड शो में मिला विशिष्ट सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 का सोमवार को ग्रेटर नोएडा एक्सपो सेंटर में समापन हुआ। 25 से 29 सितंबर तक चले इस अंतर्राष्ट्रीय आयोजन में देश-विदेश की हजारों नामी कंपनियों ने अपने-अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया।



इस मेले में बागपत की सुप्रसिद्ध एक्सपोर्ट कंपनी एम्ब्रोसिया ने भी अपने उत्कृष्ट उत्पादों का प्रदर्शन कर सबका ध्यान आकर्षित किया। उच्च गुणवत्ता और नवाचार के लिए कंपनी को विशिष्ट पुरस्कार प्रदान किया गया, जो पूरे बागपत एवं उत्तर प्रदेश के लिए गर्व की बात है। कंपनी की डायरेक्टर डिम्पल आर्य को यह सम्मान उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास, निर्यात संवर्धन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान द्वारा दिया गया। यह पुरस्कार विशेष रूप से बागपत की जिलाधिकारी अस्मिता लाल एवं जिला उद्योग आयुक्त अर्चना तिवारी को समर्पित किया गया, जिन्होंने जिले में उद्योग एवं निर्यात को बढ़ावा देने में सराहनीय भूमिका निभाई है। इस उपलब्धि ने बागपत को उद्योग जगत की नई पहचान दिलाई है और प्रदेश की निर्यात क्षमता को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर और मजबूती प्रदान की है।

## सरकार देंगी मृतक के परिवार को पांच लाख की आर्थिक सहायता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत जून से सितंबर 2025 तक के कुल 16 प्राप्त आवेदन दावों के निस्तारण हेतु समिति के समक्ष आये जिसमें से जिसमें से 8 स्वीकृत हुए पांच दावे पुनर्विचार के लिए रखे गए। तीन आवेदन अपात्र पाए गए। 8लाभार्थीयों/हिताधिकारियों को 40 लाख रुपए धनराशि की संस्तुति की है जो लाभार्थियों के खाते में ई पेमेंट के माध्यम से प्राप्त होगी।

16दावों के निस्तारण के सम्बन्ध में समीक्षा की जिसमें तीन पत्रावली कुछ दस्तावेज लंबित थे जिन्हें पात्र माना गया। पांच दावे पुनर्विचार के लिए रखे गए है, जबकि 8 लाभार्थी/हिताधिकारियों की पत्रावली की संस्तुति की है जो मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लाभार्थी थे उनके खाते में धनराशि भेज दी गई है। मुख्यमंत्री कृषक कल्याण दुर्घटना बीमा योजना में उत्तर प्रदेश के निवासी ऐसे कृषक जो दुर्घटनावश मृत/दिव्यांग हो जाते हैं जिनकी आयु 18 वर्ष से 70 वर्ष तक हो, जिनकी मृत्यु आग लगने, बाढ आने बिजली गिरने करन्ट लगने, सांप द्वारा काटने, जीव-जन्तु जानवर द्वारा काटने-मारने/आक्रमण से समुद्र, नदी, झील, तालाब पोखर या कुएं में डूबने, आंधी तूफान से वृक्ष गिरने/दबने मकान गिरने, रेल/रोड/वायुयान या अन्य वाहन आदि से दुर्घटना, भूस्खलन, भूकंप, गैस रिसाव, विस्फोट, सीवर चैम्बर में गिरने अथवा अन्य किसी कारण से कृषक की दुर्घटनावश मृत्यु/दिव्यांगता होती है तो कृषक के विधिक वारिस को इस योजना के तहत आर्थिक सहायता अंकन पांच लाख रूपये मृतक होने की दशा में व एक लाख 25हजार रूपये दिव्यांग होने की दशा में अनुमन्य होगी। उल्लेखनीय है कि हत्या से सम्बन्धित किसी भी प्रकरण में सहायता राशि देय नहीं है। दुर्घटना में मृतक कृषक के वारिसों द्वारा आवेदनपत्र निर्धारित प्रारूप पर दो प्रतियों में मृत्यु तिथि से 90 दिन के अन्दर तहसील मुख्यालय पर जमा करना होगा। विलम्ब की दशा में आवेदनपत्र विलम्ब के कारण सहित जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। 90 दिन की अवधि बढ़ाने का अधिकार जिलाधिकारी को है।

## जन जागरूकता अभियान में बालिकाओं को किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मां अम्बा ड्रिगी कॉलेज, ग्वालिखेडा विद्यालय में सोमवार को मिशन शक्ति 5.0 के तहत पोषण पखवाड़ा जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिलाधिकारी अस्मिता लाल के निर्देशानुसार आयोजित किया गया, जिसमें बालिकाओं और महिलाओं के स्वास्थ्य, अधिकार और सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं उपजिलाधिकारी अमर चन्द वर्मा ने छात्राओं और महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि लड़कों और लड़कियों के बीच किसी प्रकार का भेदभाव समाप्त करना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने यह स्पष्ट किया कि लड़कियां प्रत्येक क्षेत्र में अपने आप को साबित कर सकती हैं और भौतिक वस्तुएं क्षणभंगुर होती हैं, जबकि मूल्यवान विचार और सृजनात्मक क्षमताएं स्थायी होती हैं। उन्होंने यह भी जोर दिया कि परिवार में लड़का या लड़की दोनों को समान अधिकार मिलने चाहिए, और बालिकाओं को अपने फैसले स्वयं लेने की क्षमता विकसित करनी चाहिए। इस अवसर पर समुदायिक अधीक्षक डा.विभाष राजपूत ने छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया, जबकि डा.मोनिका सिंह ने स्तन कैंसर और डा.मिनाक्षी सिंह ने बच्चेदानी कैंसर से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी। एसएचओ ने चुप्पी तोड़ो और आगे बढ़ो संदेश के माध्यम से साइबर क्राइम और महिला हेल्पलाइन नंबर की जानकारी प्रदान की। डा.गरीमा सिंह यूनिसेफ ने 11 से 19 वर्ष की बालिकाओं के लिए आवश्यक हिमोग्लोबिन स्तर कम से कम 12 यूनिट और एनिमिया, थकान व नींद की कमी से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने पोषण और हाइजीन के महत्व पर विशेष जोर देते हुए बताया कि हरे पत्तेदार सब्जियां, दालें, मेवे, फल, अंडा, मांस, मछली और दूध जैसे पोषक तत्वों से युक्त आहार स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य हैं। छात्राओं को सैनिटरी पैड वितरित किए और स्वास्थ्य जांच के कैंप लगाकर परीक्षण किया। इस अवसर पर एसडीएम बागपत, डा.विभाष राजपूत, एसएचओ सिघावली अहीर, जिला मिशन कोऑर्डिनेटर, पेरामेडिकल पर्सनल, वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र आस मौ. व पुत्रवधू खुशनुमा से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। अलीमुदीन पुत्र अला बन्दे निवासी ग्राम बड़का जनपद बागपत।

## किसानों की बढ़ेगी आमदनी, स्वास्थ्यवर्धक उत्पादों का उठा सकेंगे लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** इस फसल को अपनाने से किसानों की आमदनी बढ़ेगी और वे स्वयं भी स्वास्थ्यवर्धक उत्पादों का लाभ उठा सकेंगे। इसके अलावा, चिया की खेती पर्यावरण के लिए भी सकारात्मक है क्योंकि इसमें रासायनिक कीटनाशकों और उर्वरकों का कम प्रयोग होता है, जिससे मिट्टी और जल प्रदूषण में कमी आती है। बुआई के लिए आवश्यक शर्तों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया। किसानों को बताया गया कि चिया की खेती के लिए 20 से 30 डिग्री सेल्सियस तापमान और हल्की भुरभुरी मिट्टी सबसे उपयुक्त है, जिसमें पानी न रुके। बुवाई का सही समय अक्टूबर-नवंबर है और प्रति हेक्टेयर चार से पांच किलो बीज की आवश्यकता होती है। किसान इसे छिटकवां या लाइन में बुवाई कर सकते हैं। हालांकि इसके सेवन में सावधानी बरतना भी जरूरी है। चिया बीज बहुत सारा पानी सोखते हैं, इसलिए इन्हें कभी सूखा नहीं खाना चाहिए। ऐसा करने से पेट फूलने या घुटन की समस्या हो सकती है। इन्हें हमेशा पानी में भिगोकर ही खाना चाहिए। दही, स्मूदी, दलिया या सलाद में मिलाकर इसका सेवन करना सबसे उपयुक्त माना जाता है। केवल एक चम्मच चिया बीज भी दिनभर के लिए शरीर को पर्याप्त ऊर्जा प्रदान कर सकता है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने किसानों से अपील की कि वे कम से कम अपने खेतों के एक हिस्से में चिया बीज की खेती जरूर करें।

## कोई भी व्यक्ति दे अपना सुझाव, विकसित उत्तर प्रदेश कैसा हो: सीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश को वर्ष 2047 तक एक विकसित राज्य बनाने की पहल की गई है। इस हेतु विकसित उत्तर प्रदेश/ 2047 समृद्धि का शताब्दी पर्व महाभियान प्रत्येक परिवार की भागीदारी आवश्यक है। कोई भी व्यक्ति अपना सुझाव दे सकता है कि विकसित उत्तर प्रदेश कैसा हो इस महाअभियान के तहत नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से प्रदेश के विकास के लिए एक विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जा रहा है। इसी क्रम में आज उत्तर प्रदेश के समस्त जनपद की नगर पालिका बागपत, बड़ौत, खेकड़ा तथा नगर पंचायत अग्रवाल मंडी टटीरी, अमीनगर सराय, छपरौली, दाहा, दोघट व रटौल के अध्यक्षों व सदस्यों के साथ जिलाधिकारी अस्मिता लाल एवं समस्त अधिशासी अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

बैठक में सभी अध्यक्षों व सभासदों ने समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश विषय पर अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक यह साझा किया कि प्रदेश को विकसित बनाने में जनपदों के नगर विकास की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। सभी ने एकमत होकर यह संकल्प व्यक्त किया कि जनपद के नगरों का सर्वांगीण विकास होगा तो प्रदेश अवश्य ही 2047 तक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा। संकल्प की प्राप्ति हेतु प्रदेश की आकांक्षाओं के अनुरूप एक समय रणनीति तैयार की जानी है, जिसमें विभिन्न हित धारकों जैसे कृषक, युवा, महिलाए, श्रमिक, शिक्षाविद, उद्यमी व्यापारी, प्रबुद्ध वर्ग, मीडिया आदि की आकांक्षाओं को सम्मिलित किया जाएगा। इस हेतु एक पोर्टल विकसित कर आम जनमानस के सुझावों को प्राप्त किया जा रहा है आप सभी अपने सुझाव पोर्टल के माध्यम से दे सकते। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश आज देश के ग्रोथ इंजन के रूप में विकास की नई ऊंचाइयों को स्पर्श कर रहा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व सहित समस्त अधिशासी अधिकारी अध्यक्ष, सभासद अपने-अपने नगर निकाय क्षेत्रों में कार्यक्रम से जुड़े रहे।



# राजमिस्त्री की ईटों से पीटकर हत्या

## सरूरपुर क्षेत्र के भूनी गांव का मामला, रविवार देर शाम शराब पीकर चबूतरे पर बैठने को लेकर हुआ था विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना सरूरपुर के गांव में भूनी रविवार रात्रि एक युवक की ईटों से पीटकर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद आरोपी युवक फरार हो गया। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद पहुंचे शव को परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से मना दिया। परिजनों की मांग थी मृतक के परिजनों को 25 रूपये का मुआवजा दिलाया जाए। अधिकारियों के समझाने के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया, पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया।

गांव भूनी निवासी 34 वर्षीय पवन पुत्र वेदप्रकाश गांव मे रहकर राजमिस्त्री का काम करता है। रविवार देर शाम पवन का गांव के ही युवकों के साथ शराब पीकर चबूतरे पर बैठने को लेकर विवाद हो गया था। देर रात्रि पवन शराब



पीकर घर लौट रहा था, तभी नशा ज्यादा होने के वजह से पवन रास्तें मे ही गिर पड़ा। जिस पर आरोपी युवक ने ईटों से बेरहमी से हमला कर दिया, जिसकी मौके पर मौत हो गई। युवक की हत्या के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। सोमवार सुबह हत्या की सूचना मिलते ही गांव पहुंचे भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने कार्यवाही की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया। दोपहर को पोस्टमार्टम के बाद पहुंचे शव को परिजनों व ग्रामीणों ने अंतिम संस्कार से मना कर दिया। परिजनों की मांग थी कि मृतक के परिजनों को 25 लाख मुआवजा व आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की। मौके पर पहुंचे सीओ आशुतोष कुमार एसडीएम उदित नारायण सेंगर ने परिजनों को समझाया, और हर संभव मदद को आश्वासन दिया। अधिकारियों के समझाने के बाद देर शाम परिजनों ने अंतिम संस्कार किया। पुलिस ने इस मामले में मोतीलाल उर्फ सोनू त्यागी को गिरफ्तार कर जेल दिया। मामला दो जाति के बीच होने की वजह से पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

# मुख्यमंत्री ने फलावदा चेयरमैन अशोक सैनी से किया वर्चुअल संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** नगर पंचायत कार्यालय पर सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 'विकसित उत्तर प्रदेश 2047 समृद्धि का शताब्दी पर्व' महाभियान के सम्बन्ध में चेयरमैन एवं सभासदों के साथ लाईव मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा चेयरमैन अशोक कुमार सैनी से सीधा वचुअल संवाद किया गया। मुख्यमंत्री ने चेयरमैन से निकाय की आय के विषय में, नगर में कराये जा रहे विकास कार्यो के विषय में चर्चा की। चेयरमैन ने मुख्यमंत्री को बताया कि पूर्व में इस निकाय की आय काफी कम थी, जिसे वर्तमान चेयरमैन के कार्यकाल में लगभग 50 लाख रूपये वार्षिक आय तक पहुंचाया गया है। नगर में शासन की मंशा के अनुरूप स्वकर प्रणाली लागू करने की कार्यवाही भी की जा रही है जिससे निकाय की आय में अधिक वृद्धि होगी। चेयरमैन ने मुख्यमंत्री को बताया कि नगर में कान्हा गौशाला भी संचालित करायी जा रही है जिसमें निराश्रित गौवंशों की देख-रेख उचित प्रकार करायी जाती है। चेयरमैन ने



मुख्यमंत्री को भविष्य में नगर में कराये जाने वाले विकास कार्यों के विषय में भी विस्तृत रूप से बताया एवं कहा कि नगर पंचायत मुख्यमंत्री के 'विकसित उत्तर प्रदेश 2047 समृद्धि का शताब्दी पर्व' महाभियान को सफल बनाने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। इस वार्तालाप से योगी आदित्यनाथ पूर्ण रूप से संतुष्ट एवं प्रसन्न हुए। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी सचिन पंवार व समस्त सभासदगण उपस्थित रहे।

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोमवार को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत एक विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन डॉ. आशीष गर्ग चिकित्सा अधीक्षक के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भूड़बराल पर आयोजित किया गया जिसका शुभारंभ ग्राम प्रधान अरुण विकल द्वारा फीता काट कर किया गया। इस अवसर पर साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भूड़बराल में जिला स्तरीय तथा ब्लॉक स्तरीय विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कुल 185 मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं प्रदान की गई, जिसके अंतर्गत स्त्री रोग सम्बधी मरीजों, नाक कान गला रोग के मरीज, दंत रोग के मरीज, गर्भवती और बच्चो टीकाकरण, पोषण संबंधी परामर्श, परिवार नियोजन की



सेवाएं, आयुष्मान कार्ड की सेवाएं एवं क्षय रोग की जांच की सुविधाएं प्रदान की गईं। साथ ही क्षय रोग के मरीजों को पोषण पोटली वितरित की गई। आयुष विभाग से डॉक्टर रितु सांगवान द्वारा आयुष सम्बन्धी सेवाएं प्रदान की गई। स्वास्थ्य शिविर में इस अवसर पर डॉक्टर रुचिन, डॉ. खुशबू, डॉ. प्रशांत, डॉ. रोहित, राधा कृष्ण एचईओ, राकेश शर्मा बीपीएम, गौरव, पुष्पेंद्र सहित सीएससी का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# डॉ. पिंटू मिश्रा को मिला सर्वहित लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्व. विद्यालय मेरठ के अटल बिहारी ऑडिटोरियम में रविवार को सर्वहित कल्याण सेवा समिति (रजि.) के तत्त्वावधान में एक भव्य राष्ट्रीय गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देशभर के विद्वानों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को उनके क्षेत्रों में असाधारण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में सुषमा स्वराज सम्मान के साथ-साथ सर्वहित लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड 2025 भी प्रदान किए गए।

बता दें कि इस मौके पर 10 विख्यात विद्वानों को अवार्ड से सम्मानित किया गया, जिनमें मेरठ के प्रसिद्ध कवि गंभीर, साहित्यकार मुकेश तिवारी, और स्वामी विवेक. ानंद सुभारती विश्वविद्यालय के

### राष्ट्रीय गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन

फाइन आर्ट्स विभाग के डीन और प्रोफेसर डॉ. पिंटू मिश्रा प्रमुख थे। डॉ. मिश्रा को यह सम्मान फाइन आर्ट्स के क्षेत्र में उनके निरंतर समर्पण और विशेष योगदान के लिए दिया गया। उनकी कला-संस्कृति को समृद्ध करने की लगन और शिक्षण में नेतृत्व ने उन्हें इस सम्मान के योग्य बनाया। डॉ मिश्रा न केवल मेरठ में ही वरन पूरे देश में चित्रकला के क्षेत्र में अग्रणी नाम हैं।

समारोह में गौ सेवा समिति उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष श्याम बिहारी तथा समाजसेविका और पर्यावरण संपादक डॉ. मधु वत्स मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सम्मानितों को पुरस्कार प्रदान करते हुए कहा कि ऐसे



आयोजन विद्वानों और कलाकारों को सम्मानित कर समाज में उनकी महत्ता को स्थापित करते हैं। उन्होंने शिक्षा, कला और सामाजिक चेतना के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि युवा पीढ़ी को इनके योगदान से प्रेरणा लेनी चाहिए।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) के सदस्य एवं महाराष्ट्र सरकार के पूर्व सलाहकार डॉ. अफरोज अहमद ने भी अपनी उपस्थिति और योगदान से कार्यक्रम को प्रभावशाली बनाया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जिम्मेदारी की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही समाज में स्थायी बदलाव आ सकता है।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और समाज सेवियों की भी भारी उपस्थिति रही। यह आयोजन विद्वान और सामाजिक कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करने के साथ ही सांस्कृतिक एवं सामाजिक चेतना को बढ़ावा देने में सफल रहा। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसमें सभी ने मिलकर भारत की एकता और सांस्कृतिक समृद्धि का संकल्प लिया।

**विशेष कॉलआउट:** डॉ. पिंटू मिश्रा ने कला के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का निरंतर प्रयास किया है। यह पुरस्कार उनके समर्पण और योगदान की राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृति है।

# सरकारी नल से आ रहा गंदा पानी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वार्ड नंबर 90 ऊंचा सद्दीक नगर फिरोज नगर मेरठ के ऊंचा सद्दीक नगर में छप्पर वाली मस्जिद के पास एजेंसी वाली गली में पिछले 15 दिन से सरकारी नल के अंदर गंदा पानी आ रहा है जिससे के मौहल्ले वालों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पानी को पीकर बच्चे व महिलाएं बूढ़े को दस्त, बुखार सांस की शिकायत पैदा हो रही हैं। मोहल्ले के असगर अली कुरैशी, सरताज सलमानी अज्जू, भूरा कुरैशी मोहम्मद जावेद, मोहम्मद अकील, रईस, फकरु सैफी चाद अली आदि ने नगर आयुक्त से समस्या का समाधान करने का निवेदन किया है।

## वी बिजनेस ने उद्यमों के रूपांतरण को बनाया सशक्त

**मेरठ।** सोमवार को उद्योगों में इनोवेशन एवं स्फूर्ति की मांग पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है, इसी के मद्देनजर जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी की एंटरप्राइज शाखा वी बिजनेस ने एमजॉन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) और सेंटर फॉर डेवलमेंट ऑफ टेलीमेटिक्स (सी-डॉट) के साथ मिलकर वी बिजनेस आईओटी इनोवेशन लैब (द लैब) का लॉन्च किया है, जिसे कारोबारों के लिए इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) उन्मुख इनोवेशन्स एवं को-क्रिएशन के हब के रूप में स्थापित किया गया है। इस अवसर पर अरविंद नेवातिया (चीफ एंटरप्राइज बिजनेस ऑफिसर, वोडाफोन आइडिया) ने कहा कि एडब्ल्यूएस एवं सी-डॉट के सहयोग से वी बिजनेस आईओटी इनोवेशन लैब के साथ हम स्टार्ट-अप्स एवं उद्यमों के लिए ऐसे सिस्टम का निर्माण कर रहे हैं जो भविष्य के अनुकूल समाधानों के डिजाइन में मददगार हो।

# छात्राओं को दी गई मिशन शक्ति केंद्र की जानकारी, सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति केंद्र के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत जानी थाना क्षेत्र के भोला झाल चौधरी इलम सिंह ज्ञान विद्यापीठ, सतवाई में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जानी थाना प्रभारी निरीक्षक महेश सिंह राठौर के नेतृत्व में महिला पुलिसकर्मियों ने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन 1090 की जानकारी दी और बताया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, दुर्व्यवहार या असमान. जनक व्यवहार होने पर तुरंत 1090 पर कॉल करें और निकटतम थाना या चौकी से संपर्क साधें। महिला



पुलिसकर्मियों ने छात्राओं को समझाया कि स्कूल आते-जाते समय रास्ते में असामाजिक तत्वों द्वारा परेशान करने या स्कूल के बाहर अनुचित व्यवहार करने की स्थिति में पुलिस को तुरंत सूचित करें। इस दौरान छात्राओं को पंपलेट भी वितरित किए गए और उन्हें अपने अधिकारों व सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक किया गया।

# जीएसटी छूट को लेकर भाजपा नेताओं ने जनता और व्यापारियों से किया संवाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोमवार को दौराला मंडल में नगर पंचायत दौराला के विभिन्न स्थानों पर जीएसटी छूट को लेकर जनता और व्यापारियों से संवाद करते सिवाल खास विधानसभा प्रत्याशी मनिंदर पाल सिंह और दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला सभी व्यापारियों ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश में जीएसटी पर भारी छूट देने से देश की जनता अभिभूत है और उनका आभार व्यक्त करती है। इस दौरान साथ रहे जिला अध्यक्ष शिव कुमार राणा, क्षेत्रीय मंत्री इंद्रपाल बजरंगी, क्षेत्रीय महामंत्री किसान मोर्चा संदीप प्रधान, बैंक डायरेक्टर मदनपाल सिंह छबड़िया, हरेंद्र चौधरी, धर्मेंद्र अहलावत, संदीप विहान, विपिन सरसवा आदि मौजूद रहे।

# विवादित भूमि पर पास मानचित्र रद्द करने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सिविल लाइन स्थित खसरा संख्या 5439 की विवादित चर्च भूमि पर मानचित्र स्वीकृति को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। शिकायतकर्ता ने मंडल आयुक्त मेरठ को ज्ञापन देकर आरोप लगाया कि इस भूमि के लिए पूर्व में एमडीए ने मानचित्र अस्वीकृत किया था, लेकिन बाद में साजिश के तहत अजय मित्तल के नाम से नया मानचित्र पास करा लिया गया। बताया गया कि इस संपत्ति को लेकर उच्च न्यायालय, सिविल न्यायालय और राजस्व परिषद में मुकदमे विचाराधीन हैं तथा कोर्ट ने किसी भी प्रकार के बदलाव पर रोक लगा रखी है। शिकायतकर्ता ने उक्त आदेशों के आधार पर पास मानचित्र को तत्काल रद्द करने की मांग की। इसको लेकर ईसाई समाज में काफी रोष है उन्होंने कहा कि अगर जल्दी इस पर कार्रवाई नहीं हुई तो हम धरने पर बैठने के लिए मजबूर होंगे। इस दौरान फादर शशि कपूर, फादर डेविड मर्सी, रोबिननाथ गोलू, प्रशांत वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# किशोरी के फोटो वायरल करने की दी धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** किशोरी का फोटो अपने साथ फेसबुक स्टेटस पर लगाकर गलत कमेंट करते हुए किशोरी का मानसिक उत्पीड़न कर रहा है। घटना के संबंध में किशोरी के पिता ने थाना फलावदा में पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री उम्र 14 वर्ष कक्षा 10 में पढ़ती है आरोपी युवक ने उसकी पुत्री के फोटो आए दिन अपनी प्रोफाइल में स्टेटस अपने साथ में लगाते हुए गलत कमेंट करते हुए आईडी पर मैसेज किया। आरोपी ने किशोरी के पिता के पर्सनल नंबर पर भी कॉल कर लड़की से बात करने के लिए बोला और कहा अगर बात नहीं कराओगे तो मेरे पास तुम्हारी पुत्री के के और भी फोटो हैं जिन्हें वह वायरल कर देगा। किशोरी के पिता ने आरोपी युवक की जानकारी की तो उसका नाम सागर जो गांव उसरा थाना मंगलौर जिला हरिद्वार का रहने वाला है। इससे पूर्व में किशोरी के रिश्तेदारों ने उक्त घटना को फेसबुक के माध्यम से देखा था और आए दिन पीड़िता की पुत्री का फोटो अपने साथ में प्रोफाइल में स्टेटस पर लगा रहा है यही नहीं किशोरी के रिश्तेदारी में भी फोन करके पुत्री को उठाने की धमकी दे रहा है। किशोरी के पिता उसके नंबर पर फोन करके कहते हैं कि तू हमारी लड़की का पीछा छोड़ दे लेकिन आरोपी युवक किशोरी के पिता को धमकी देते हुए उसके साथ गलत व्यवहार करता है और कहता है कि मैं तुम्हारी लड़की का पीछा नहीं छोड़ूंगा उसमें तुम्हें जो करना है कर लो। मैं जेल जाने से नहीं डरता हूं। आरोपी सागर के इस प्रकार के व्यवहार से नाबालिग पुत्री मानसिक उत्पीड़न झेल रही है और आरोपी युवक से उसे भय बना हुआ है। जिस कारण उसका स्कूल जाना बंद हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# रामलीला में लक्ष्मण मूर्छा का मंचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** श्रीराम लीला कमेटी सरधना द्वारा आयोजित श्रीराम चरित्र प्रदर्शन उत्सव वर्ष 2025 का आयोजन सोमवार को किया गया जिसमे श्री रामा मंडल श्रीराम तलैया मंदिर के कलाकारों द्वारा श्री राम और रावण की सेनाओं के मध्य भयंकर युद्ध हो रहा हैं, मेघनाथ निकुम्भला माता का यज्ञ करने अज्ञात स्थान पर जाता हैं, जिसकी जानकारी विभीषण, हनुमान जी को देते हैं हनुमान जी लक्ष्मण जी के साथ मेघनाथ से युद्ध करने वहीं पहुंच जाते हैं। मेघनाथ लक्ष्मण जी पर ब्रह्म शक्ति का प्रयोग कर्ता हैं, लक्ष्मण जी को मूर्छा आ जाती हैं, श्रीराम बहुत दुखी होते हैं और विलाप करते हैं हनुमान जी लंका के वैध सूखेन को लाते हैं, सूखेन वैध हिमालय से संजी. वनी बूटी लाने को कहते हैं कि यदि सूर्योदय से पूर्व संजीवनी बूटी खिला




दी जाये तो लक्ष्मण जी की मूर्छा टूट जाएगी। हनुमान जी हिमालय जाते हैं और वह संजीवनी बूटी नहीं पहचान पाते तो द्रोणागिरी पर्वत को ही उठा लाते हैं जिसके सेवन से लक्ष्मण जी की मूर्छा टूट जाती हैं तक की लीला का मंचन किया गया। श्रीराम चरित्र प्रदर्शन मे सूर्यदेव त्यागी, आशीष त्यागी, राहुल सैनी, सुनील शर्मा, अलोक जैन, राजकुमार प्रजापति, प्रदीप बुद्धिराजा, हर्षिल मित्तल, नवीन बंसल, महिपाल वाल्मीकि, सुमित, ललित, रवि प्रजापति, संजय, राहुल उपस्थित रहे। राम लीला कमेटी की और से संयोजक शरद त्यागी, मलखान सैनी, मूलचंद सैनी, अजय त्यागी, पुलकित, प्रदीप कुमार मित्तल, दिनेश गोयल एडवोकेट उपस्थित रहे। संचालन वीरेंद्र सैनी एडवोकेट ने किया।

# युवा उद्यमिता को प्रोत्साहन को शोभित विवि व उत्तर प्रदेश सरकार के बीच समझौता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार शो परिसर में शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मेरठ (नेक ए ग्रेड ग्रेड, डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी) ने उत्तर प्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग के साथ मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी का उद्देश्य प्रदेश में नवाचार एवं स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देना, युवा उद्यमियों को व्यवसाय प्रारंभ करने की क्षमता, कौशल विकास एवं वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराना है। इस पहल के




अंतर्गत विश्वविद्यालय अपनी शैक्षणिक विशेषज्ञता, अनुसंधान सुविधाएं और नवाचार केंद्र उपलब्ध कराएगा, वहीं एमएसएमई विभाग चयनित सेवा प्रदाता -समाधान समिति के माध्यम से प्रशिक्षण, मार्गदर्शन एवं वित्तीय सहायता सुनिश्चित करेगा।

शोभित विश्वविद्यालय पहले से ही एक सशक्त स्टार्टअप इकोसिस्टम विकसित कर चुका है, जिसमें टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर, इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल, आडिया लैब, एंटरप्रेन्योरशिप सेल और आईपीआर सेल जैसी इकाइयाँ सक्रिय हैं। ये इकाइयाँ विद्यार्थियों को विचार से लेकर प्रोटोटाइप, परामर्श, उद्योग संपर्क और बौद्धिक संपदा संरक्षण तक संपूर्ण सहयोग प्रदान करती हैं।

**समझौते के प्रमुख बिंदु:** एमएसएमई विभाग युवाओं को वित्तीय सहायता, अनुदान एवं ऋण सुविधा प्रदान करेगा। 300 से अधिक उद्योग एवं सेवा क्षेत्रों पर आधारित व्यवसाय मॉडल्स पर प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। चयनित उद्यमियों को राज्य स्तरीय कार्यक्रमों, प्रदर्शनियों एवं एमएसएमई कॉन्क्लेव्स में प्रोजेक्ट प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। विश्वविद्यालय परिसर में कार्यशालाएँ, वेबिनार, काउंसलिंग एवं इनक्यूबेशन सेंटर की सुविधाएं सुदृढ़ की जाएंगी। इस सहयोग से प्रदेश में नवाचार-आधारित उद्यमिता को नई गति मिलेगी और युवा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सकेंगे।

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर शोभित विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. गणेश भारद्वाज एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के मिशन निदेशक द्वारा किए गए। इस अवसर पर शोभित विवि के कुलपति प्रो. (डॉ.) वी.के. त्यागी, प्रो. (डॉ.) अशोक कुमार, देवेंद्र नारायण सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# लंदन किड्स स्कूल में डांडिया प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में मीठेपुर मार्ग पर स्थित लंदन किड्स स्कूल में सोमवार को डांडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी छोटे बड़े बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान सभी बच्चों ने ट्रेडिशनल ड्रेस पहनी हुई थी। इस दौरान सभी कक्षाओं के बच्चों ने जमकर डांस करते हुए मस्ती की। इस दौरान स्कूल की प्रधानाचार्य रमा चौधरी, प्रिया,मोहिनी, श्रुति, महक शादमान सिद्दीकी आदि अध्यापक व अध्यापिकाएं मौजूद रहे।



# संवाद कार्यक्रम में जुड़ी रही सरधना नगर पालिका की टीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सोमवार को नगर पालिका परिषद सरधना के अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश एवं आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश समृद्धि का शताब्दी पर्व पर मुख्यमंत्री द्वारा नगर निगम व नगर पालिकाओं से संवाद कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक कराया गया कराया गया। जिसमें दीपिका शुक्ला द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कराकर माननीय अध्यक्ष सबीला बेगम व नगर पालिका के समस्त सभासद गणों को कार्यक्रम में आमंत्रित कर संवाद को लाइव स्क्रीन पर सुनाया गया। इस दौरान नगर पालिका परिषद की टीम मौजूद रही।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### टीम इंडिया को दी एशिया कप विजेता बनने पर बधाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह व उत्तर प्रदेश के सीएम सहित विभिन्न नेताओं ने एशिया कप के विजेता बनने पर भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी है। महामहिम ने भारतीय टीम को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा कि एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट जीतने पर टीम इंडिया को मेरी हार्दिक बधाई। टीम ने टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं हारा, जिससे खेल में उनका दबदबा कायम रहा। मैं कामना करती हूं कि टीम इंडिया भविष्य में भी इसी तरह अपना परचम लहराए। वहीं, श्री मोदी ने भारतीय क्रिकेट टीम को जीत की बधाई देते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि खेल के मैदान पर ऑपरेशन सिंदूर नतीजा वही, भारत जीत गया! हमारे क्रिकेटरों को जीत की बधाई। शाह ने टीम इंडिया को जीत की बधाई देते हुए एक्स पर लिखा कि एक अद्भुत जीत।

### यूसीआई रोड वर्ल्ड चैंपियनशिप में तादेज ने जीता स्वर्ण

**रवांडा, वार्ता।** स्लोवेनियाई राइडर तादेज पोगाकर ने टूर्नामेंट के आखिरी दिन 267.5 किलोमीटर की यूसीआई रोड वर्ल्ड चैंपियनशिप पुरुषों की एलीट रोड रेस 6:21:20 में जीतकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रविवार को हुई इस स्पर्धा में बेल्जियम के रेम्को इवेनेपोल ने 6:22:48 के समय के साथ दूसरा स्थान हासिल कर रजत पदक जीता, जबकि आयरलैंड के बेन हीली ने 6:23:36 के समय के साथ कांस्य पदक मिला। स्पर्धा के बाद पोगाकर ने संवाददाताओं से कहा कि अफ्रीका में, खासकर रवांडा में, जीतना इसे और भी खास बनाता है। यह एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है, वास्तव में एक सफल सप्ताह।

# कुलदीप एशिया कप के टॉप विकेट टेकर

● **अभिषेक शर्मा के सबसे तेज 50 छक्के, भारत ने 18 साल बाद पाकिस्तान को फाइनल में हराया**



**दुबई, वार्ता।** भारत ने रविवार को दुबई में खेले गए फाइनल में पाकिस्तान को हराकर 9वीं बार एशिया कप का टाइटल अपने नाम कर लिया। 20 दिन चले टूर्नामेंट में कई बड़े रिकाड्र्स बने। कुलदीप यादव एशिया कप इतिहास के टॉप विकेट टेकर बने।

उन्होंने एक एडिशन में सबसे ज्यादा विकेट भी लिए। अभिषेक शर्मा टी-20 क्रिकेट में सबसे कम गेंदों पर 50 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने। टूर्नामेंट के 41 साल के इतिहास में पहली बार भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल हुआ। वहीं टीम इंडिया टूर्नामेंट इतिहास में सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली टीम भी बनी। भारत ने पाकिस्तान को इंटरनेशनल क्रिकेट में लगातार 8वीं बार हराया। टीम को आखिरी हार 2022 के एशिया कप में दुबई के मैदान पर ही मिली थी। इसके बाद टीम ने पाकिस्तान को टी-20 वर्ल्ड कप में 2 बार और एशिया कप में 4 बार हराया। वनडे वर्ल्ड कप और चौंपियंस ट्रॉफी में 1-1 जीत दर्ज की। भारत ने एशिया कप में पाकिस्तान पर क्लीन स्वीप भी किया। टीम ने ग्रुप स्टेज में 7 विकेट, सुपर-4 में 6 विकेट और फाइनल में 5 विकेट के अंतर से जीत दर्ज की। मल्टीनेशन टूर्नामेंट में पहली बार किसी चैंपियन ने दूसरी टीम को लगातार 3 बार हराया। इससे पहले 1983 के वर्ल्ड कप में चैंपियन भारत ने वेस्टइंडीज और 2004 के एशिया कप में चैंपियन श्रीलंका ने भारत को 3 मुकाबलों में 2 बार हराया था। टी-20 एशिया कप के एक मैच में सबसे ज्यादा रन बने एशिया कप में सुपर-4 स्टेज का आखिरी मैच बेहद रोमांचक हुआ। भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 202 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका ने भी 202 रन बनाकर मैच टाई करा लिया। दोनों टीमों ने मिलकर 404 रन बनाए। यह एक टी-20 एशिया कप मैच में सबसे ज्यादा रन बनने का रिकार्ड रहा। इससे पहले 2022 में बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच मैच में 367 रन बने थे। भारत लगातार 6 सुपर ओवर जीतने वाली पहली टीम भारत और श्रीलंका के बीच सुपर-4 मैच टाई रहा, जिसे टीम इंडिया ने सुपर ओवर में जीता। टीम इंडिया टी-20 इंटरनेशनल में लगातार 7 टाई मैच जीतने वाली दुनिया की पहली ही टीम है। इस दौरान भारत ने पिछले 6 मैच सुपर ओवर में जीते। भारत और श्रीलंका के बीच लगातार दूसरा टी-20 टाई रहा। इससे पहले 2020 में भारत और न्यूजीलैंड के बीच भी लगातार 2 टी-20 टाई हुए थे। हर बार भारत को जीत मिली। भारत का पाक के खिलाफ सबसे बड़ा रन चेज एशिया कप के सुपर-4 मैच में भारत ने पाक को 6 विकेट से हराया। टीम ने 172 रन का टारगेट 18.5 ओवर में हासिल कर लिया। यह पाक के खिलाफ टीम इंडिया का हाईएस्ट टी-20 चेज रहा। इससे पहले 2022 के वर्ल्ड कप में टीम ने 160 रन चेज किए थे। भारत के खिलाफ लोएस्ट टी-20 टोटल बना भारत के खिलाफ एशिया कप के पहले मैच में यूएई की टीम 57 रन बनाकर ही सिमट गई।

## पीसीबी प्रमुख के कथित तौर पर एशिया कप ट्रॉफी लेकर चले जाने पर बीसीसीआई विरोध जताएगा

**दुबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ( बीसीसीआई) सचिव देवजीत सैकिया ने आज एशिया कप 2025 के फाइनल में मैच के बाद एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी के विजेता ट्रॉफी ले जाने की घटना की निदा करते हुए इसे 'बेहद दुर्भाग्यपूर्ण, खेल भावना के विरुद्ध' बताया और कहा कि नवंबर की शुरुआत में दुबई में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) सम्मेलन में इस पर औपचारिक विरोध दर्ज कराया जाएगा।

भारत की कल रात पाक पर रिकॉर्ड नौवीं एशिया कप जीत उस अभूतपूर्व नाटक के कारण धूमिल हो गई, जब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष

**बीसीसीआई सचिव ने एसीसी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी के विजेता ट्रॉफी के ले जाने की घटना की निंदा की**

मोहसिन नकवी कथित तौर पर भारत की पांच विकेट की जीत के तुरंत बाद विजेता ट्रॉफी लेकर चले गए, जिससे मंच खाली हो गया और प्रशंसक स्तब्ध रह गए। कथित तौर पर भारतीय टीम ने आयोजकों को पहले ही चेतावनी दे दी थी कि अगर नकवी ट्रॉफी सौंपने की कोशिश करेंगे तो वे मंच पर नहीं आएंगे। सैकिया ने कहा कि भारत ने पूरे टूर्नामेंट में पाकिस्तान पर दबदबा बनाए रखा है और तीनों मैच आसानी से जीते हैं। हमें अपने खिलाड़ियों और कर्मचारियों पर गर्व है, और उनका प्रदर्शन देश के लिए अपार सम्मान लेकर आया है।

## खिलाड़ियों ने किया ट्रॉफी लेने से इंकार बीसीसीआई की कोई भूमिका नहीं : सूर्या



● **भारतीय टीम के इंकार के कारण दुबई अंतर्राष्ट्रीय मैदान में पुरुस्कार वितरण काफी देर बाद हुआ**

**दुबई, वार्ता।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा है कि विजेता टीम की ट्रॉफी एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष और पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी से लेने से इंकार का का फैसला पूरी तरह खिलाड़ियों का था इसमें भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की कोई भूमिका नहीं हैं।

सूर्यकुमार ने बीसीसीआई और एसीसी के बीच किसी भी आधिकारिक बातचीत से इस फैसले को अलग रखते हुए कहा कि किसी ने हमें ऐसा करने के लिए नहीं कहा। हमने यह फैसला मैदान पर ही लिया। जब से मैंने क्रिकेट खेलना और क्रिकेट देखना शुरू किया है, तब से मैंने ऐसा कभी नहीं देखा कि एक चैंपियन टीम को ट्रॉफी से वंचित कर दिया जाए। वह भी कड़ी मेहनत से हासिल की गई ट्रॉफी, जो हमें आसानी से नहीं मिली। पाकिस्तान के मंत्री नकवी कथित तौर पर विजेता ट्रॉफी और पदक लेकर मैदान से चले गए।

भारतीय टीम के इनकार के कारण दुबई अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में मैच के बाद की पुरस्कार वितरण काफी देर बाद हुआ। ट्रॉफी न होने के बावजूद, भारतीय खिलाड़ियों ने पोडियम पर जश्न मनाया। सूर्यकुमार ने ट्रॉफी उठाने का अभिनय किया, जिसमें टीम के साथी भी शामिल हुए और प्रशंसकों ने जोरदार जयकारे लगाए। उन्होंने कहा कि मेरी ट्रॉफियां ड्रेसिंग रूम में मौजूद 14 खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ हैं। यही असली ट्रॉफियां और असली यादें हैं जिन्हें मैं अपने साथ ले जा रहा हूं। भारतीय कप्तान ने यह भी घोषणा की कि वह अपनी पूरी एशिया कप मैच फीस भारतीय सशस्त्र बलों को दान कर देंगे। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि लोग इसे विवादास्पद कहेंगे या नहीं, लेकिन मेरे लिए यही सही है।

# भारतीय टीम ने नहीं ली नकवी से ट्रॉफी

**दुबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम ने रविवार को दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल मैच में जीत के बाद, एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी से एशिया कप ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया। इस घटनाक्रम के कारण रिंकू सिंह द्वारा विजयी चौका जड़े जाने के डेढ़ घंटे से भी अधिक समय बाद पुरस्कार वितरण समारोह शुरू हुआ। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार भारतीय टीम ने नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया, जबकि नकवी विजेता टीम को ट्रॉफी सौंपने के लिए अपनी जगह से हटने को तैयार नहीं हुए। नकवी, जो कि पाकिस्तान के गृहमंत्री भी हैं, इस

● **पुरस्कार वितरण का प्रसारण शुरू होने से पहले ही ट्रॉफी को मैदान से हटा लिया गया था**

बात पर अड़े रहे कि वे अकेले ही ट्रॉफी देंगे। पुरस्कार वितरण का प्रसारण शुरू होने से पहले ही ट्रॉफी को मैदान से हटा लिया गया था। तिलक वर्मा, कुलदीप यादव और अभिषेक शर्मा ने प्रायोजकों से अपने-अपने पुरस्कार प्राप्त किए लेकिन भारतीय टीम को अपने विजेता पदक और ट्रॉफी नहीं मिल पायी। भारत को बिना ट्रॉफी के अपने ड्रेसिंग रूम में लौटना पड़ा। पाकिस्तान ने बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम से अपने उपविजेता पदक प्राप्त किए और उसके बाद सीधे अपने ड्रेसिंग रूम में चले गए, उनके साथ उनके मुख्य कोच माइक




हेसन भी थे। मैच समाप्त होने के बाद पाकिस्तान की टीम और उसके सदस्य ड्रेसिंग रूम चले गए इसे बाद प्रेस कॉफ्रेंस को लेकर अनश्चिता का माहौल बन गया। पाकिस्तानी टीम आखिरकार एक घंटा अंदर बिताने के बाद, संभवत: तनावपूर्ण गतिरोध के खत्म होने का इंतजार करते हुए, ड्रेसिंग रूम से बाहर निकली और अपनी टीम को ट्रॉफी उठाते देखने के लिए उत्सुक अधिकतर भारतीय दर्शकों ने जोरदार हूटिंग की। फिर भी पुरस्कार वितरण समारोह में और देरी हुई और दोनों टीमों के खिलाड़ी मैदान पर ही बैठे रहे।

# भरोसे का प्रतीक बन गए हैं तिलक



**नई दिल्ली, वार्ता।** दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में रविवार को खेले गए एशिया कप फाइनल में भारत के माथे पर जीत का तिलक लगाने वाले तिलक वर्मा आज न केवल हर भारतीय की जुबान पर हैं, बल्कि भरोसे का प्रतीक भी बन गए हैं।

आठ नवंबर 2002 को आंध्र प्रदेश के हैदराबाद में तेलगु परिवार में जन्में तिलक वर्मा ने 21 की उम्र पार करने से पहले ही अगस्त 2023 में भारत के लिए अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच खेला था। अपने इस पहले मैच में उन्होंने वेस्टइंडीज

● **आईपीएल में शानदार प्रदर्शन ने भारतीय टीम में तिलक के चयन का मार्ग प्रशस्त कर दिया**

के खिलाफ दूसरी और तीसरी ही गेंद पर दो शानदार छक्के लगाकर साबित कर दिया कि वह क्रिकेट जगत में अपनी धाक जमाने के लिए आए हैं। एक वक्त था जब इस प्रतिभावान खिलाड़ी के पिता श्री नम्बूरी नागराजू के पास इतने पैसे नहीं थे कि वह निजी कोचिंग की व्यवस्था कर पाते, लेकिन तब तिलक के पहले कोच श्री सलाम बयाश ने न केवल उनके लिए मुफ्त कोचिंग की व्यवस्था की, बल्कि आवश्यक सामान भी जुटाए। तिलक ने उनके भरोसे पर खरे उतरते हुए 2018-19 में हैदराबाद की ओर से प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण किया। उन्हें जल्द ही, 2020 में दक्षिण अफ्रीका में खेले जाने वाले अंडर-19 विश्वकप के लिए चुन लिया गया, जहां उन्होंने तीन पारियों में महत्वपूर्ण 86 रन बनाए। तिलक घरेलू क्रिकेट में 2021 में हैदराबाद की ओर से खेलते हुए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया और सात पारियों में 147-26 के स्ट्राइक रेट से 215 रन बनाए। इस प्रदर्शन पर आईपीएल टीमों की नजर गई और 2022 के मेगा ऑक्शन में मुंबई इंडियन्स ने उन्हें 1.70 करोड़ में खरीद लिया। तिलक ने अपने पहले आईपीएल सीजन में सभी 14 मैच खेले और 36.09 की औसत एवं 131.02 की स्ट्राइक रेट से 397 रन बनाए। आईपीएल के इस शानदार प्रदर्शन ने भारतीय टीम में उनके चयन का मार्ग प्रशस्त कर दिया और उन्होंने 2023 में वेस्ट इंडीज के खिलाफ अपना पदार्पण किया। तिलक वर्मा ने अब तक के अपने क्रिकेट कैरियर में 32 अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैचों में 30 पारियों में 149 की स्ट्राइक रेट से 962 रन बनाए हैं। अपने टी-20 करियर में उन्होंने दो शतक लगाए हैं।

### टेलर ने जेनसन ब्रूक्सबी को हराकर टोक्यो फाइनल में प्रवेश किया

**टोक्यो, वार्ता।** अमेरिका के स्टार टेनिस खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज सोमवार को जापान ओपन में अपने हमवतन जेनसन ब्रूक्सबी पर सीधे सेटों में जीत के साथ सीजन के अपने तीसरे एटीपी टूर फाइनल में पहुंच गए। दूसरे वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज ने आज खेले गए मुकाबले में ब्रूक्सबी को 6-4, 6-3 से हराकर फाइनल में जगह बनाई और अब उनका फाइनल में सामना शीर्ष रैंलकग वाले कार्लोस अल्काराज और कैस्पर रूड के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। फ्रिट्ज ने ब्रूक्सबी के खिलाफ 13 ऐस लगाए और अपने पहले सर्व पॉइंट्स में से 85 प्रतिशत अंक हासिल किए, जिन्हें दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी ने इस साल तीसरी बार हराया था। उन्होंने 5-4 के स्कोर पर ब्रूक्सबी की सर्विस ब्रेक की और पहला सेट जीत लिया।

## डेनिस ने दो विश्व रिकॉर्ड के साथ बाजी मारी

**नई दिल्ली, वार्ता।** डेनिस ग्नेजदिलोव ने सोमवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जारी इंडियनऑयल नई दिल्ली पैरा विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में पुरुषों के एफ40 स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड को दो बार तोड़ते हुए शॉटपुट सर्कल में एक विशालकाय खिलाड़ी की तरह कदम रखा। शुरुआती 10.66 मीटर के प्रयास के बाद उनके पांचों थ्रो में से प्रत्येक उनके लिए स्वर्ण पदक जीतने के लिए पर्याप्त था। रुस्तवी में जन्मे 38 वर्षीय इस खिलाड़ी ने अपनी अलग ही पहचान बनाई, अपने तीसरे प्रयास में 11.85 मीटर थ्रो के साथ उन्होंने पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मिगुएल मोंटेइरो का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा और आखिरी थ्रो में 11.92 मीटर थ्रो ने उनके रिकॉर्ड को और भी ऊंचा कर दिया। टोक्यो 2020 पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता ने अपना तीसरा विश्व चैंपियनशिप खिताब जीतकर इस खेल के इतिहास में अपनी जगह पक्की कर ली। मिगुएल मोंटेइरो

● **डेनिस ने पुरुषों के एफ40 स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड को दो बार तोड़ते हुए शॉटपुट सर्किल में एक विशालकाय खिलाड़ी की तरफ कदम रखा**

(पुर्तगाल) और गर्राह तनायाश (इराक), जो पहले भी पुरुषों के शॉट पुट एफ40 विश्व रिकॉर्ड का मालिक रह चुके हैं, ने फाइनल को एक रोमांचक मुक. ाबला बनाने की कोशिश की। दो पूर्व विश्व चैंपियन, गर्राह तनायाश और यानिस फिशर (जर्मनी) के मैदान में होने के कारण, फाइनल उम्मीद के मुता. बिक उच्च स्तर का रहा। पुर्तगाली स्टार ने पहले राउंड के बाद 10.92 मीटर के साथ बढ़त बनाई, लेकिन गनेजदिलोव ने दूसरे राउंड में 11.59 मीटर के प्रयास के साथ अपनी पकड़ मजबूत कर ली। उन्होंने अपनी पकड़ ढीली नहीं की और न ही पैडल से पैर हटाया, अपने तीसरे प्रयास में विश्व रिकॉर्ड हासिल किया और, पकड़ के आश्वस्त होने के बावजूद, बिना किसी आत्मसंतुष्टि के, अपने पिछले प्रयास में रिकॉर्ड को फिर से स्थापित किया। दयावंती ने एशियाई रिकॉर्ड तोड़ा, लेकिन चौथे स्थान पर रहीं। सोमवार सुबह मैदान में उतरने वाली भारतीय खिलाड़ियों में, दयावंती का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा। अपने आखिरी प्रयास में 27-94 मीटर के प्रयास से वह महिलाओं के डिस्कस थ्रो एफ 64 फाइनल में चौथे स्थान पर रहीं। इससे उन्हें एशियाई रिकॉर्ड तो मिला, लेकिन कांस्य पदक विजेता एलिसिया गुएरेरो (अमेरिका) और उनके बीच 1.51 मीटर का अंतर था। इसी तरह एक अन्य भारतीय आयुष वर्मा पुरुषों के शॉटपुट एफ5 फाइनल में पांचवें स्थान पर रहे। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास 7.23 मीटर रहा, जो एलेस किसी (चेक गणराज्य) द्वारा प्राप्त कांस्य पदक की दूरी से 97 सेमी कम था। अनुभवी धावक रोंगाली रवि, पुरुषों के शॉटपुट एफ40 फाइनल में जगह नहीं बना पाए। उन्होंने इस सीजन का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास 10. 10 मीटर किया, लेकिन पोडियम फिनिश से 76 सेमी कम रह गए।

## श्रीलंका के खिलाफ भारतीय महिला टीम विश्वकप में जीत के साथ शुरुआत करने उतरेगी

**गुवाहाटी, वार्ता।** मजबूत रिकार्ड के साथ प्रबल दावेदार के रूप में भारतीय महिला क्रिकेटर मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ आईसीसी महिला विश्व कप 2025 के पहले मैच में जीत हासिल करने उतरेगी। वनडे मुकाबलों की बात की जाए तो भारत ने श्रीलंका के खिलाफ खेले गए 35 मैचों में से 31 में जीत हासिल की है। मेहमान टीम को केवल तीन मैच जीते है और एक बेनतीजा रहा है। यह शानदार रिकॉर्ड भारत को गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले मुकाबले में मनोवैज्ञानिक बढ़त दिलाता है। इस साल शानदार फॉर्म में चल रही कप्तान हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना का बल्लेबाजी में दबदबा होगा। उन्होंने 14 मैचों में 66.28 की औसत से 928 रन बनाए हैं, जिसमें चार शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल हैं। जेमिमाह

● **भारत ने श्रीलंका के खिलाफ खेले गए 35 मैचों में से 31 में जीत हासिल की है**

रोड्रिग्स, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा और प्रतीका रावल एक चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने में सक्षम टीम बनाती है। भारतीय गेंदबाजी की बात की जाए तो स्नेह राणा 4.97 की इकॉनमी रेट से 21 विकेट लेकर शीर्ष पर हैं। रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़ और दीप्ति शर्मा, सभी श्रीलंकाई बल्लेबाजों को रोकने और महत्वपूर्ण मौकों पर विकेट झटकने में सक्षम है। वहीं चामरी अटापट्टू की अगुवाई में श्रीलंका इतिहास को फिर से लिखने की कोशिश करेगा। उनकी उम्मीदें भरोसेमंद हर्षिता समरविक्रमा पर टिकी हैं, जिन्होंने इस साल आठ मैचों में 48.00 की औसत से 336 रन बनाए हैं। स्पिनर देवमी विहंगा उनकी बेहतरीन गेंदबाज रही हैं, उन्होंने चार मैचों में 11 विकेट लिए हैं। इन पर भारत के स्कोर को रोकने की जिम्मेदारी होगी। बरसापारा की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल मानी जाती है, इस पिच पर एकदिवसीय मैचों में पहली पारी का औसत स्कोर लगभग 300 रन होता है। बीच के ओवरों में स्पिनर को टर्न मिल सकता हैं।

**संभावित भारतीय महिला एकादश:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), मंधाना, प्रतीक रावल, जेमिमा, हरलीन देओल, दीप्ति, स्नेहा, ऋचा (विकेट कीपर), अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़ और रेणुका सिंह ठाकुर।

**संभावित श्रीलंका महिला एकादश:** चामरी (कप्तान), हर्षिता समाराविक्रमा, हासिनी परेरा, विशमी गुणरत्ने, नीलाक्षी डी सिल्वा, अनुष्का (विकेट कीपर), पिउमी, देवमी विहंगा, सुगंडिका कुमारी, इनोका राणावीरा और मल्की मदारा।

## स्ट्रोक से वर्ल्ड चैंपियन तक रोचक और प्रेरक है पोलैंड की मैग्दलेना की खेल यात्रा

**नई दिल्ली, वार्ता।** जब मैग्दलेना एंड्रुस्जकिविच ने इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं की टी72 400 मीटर फाइनल रेस का फिनिशलाइन छुआ तो, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम तालियों से गूंज उठा। दर्शकों के लिए यह एक दिव्यांग एथलीट की शानदार जीत थी, लेकिन मैग्दलेना के लिए यह सात वर्षों की संघर्षमय यात्रा, धैर्य और अडिग उम्मीद का प्रतीक था।

इस 37 वर्षीय पोलिश एथलीट की कहानी असामान्य है। सात साल पहले, अचानक हुए मस्तिष्क स्ट्रोक ने उनके शरीर के एक हिस्से को निष्क्रिय कर दिया था। मैग्दलेना याद करती हैं कि एक पल में मेरी दुनिया बदल गई। जिंदगी जैसी मैं जानती थी, अचानक खत्म हो गई लग रही थी। लेकिन यही क्षण उनके जीवन जीवन की एक नई और प्रेरणादायी यात्रा की शुरुआत बन गया। फिजिकल थेरेपी के दौरान फ्रेम साइकिल चलाते हुए उन्होंने धीरे-धीरे खेलों के प्रति लगाव महसूस किया। वह कहती हैं कि शुरुआत में यह केवल अपने पैरों पर खड़े होने की को. शिश थी। फिर यह मेरा जुनून बन गया, और अब यह मेरी जिंदगी है। पांच साल पहले मैग्दलेना ने पैरा एथलेटिक्स को पूरी तरह अपनाया। जापान के कोबे में आयोजित विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पिछले संस्करण में उन्होंने टी72 कटेगरी में विश्व रिकार्ड के साथ पहला वर्ल्ड चैंपियनशिप खिताब जीता।




### जूनियर महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया अंडर-21 पर जीत दर्ज की

**कैनबरा, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने सोमवार को कैनबरा के नेशनल हॉकी सेंटर में अपने तीसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया अंडर-21 टीम पर 1-0 से जीत दर्ज की। कनिका सिवाच (32वें मिनट) ने भारत के लिए विजयी गोल दागा। आज यहां खेले गए मुकाबले में भारतीय महिला जूनियर टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। पहले हाफ में दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर के बाद, भारत ने आखिरकार तीसरे क्वार्टर के शुरुआती मिनटों में कनिका सिवाच के महत्वपूर्ण मैदानी गोल की बदौलत गतिरोध तोड़कर अपनी टीम को जीत दिलाई।

# खेल में राजनीति

रविवार को दुबई में खेले गए एशिया कप के फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया। यह भारत की एशिया कप में नौवीं जीत थी। जाहिर है इस जीत के साथ ही पूरा भारत जश्न में डूब गया, लेकिन यह देखना बेहद अजीब रहा कि जश्न के साथ भारत में राजनीति भी शुरू हो गई। वैसे इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस पोस्ट ने की, जिसमें उन्होंने लिखा कि ऑपरेशन सिंदूर खेल के मैदान पर भी जारी है। वहीं भारतीय कप्तान ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अच्छा लगता है जब देश का लीडर फ्रंटफुट पर बल्लेबाजी करता है। सूर्य कुमार यादव के अनुसार यह ऐसा है जैसे वह खुद स्ट्राइक लेकर रन बना रहे हों। यह देखकर बहुत अच्छा लगा और जब सर सामने खड़े हों तो निश्चित रूप से खिलाड़ी खुलकर खेलेंगे। वहीं कांग्रेस ने मोदी के ट्वीट पर तंज कसते हुए कहा कि क्रिकेट मैच की तुलना युद्ध के मैदान से करना ठीक नहीं है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने एक्स पर कहा कि पहली बात तो यह है कि एक क्रिकेट मैच की तुलना युद्ध से करना ठीक नहीं है, दूसरी यह कि यदि तुलना कर ही दी, तो आपको टीम से यह सीखना चाहिए कि जब जीत के करीब हों, तो थर्ड एंपायर के कहने पर अच्छे कप्तान सीजफायर नहीं करते। जाहिर है वह जब ऐसा कह रहे थे उनका मतलब ऑपरेशन सिंदूर को रोकने से था, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बार-बार यह दावा करते रहे हैं कि यह युद्ध मैंने रुकवाया। बात यहीं खत्म नहीं होती, भारतीय टीम ने पाक क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन मोहसीन नकवी के हाथों ट्रॉफी लेने से इन्कार कर दिया। जिसके चलते वह नाराज होकर ट्रॉफी को अपने साथ पाकिस्तान लेकर चले गए। इस तरह भारत शायद ऐसी पहली टीम बन गई जो बिना ट्रॉफी के ही फाइनल जीतने का जश्न मना रही है। जैसाकि भारतीय कप्तान सूर्य कुमार ने कहा भी कि जब से वह क्रिकेट खेल रहे हैं, तब से उन्होंने पहली बार देखा है कि चैंपियन टीम को ट्राफी नहीं दी गई। अवार्ड सेरेमनी के प्रेजेंटर साइमन डूल ने बताया कि भारतीय टीम अवार्ड नहीं ले गई, जिसके चलते यह पाया कि दुबई स्पोर्ट सिटी के खालिद अल जरूनी से ट्राफी दिलाई जाए, लेकिन नकवी नहीं माने और इसके बाद कार्यक्रम खत्म कर दिया गया। दूसरी बात इस पूरे टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों ने पाक खिलाड़ियों से कभी हाथ नहीं मिलाया। बीसीसीआई सचिव देवजीत सोकिया का कहना है कि यह हमने तय किया था कि भारतीय टीम ने पाक क्रिकेट बोर्ड के किसी अधिकारी से ट्राफी नहीं लेगी। उनका कहना था कि इसका मतलब यह नहीं कि नकवी भारत की ट्राफी या मेडल पाकिस्तान ले जाने के हकदार हो जाएंगे। वह इस पूरे मामले को नवंबर में होने वाली आईसीसी की कान्फ्रेंस में उठाएंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत को ट्राफी जल्द मिल जाएगी। यह तमाम बातें इशारा करती हैं कि अब खेल में भी सीधे तौर से राजनीति घुस आई है। लोग तो यह भी कह रहे हैं कि जब इतनी कटुता है तो फिर पाक के साथ मैच खेलने का मतलब ही क्या है। हालांकि ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो पाक के साथ मैच खेलने से इन्कार करते रहे हैं। उनकी नजर में आतंकवाद व क्रिकेट साथ-साथ नहीं चल सकते।

## लोकसभा में विपक्ष के नेता असुरक्षित



पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी देने देने वाले भाजपा प्रवक्ता के खिलाफ तुरंत कार्रवाई न होना राहुल गांधी के खिलाफ हिंसा में मिलीभगत माना जाएगा, यह धमकी किसी छोटे पदाधिकारी की लापरवाही भरा रिएक्शन नहीं है, यह जानबूझकर फैलाए गए नफरत के जहरीले वातावरण का असर है, जो लोकसभा में विपक्ष के नेता को असुरक्षित बनाता है, भारत की लोकतांत्रिक जनता ऐसा नहीं होने देगी, अब यह गृह मंत्री अमित शाह की जिम्मेदारी है कि बताएं आपकी पार्टी और सरकार किस विचारधारा के पक्ष में हैं।

**केसी वेणुगोपाल**
**महासचिव, कांग्रेस**

# नवरात्रि: जहां नारी का सम्मान, वहीं समाज का उत्थान



**योगेश कुमार गोयल**



नवरात्रि पर्व का भारतीय संस्कृति में बहुत बड़ा महत्व है। नवरात्रि के दौरान देवी दुर्गा के नौ रूपों मां शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की आराधना की जाती है। मां शैलपुत्री पर्वतराज हिमालय की पुत्री हैं, जो शक्ति और भक्ति की प्रतीक हैं, मां ब्रह्मचारिणी तपस्या और साधना का स्वरूप है, मां चंद्रघंटा शांति और सौम्यता की देवी हैं, मां कुष्मांडा सृष्टि की रचनाकार हैं, मां स्कंदमाता करुणा और वात्सल्य की मूर्ति हैं, मां कात्यायनी शक्ति और विजय की देवी हैं, मां कालरात्रि काली रूप हैं, जो अंधकार का नाश करती हैं, मां महागौरी पवित्रता और शांति की देवी हैं तथा मां सिद्धिदात्री सभी सिद्धियों को प्रदान करने वाली देवी हैं। नवरात्रि पर्व भारत की गौरवमई संस्कृति में सही मायनों में नारी शक्ति के आदर-सम्मान का उत्सव है। यह उत्सव नारी को उसके स्वाभिमान और शक्ति का स्मरण कराता है, साथ ही समाज को नारी शक्ति का सम्मान करने के लिए प्रेरित भी करता है।

भारतीय संस्कृति में नारी को विशेष सम्मान प्राप्त रहा है। सनातन धर्म में मां दुर्गा को जगत का पालन करने वाली, विश्व कल्याण की प्रणेता और दुष्टों का संहार करने वाली अधिष्ठात्री देवी माना गया है। एक ओर जहां नवरात्रि पर्व के दौरान देवी दुर्गा के नौ अलग-अलग नारी रूपों की पूजा-अर्चना की जाती है, वहीं विद्या एवं बुद्धि की देवी भी नारी स्वरूपा देवी सरस्वती हैं। इसी प्रकार धन की अधिष्ठात्री देवी लक्ष्मी भी नारी स्वरूपा ही हैं। हमारे सभी पौराणिक ग्रंथों में नारी को देवी शक्ति के रूप में पूजनीय माना गया है और सभी शास्त्रों तथा धर्म ग्रंथों में नारी के सामाजिक महत्व को स्वीकारते हुए कहा गया है 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता' अर्थात् जहां नारी की पूजा होती है, वहीं देवताओं का वास होता है। नारी के प्रति पुराणों में इतना आदर-सम्मान यूं ही नहीं व्यक्त किया गया, दरअसल वह नारी शक्ति ही है, जो घनघोर अंधकार में भी अपनी मुस्कान बिखेरकर उजाला करती है।

नारी महत्ता पर प्रकाश डालते हुए गुरु नानक ने कहा था कि नारी, जो राजाओं की भी जननी है, उसका सम्मान होना चाहिए। इसी प्रकार प्रसिद्ध विचारक हेरिएट बीचर स्टोव ने कहा था कि महिलाएं समाज की वास्तविक शिल्पकार होती हैं। नवरात्रि के नौ दिनों में हम मातृ शक्ति के नौ रूपों का पूजन करते हैं, उनका स्मरण करते हैं, कन्याओं को भोजन पर आमंत्रित कर उनकी पूजा करते हैं, चरण धोकर उनका स्वागत करते हैं और तिलक के पश्चात् दक्षिणा तथा उपहार देकर विदा करने की सदियों पुरानी परम्परा का निर्वहन करते हैं लेकिन साल के बाकी दिन यही नारी शक्ति सम्मान पाने के लिए विभिन्न मोर्चों पर संघर्ष करती दिखती है। पुराणों तथा धार्मिक ग्रंथों में भले ही नारी को देवी का दर्जा दिया गया है किन्तु हमारे समाज में नारी की स्थिति प्राचीन काल से ही अच्छी नहीं रही। घर हो या बाहर, उसे हर कहीं किसी न किसी रूप में शोषण का शिकार होना पड़ता है। हालांकि भारतीय इतिहास नारी की वीरगाथाओं से भरा पड़ा है। आज भी हम माता सीता, सती सावित्री, तारा, कुंती, गार्गी, रानी लक्ष्मीबाई जैसी अनेक महान और विदुषी नारियों के व्यक्तित्व, त्याग और साहस की गाथाओं से प्रेरणा लेते हैं।

नारी को शक्ति की उपासक, घर की आत्मा और प्राण माना गया है। ईश्वर ने नारी को एक जननी के रूप में सम्मान देकर धरती पर भेजा है। नारी के मां के रूप को तो ममता की मूरत कहा गया है। एक मां ही अपने बच्चे के लालन-पालन और उसके अस्तित्व निर्माण के लिए अपनी इच्छाओं का बलिदान दे देती है और अपनी संतान में संस्कारों का बीजारोपण करते हुए उसमें दया, करुणा, प्रेम इत्यादि गुणों को जन्म देती है। बेटी, बहन, कुलवधू, पत्नी और मां जैसे अलग-अलग रूपों में नारी सही मायनों में एक परिवार की आन-बान और शान होती है। एक गुणवान बेटी के रूप में वह अपने माता-पिता का नाम रोशन करती है तो शादी के बाद अपना घर छोड़कर वह जिस दूसरे घर में जाती है, वहां भी त्याग और बलिदान की मूर्ति बनकर सबका दिल जीतने की कोशिश करती है और उस घर को स्वर्ग बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ती।

जिस घर-आंगन में चलना सीखकर, खेल-कूदकर वह बड़ी हुई, उसी को छोड़कर वह एक दिन एक ऐसे व्यक्ति पर विश्वास करते हुए उसे अपने जीवन की बागडोर सौंप देती है, जिसे वह जानती तक नहीं थी। किसी भी देश का भविष्य नारी पर ही टिका होता है क्योंकि एक मां जिस प्रकार अपने बच्चों का पालन-पोषण करती हैं, उन्हें संस्कारवान बनाती है और फिर वही बच्चे देश के कर्णधार बनते हैं, ऐसे में समझा जा सकता है कि एक नारी की भूमिका राष्ट्र निर्माण में कितनी महत्वपूर्ण है। संतोषजनक स्थिति यह है कि धीरे-धीरे ही सही, लगभग हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रूप से बढ़ रही है। यदि कहा जाए कि महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। घर-परिवार से लेकर बाहर तक की जिम्मेदारी आज महिलाएं बखूबी निभा रही हैं।

साक्षरता के मामले में भले ही महिलाओं की स्थिति अभी पुरूषों के मुकाबले कम है लेकिन दूसरी ओर देखें तो विभिन्न परीक्षाओं में लड़कियां आज लड़कों से आगे निकलती दिखाई देती हैं। चिकित्सा, विज्ञान, इंजीनियरिंग, उच्च प्रौद्योगिकी से संबंधित सभी क्षेत्रों में महिलाएं आज नेतृत्व प्रदान कर रही हैं। व्यापार, अंतरिक्ष, खेल, राजनीति इत्यादि क्षेत्रों में भी वे नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। न केवल सिविल सेवाओं बल्कि पुलिस बल तथा सैन्य सेवाओं में भी सक्षम अधिकारी के रूप में उनका दबदबा निरन्तर बढ़ रहा है। सुरों की साम्राज्ञी लता मंगेशकर को साक्षात मां सरस्वती का दर्जा दिया जाता रहा।

किरण बेदी, पीटी उषा, कल्पना चावला इत्यादि अनेक भारतीय महिलाओं ने अपनी उपलब्धियों से तमाम भारतीयों को न केवल गौरवान्वित किया बल्कि यह भी साबित किया कि महिलाएं आज के जमाने में किसी से कम नहीं हैं। 2016 में तीन जांबाज महिलाओं, बिहार के बेगूसराय की भावना कंठ, मध्य प्रदेश के रीवा की अवनी चतुर्वेदी तथा वडोदरा की मोहना सिंह ने पहली बार वायुसेना में फाइटर प्लेन पायलट का दायित्व संभालकर यह स्पष्ट संदेश दिया था कि भले ही महिलाओं के प्रति समाज की मानसिकता जो भी हो पर महिलाएं आज देश के नभ को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी भी बखूबी निभा रही हैं।

बहरहाल, समय की बदलती धारा के साथ महिलाएं अपने प्रयासों और प्रयत्नों में कहीं पीछे नहीं हैं, बस आवश्यकता है उन्हें सही मार्ग दिखाने और सही अवसर प्रदान करने की। नवरात्रि पर्व को धूमधाम से मनाने और इस अवसर पर कन्या पूजन करने का वास्तविक औचित्य भी तभी है, जब हम नारी के गुणों का इसी प्रकार सम्मान करें और उसे दोयम दर्जे की न समझकर उसके गुणों को महत्व दें तथा आगे बढ़ने के हरसंभव अवसर प्रदान करें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कितने सही हैं हमारे स्लिमिंग सेंटर



खोखले दावे करते स्लिमिंग सेंटर आज हर गली-कूचे में खुलते ही जा रहे हैं और लोग यहां आकर अपना समय व पैसा दोनों बर्बाद कर रहे हैं। लोग इन सेंटरों में इस आशा के साथ आते हैं कि एक दिन वह भी आकर्षक नजर आएंगे। यहां हम आपको अपने को फिट व चुस्त रखने के कुछ व्यायाम बता रहे हैं, जिन्हें आप घर में ही आजमा कर आकर्षक दिखने का अपना सपना बिना इन सेंटरों में धन और समय गंवाए ही पूरा कर सकते हैं।

ये व्यायाम खासतौर पर उन अंगों के लिए बेहद असरदार हैं, जो या तो बढ़ती उम्र के कारण दुर्बल होने लगते हैं या फिर शरीर का भार बढ़ने के कारण फैलने लगते हैं जैसे पेट, जांघ, बाजुओं का पिछला हिस्सा व कमर आदि। इन व्यायामों के जरिए निश्चय ही बेहतरीन परिणाम आपको मिलेंगे। टखनों व पिंडलियों के लिए व्यायाम वार्म होने के बाद सबसे पहले टखनों व पिंडलियों के लिए व्यायाम करना चाहिए। इसके लिए एक कुर्सी के किनारे बैठ जाएं। घुटने एक साथ जोड़ लें, पैरों के बीच की दूरी डेढ़ फीट हो। ध्यान रहे पंजे अंदर की ओर इशारा करते हुए हों। अब पंजों को जितना ऊपर उठा सकती हैं उठाएं, फिर नीचे लाएं। इसे 16 बार दोहराएं। अब पैरों को बाहर की ओर मोड़ते हुए घुटने मिलाकर पैरों में फासला रखते हुए एक बार फिर 16 बार उठाएं। अंत में एड़ियों को जमीन पर जमाते हुए दोनों पैरों को जमीन के साथ रगड़ते हुए अंदर की ओर लाएं।

अब पांवों को स्वीप करते हुए बाहर की ओर लाएं और दोबारा उठाएं। इसे 16 बार दोहराएं। सपाट पेट व कमर को सही आकार देने के लिए व्यायाम पीठ के बल लेट जाएं व हाथों को सिर के पीछे ले जाएं। टांगें मोड़ते हुए पैरों के तलवों से जमीन पर दबाव डालें, जिससे कि दोनों टांगों के बीच कुछ फासला आ जाए। अब बाईं कोहनी को ऊपर की ओर उठाएं व दाएं घुटने की तरफ झुकें फिर वापस जाएं। इसे 12 बार दोहराएं। अब दाएं पांव को जमीन से दो इंच ऊपर की ओर उठाएं और बाईं कोहनी को दाएं घुटने की तरफ सामने 16 बार लाएं। अब इन व्यायामों को दूसरी तरफ से दोहराएं। पीठ के बल लेट जाएं। दोनों टांगों को ऊपर की ओर उठाते हुए घुटनों को 90 डिग्री पर मोड़ लें। टखनों को क्रास कर लें तथा घुटनों के बीच करीब आधा इंच का फासला रखें। अब धीरे-धीरे शरीर के निचले हिस्से को जितना ऊपर उठा सकती हैं, उठाने का प्रयास करें। सर्वोत्तम परिणाम के लिए पेट को व्यायाम के दौरान अंदर ही रखें। जांघों की मजबूती के लिए व्यायाम इसके लिए सबसे पहले बाईं तरफ करवट लेकर लेट जाएं, शरीर के ऊपरी हिस्से को कोहनी पर टिकाते हुए। अब दाईं टांग को इस तरह मोड़ें जिससे कि घुटना ऊपर की तरफ इशारा करता हुआ हो। अब दाएं पांव को हल्के मुड़े घुटने के पीछे ले आएं पेट अंदर की तरफ रखते हुए।

ध्यान रहे कि बायां पांव छत की तरफ इशारा करता हुआ हो। बाईं टांग को काफी ऊंचा उठाएं। इसे 24 बार दोहराएं। अब दूसरी तरफ से इसे करें। ऊपरी बाजू के लिए व्यायाम ऊपरी बाजू में वही पहले जैसा खिंचाव व सही शेप देने के लिए व्यायाम बहुत ही कारगर सिद्ध हो सकता है। कुर्सी के किनारे बैठ जाएं व दोनों हाथों से कुर्सी के किनारे थाम लें। कुर्सी पर बैठे बैठे ही आगे की तरफ बढ़ें, जब तक कि आप कुर्सी से नीचे न आ जाएं। अब धीरे-धीरे शरीर के ऊपरी भाग को ऊपर व नीचे ले जाएं, बाजुओं को सीधा करते हुए। इसे 12 बार दोहराएं।

# विविधताओं को जोड़ने वाली अदृश्य डोर है अनुवाद



**श्वेता गोयल**

अपनी सभ्यता की शुरुआत से ही मनुष्य ने संवाद को अपने अस्तित्व का आधार बनाया। भाषा उसकी सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक रही है, जिसने उसे अन्य जीवों से अलग किया और विचारों, संवेदनाओं तथा अनुभवों को साझा करने का अवसर दिया किंतु भाषाओं की विविधता ने एक ऐसी दीवार खड़ी कर दी, जिसने सभ्यताओं, समाजों और संस्कृतियों के बीच प्रत्यक्ष संवाद को सीमित कर दिया। इसी बाधा को तोड़ने का कार्य किया अनुवाद ने।

अनुवाद दरअसल वह पुल है, जो शब्दों की भौगोलिक सीमाओं से परे जाकर मानवीय भावनाओं को जोड़ता है और पूरी दुनिया को एक साझा अनुभव-संसार में पिरो देता है। जब कोई व्यक्ति अपनी मातृभाषा में साहित्य, दर्शन, विज्ञान या इतिहास पढ़ता है तो उसे यह अनुभव होता है कि विचार कितने गहरे और संवेदनाएं कितनी व्यापक हो सकती हैं किंतु यदि अनुवाद न होता तो विश्व की इस ज्ञान-संपदा का अधिकांश हिस्सा हमारी पहुंच से बाहर रह जाता।

चाहे वह ग्रीक दार्शनिक प्लेटो और अरस्तू की शिक्षाएं हों, फारसी कवि रूमी के सूफी भाव हों, अरबी विद्वानों का विज्ञान पर किया गया कार्य हो या फिर भारत के वेद, उपनिषद और कबीर-मीरा की रचनाएं, इन सबका वैश्विक प्रभाव केवल और केवल अनुवाद के कारण ही संभव हुआ। अनुवाद ने यह साबित कर दिया कि भावनाओं की कोई सीमा नहीं होती, वे भाषाई भिन्नताओं से परे जाकर मनुष्य के हृदय तक पहुंचने की क्षमता रखती हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने भाषा को मानवीय अधिकारों के मूल में रखा है। भाषाएं केवल संवाद का माध्यम नहीं हैं बल्कि पहचान, संस्कृति और जीवनदृष्टि की वाहक हैं किंतु जब भाषाओं की विविधता समझ में बाधा डालती है तो अनुवाद एक ऐसा साधन बन जाता है, जो मानवीय समानताओं को उजागर करता है और विविधताओं को सम्मान के साथ स्वीकार करता है। इसीलिए हर साल 30 सितंबर को 'अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस' मनाया जाता है, जो केवल अनुवादकों को सम्मानित करने का अवसर नहीं है बल्कि इस बात की पुनर्पुष्टि भी है कि अनुवाद ही वह संवेदनात्मक सेतु है, जो शब्दों से आगे जाकर मानवता को एक सूत्र में पिरोता है।

दुनिया का साहित्य इस बात का सबसे सशक्त प्रमाण है। जब हम रूस के महान लेखक टॉल्सटॉय का युद्ध और शांति पढ़ते हैं तो हमें केवल रूसी समाज की झलक नहीं मिलती बल्कि युद्ध और शांति जैसे सार्वभौमिक विषयों पर मनुष्य की गहरी संवेदनाओं का अनुभव होता है। जब जापानी साहित्यकार हारुकी मुराकामी की रचनाएं हिंदी या अंग्रेजी में पढ़ी जाती हैं तो यह समझ आता है कि अकेलेपन, प्रेम, समय और जीवन की जटिलताओं से जूझना हर मनुष्य का साझा अनुभव है। इसी तरह जब भारतीय कवियों और लेखकों की रचनाएं यूरोपीय भाषाओं में अनूदित होती हैं तो विश्वभर के पाठक भारतीय संस्कृति की सूक्ष्मताओं और भावनात्मक गहराइयों से परिचित होते हैं। अनुवाद केवल शब्दों का स्थानांतरण नहीं होता। यदि वह मात्र शब्दानुवाद तक सीमित रहे तो उसका सार खो जाता है। अनुवाद की सच्ची आत्मा यह है कि उसमें भावनाओं, संवेदनाओं और सांस्कृतिक संदर्भों का भी संप्रेषण हो। उदाहरण के लिए, संस्कृत शब्द 'रस' को केवल 'जूस' या 'टेस्ट' कहना उसके गहन साहित्यिक और भावनात्मक अर्थ को खो देता है। इसी प्रकार हिंदी का 'मिट्टी' केवल 'सॉयल' नहीं है, उसमें गंध, संस्कार और आत्मीयता का भाव भी निहित है। अनुवादक का सबसे बड़ा दायित्व यही है कि वह केवल भाषा का नहीं बल्कि संस्कृति और भावनाओं का भी पुल बने।

दुनिया में अनेकों ऐसे उदाहरण हैं, जिन्होंने साबित किया कि अनुवाद ने मानवीय इतिहास की दिशा बदली। मध्यकालीन युग में जब अरब विद्वानों ने ग्रीक दर्शन और विज्ञान के ग्रंथों का अरबी में अनुवाद किया तो वही आगे चलकर यूरोप के पुनर्जागरण का आधार बना। इसी प्रकार, बौद्ध धर्म के ग्रंथ जब चीनी, जापानी और तिब्बती भाषाओं में अनूदित हुए तो एशिया के विशाल भूभाग में करुणा और अहिंसा का संदेश फैल गया। भारत के आधुनिक काल में महात्मा गांधी ने गीता के गुजराती अनुवाद से जीवन की प्रेरणा ली और इसी से उनके सत्य और अहिंसा के विचारों ने पूरी दुनिया को झकझोरा।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि अनुवाद केवल साहित्य या दर्शन तक ही सीमित नहीं है। आज विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी अनुवाद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यदि वैज्ञानिक अनुसंधान और तकनीकी ज्ञान केवल एक ही भाषा तक सीमित रहता तो उसका वैश्विक लाभ संभव न होता। जलवायु परिवर्तन, सतत विकास और मानवाधिकार जैसे विषयों पर संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्टें हर प्रमुख भाषा में उपलब्ध कराई जाती हैं ताकि वैश्विक समझ और कार्रवाई में कोई बाधा न हो। अनुवाद की प्रक्रिया में सबसे बड़ा कौशल यह है कि अनुवादक दोनों भाषाओं की गहराई और सांस्कृतिक बारीकियों को समझे। एक सफल अनुवादक वह है, जो केवल शब्दों का नहीं बल्कि भावों का अनुवाद करे। इसी कारण अनुवाद को अक्सर 'कला' कहा जाता है। यह रचनात्मकता, संवेदनशीलता और बौद्धिकता का अद्भुत संगम है।

एक अनुवादक वह शिल्पी है, जो किसी भाषा के विचारों को दूसरी भाषा में ऐसे गढ़ता है कि पाठक को यह न लगे कि वह अनुवाद पढ़ रहा है बल्कि ऐसा अनुभव हो, जैसे यह रचना उसी भाषा में मूल रूप से लिखी गई हो। वर्तमान वैश्वीकृत समाज में अनुवाद का महत्व और भी बढ़ गया है। इंटरनेट और डिजिटल तकनीक ने हमें पूरी दुनिया से जोड़ दिया है किंतु भाषा की दीवार अब भी कायम है। अनुवाद और भाषा प्रौद्योगिकी ही इस दीवार को ढहाने का सबसे बड़ा माध्यम हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन ट्रांसलेशन के आगमन ने अनुवाद की दुनिया में नए अवसर खोले हैं किंतु यह भी सत्य है कि मानवीय भावनाओं को पूरी तरह समझने और संप्रेषित करने का सामर्थ्य अब भी मानव अनुवादकों के पास ही है। मशीनें शब्दों को जोड़ सकती हैं लेकिन संवेदनाओं का सेतु अब भी मनुष्य ही बना सकता है। दुनिया की हर भाषा, हर साहित्य और हर संस्कृति मानवीय विरासत का अनमोल हिस्सा है। अनुवाद ही वह साधन है, जो हमें यह अहसास कराता है कि मनुष्य की संवेदनाएं साझा हैं, चाहे वे किसी भी भाषा में व्यक्त की गई हों। दु:ख, प्रेम, करुणा, आशा और संघर्ष, ए सभी भाव सार्वभौमिक हैं। भाषा की विविधता केवल उनकी प्रस्तुति को अलग-अलग स्वरूप देती है लेकिन उनका मूल स्वर हर जगह एक जैसा होता है। यही कारण है कि अनुवाद को संवेदनाओं का सेतु कहा जाता है। यह सेतु केवल शब्दों का नहीं है बल्कि यह हृदय से हृदय तक पहुंचने का मार्ग है। यह वह शक्ति है, जो सभ्यताओं को एक-दूसरे से जोड़ती है, संस्कृतियों को परस्पर समझने का अवसर देती है और मनुष्यता को व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखने की दृष्टि प्रदान करती है। आज जब दुनिया असमानताओं, संघर्षों और विभाजनों से जूझ रही है तो अनुवाद हमें यह सिखाता है कि हमारी साझा मानवता कहीं गहरी है और भाषा की सीमाएं केवल सतही हैं। यदि हम एक-दूसरे की भाषा को समझें, एक-दूसरे की संवेदनाओं को महसूस करें तो संवाद और सहयोग की नई संभावनाएं खुल सकती हैं। अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस इसी विश्वास का उत्सव है कि शब्दों से आगे जाकर भावनाओं का जो सेतु अनुवाद निर्मित करता है, वही मानवता को सशक्त और एकजुट बनाए रखता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

पीओके में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन, बगावत के बन रहे हालात

# पीओके में आर्मी काफिले पर नागरिकों का पथराव

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बगावत के सुर लगातार तेज हो रहे हैं। एक तरफ जहां बलूच लड़ाके पाकिस्तानी सेना की नाक में दम किए हुए हैं, वहीं अब पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में भी बगावत भड़क गई है और हजारों लोग शहबाज शरीफ सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं। पाकिस्तान के कब्जे वाली कश्मीर (पीओके) के 3 बड़े शहरों में पाकिस्तान सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन जारी है। पीओके की अवामी एक्शन कमेटी (एएसी) की अपील पर सोमवार को पूरे इलाके में दुकानें, बाजार और सड़कें बंद कर दी गईं।

लोकल लोग महंगाई, बेरोजगारी, और पाकिस्तानी सेना के ज्यादतियों के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं। सुरक्षा बलों के काफिले पर पथराव की घटनाएं भी सामने आई हैं। कोटली में शनिवार को निहत्थे प्रदर्शनकारियों पर सुरक्षाबलों ने गोलीबारी की, जिसके बाद प्रदर्शनकारियों ने सेना के खिलाफ कि हम तुम्हारी मौत हैं जैसे नारे लगाए। हजारों लोग कोटली, रावलकोट और मुजफ्फराबाद जैसे शहरों में आजादी और पाकिस्तानी सेना वापस जाओ जैसे नारे लगा रहे हैं। प्रदर्शनों को दबाने के लिए सरकार ने भारी सिक्योरिटी तैनात की है। एएसी के नेता शौकत नवाज मीर ने कहा: हम सिर्फ अपने हक मांग रहे हैं, जो 70 साल से हमें नहीं मिले। अब सरकार को हमें हमारे अधिकार देने होंगे। एएसी ने सरकार के सामने 38 मांगें रखी हैं, जिनमें 3 प्रमुख हैं-पाकिस्तान में बसे कश्मीरी शरणार्थियों के लिए बनी 12 विधानसभा सीटें खत्म करने की मांग बिजली परियोजनाओं में लोकल लोगों के फायदे को ध्यान रखा जाए। आटे और बिजली के बिलों पर छूट देने की मांग, क्योंकि महंगाई से लोग परेशान हैं। पाकिस्तान सरकार ने पीओके में पत्रकारों और टूरिस्ट की एंट्री बैन कर दी है। लोकल रिपोर्टर्स भी आरोप लगा रहे हैं कि उन्हें न्यूट्रल कवरेज करने से रोका जा रहा है। इसके अलावा कई मानवाधिकार संगठन भी इस मुद्दे पर आवाज उठा रहे हैं। पीओके में आधी रात से इंटरनेट बंद कर दिया गया है। सरकार को डर है कि ये प्रदर्शन आजादी की व्यापक मांग में बदल सकते हैं। पीओके में पहले भी कई बार सेना और सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए हैं।पिछले साल मई में सस्ते आटे और बिजली के लिए लोगों ने हड़ताल की थी। लोग कहना है कि पीओके में मौजूद मंगला डैम से बिजली बनती है, फिर भी उन्हें सस्ती बिजली नहीं मिलती।

इसी तरह 2023 में भी बिजली की कीमतें बढ़ाने और गेहूं की सब्सिडी हटाने के खिलाफ लोग सड़कों पर उतर आए थे। 2022 में भी सरकार के एक कानून के खिलाफ लोगों ने सड़कें जाम की थीं और आजादी के नारे लगाए थे। अवामी एक्शन कमेटी के शीर्ष नेता शौकत नवाज मीर ने कहा कि हमारा प्रदर्शन किसी संस्था के खिलाफ नहीं है बल्कि अपने बुनियादी अधिकारों की मांग को लेकर है। बीते 70 वर्षों में हमें बुनियादी अधिकार नहीं दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अब बहुत हुआ, या तो हमें अधिकार दें या फिर जनता का गुस्सा झेलने के लिए तैयार रहें।



■ इंटरनेट बंद, पाक की फौज ने गोलियां चलाईं
■ आंदोलनकारी बोले: हम तुम्हारी मौत हैं, पीओके में पत्रकारों की एंट्री पर बैन
■ महंगाई, बेरोजगारी और पाकिस्तानी सेना की ज्यादतियों के खिलाफ लोग सड़कों पर उतर आए

## तुर्की को 1000 एकड़ जमीन मुफ्त दे रहा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार ने तुर्की को 1000 एकड़ जमीन मुफ्त में देने की पेशकश की है। यह जमीन कराची इंडस्ट्रियल पार्क में नया एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग जोन (ईपीजेड) बनाने के लिए दी जा रही है। इस जोन का मकसद तुर्की की कंपनियों को पाकिस्तान में निवेश के लिए आकर्षित करना है। इसके जरिए पाकिस्तान दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ाकर 5 अरब डॉलर तक ले जाना चाहता है। दरअसल, तुर्की ने मई में हुई भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान पाकिस्तान का साथ दिया था। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अप्रैल 2025 में तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैय्यप एर्दोगन से मुलाकात की थी। इसी दौरान जमीन देने की पेशकश की थी। पाकिस्तान के अधिकारियों का एक डेलिगेशन हाल ही में तुर्की गया था। उन्होंने वहां के एक्सपोर्ट जोन देखे और समझा कि तुर्की कैसे निवेशकों को सुविधाएं देता है।



पेरू। लीमा में जेन-जी के प्रदर्शनकारी पुलिस से झड़प करते हुए।

## नेपाल के बाद दक्षिण अमेरिकी देश पेरू में जेन-जी प्रदर्शन

**लीमा।** नेपाल के बाद अब दक्षिण अमेरिकी देश पेरू के जेन-जी भ्रष्टाचार को लेकर सड़कों पर उतर आए हैं। 27 सितम्बर को राजधानी लीमा में हजारों युवाओं ने राष्ट्रपति दीना बोलुआर्ते के खिलाफ नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुई। पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़ और लाठीचार्ज किया, जिसके जवाब में युवाओं ने पथराव किया।

दरअसल, ये विरोध 20 सितम्बर को पेंशन प्रणाली में किए गए बदलावों के बाद शुरू हुए। नए नियम के अनुसार, पेरू में 18 साल से अधिक उम्र के हर व्यक्ति को किसी न किसी पेंशन कंपनी से जुड़ना होगा। इसके अलावा राष्ट्रपति बोलुआर्ते और संसद के खिलाफ लंबे समय से जनता में असंतोष बना हुआ है। जेन-जी ने इस प्रदर्शन के लिए फेमस जापानी एनिमे 'वन पीस' के केरेक्टर 'लूफी' को अपना रोल माडल बनाया है। ये केरेक्टर न्याय के लिए लड़ता है। यहां, भ्रष्टाचार, आर्थिक असुरक्षा, बढ़ता अपराध और जवाबदेही की कमी ने युवाओं को नाराज किया है। 2022 में पूर्व राष्ट्रपति पेद्रो कास्तिलो को हटाए जाने और गिरफ्तार किए जाने के बाद, सुरक्षा बलों की कार्रवाई में दर्जनों प्रदर्शनकारियों की मौत हुई थी।

■ भ्रष्टाचार और पेंशन सुधार को लेकर सड़कों पर उतरे लोग, जापानी एनिमे केरेक्टर 'लूफी' को रोल मॉडल बनाया

## संक्षिप्त समाचार

### अफगानिस्तान ने अमेरिकी नागरिक को रिहा किया

**काबुल।** अफगानिस्तान सरकार ने अमेरिका के साथ कूटनीतिक संबंधों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से एक अमेरिकी नागरिक की रिहाई की घोषणा की है। अफगानिस्तान सरकार के उप प्रवक्ता हमदुल्ला फितरत ने रविवार को बताया कि बंधक प्रतिक्रिया मामलों के अमेरिकी विशेष राष्ट्रपति दूत एडम बो. हलर ने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ काबुल आकर यहां विदेश मंत्री मावलवी अमीर खान मुत्ताकी से मुलाकात की।

### यूक्रेन के लिए जासूसी का आरोप: रूसी महिला हिरासत में

**मास्को।** रूसी संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) ने सोमवार को कहा कि उसने रूसी महिला सेवस्तोपोल को यूक्रेनी सैन्य खुफिया विभाग के लिए जासूसी करने और काला सागर बेड़े के जहाजों की तैनाती स्थानों की तस्वीरें प्रदान करने पर हिरासत में लिया है। जिनका इस्तेमाल यूक्रेन ने मिसाइल हमलों की योजना बनाने के लिए किया था। एफएसबी ने एक बयान में कहा कि रूस की संघीय सुरक्षा सेवा ने 1980 में जन्मी एक रूसी नागरिक को सेवस्तोपोल में हिरासत में लिया है, जो यूक्रेनी विशेष सेवाओं की ओर से खुफिया गतिविधियां चला रही थी।

### सेनेगल में रिफ्ट वैली बुखार के प्रकोप से सात लोगों की मौत

**डकार।** अफ्रीका महाद्वीप के सेनेगल राष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री इब्राहिमा सी ने कहा कि उत्तरी सेंट-लुई क्षेत्र में रिफ्ट वैली बुखार (आरवीएफ) के प्रकोप से सात लोगों की मौत हो गई है। सेंट लुईस में रविवार को महामारी नियंत्रण बैठक में सी ने कहा कि स्वास्थ्य अधिकारी, पशुधन विभाग के साथ मिलकर बीमारी को फैलने से रोकने के लिए तेजी से उपाय कर रहे हैं। गुरुवार को सेंट लुईस क्षेत्र में आधिकारिक रूप से पहला आरवीएफ का मामला सामने आया था।

### रूस को किसी के साथ जंग की आवश्यकता नहीं: मेदवेदेव

**मॉस्को।** रूसी सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव ने सोमवार को कहा कि रूस को यूरोप समेत किसी से कोई जंग करने की जरूरत नहीं है। मेदवेदेव ने कहा रूस को किसी के साथ भी युद्ध करने की आवश्यकता नहीं है। यूरोप में अब कुछ भी लाभ कमाने लायक नहीं है।

# ट्रम्प ने फोड़ा एक और टैरिफ बम

## अमेरिका के बाहर बनने वाली फिल्मों पर लगाया 100 फीसदी शुल्क

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को एक और टैरिफ बम फोड़ दिया है। ट्रम्प ने अमेरिका के बाहर बनने वाली फिल्मों पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की है। इसे भारत समते दुनिया के कई देशों के सिनेमा उद्योग के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

इससे पहले ट्रम्प ने दूसरे देशों से आने वाली दवाओं पर भी 100 फीसदी टैरिफ लगाने का एलान किया था। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि विदेशी कंपनियों ने अमेरिकी मूवी उद्योग को 'चोरी' किया है। यह कदम हॉलीवुड और वैश्विक फिल्म उद्योग के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। ट्रंप ने अपने पोस्ट में लिखा कि हमारा मूवी निर्माण व्यवसाय अमेरिका से चोरी किया गया है, बिलकुल वैसा जैसे बच्चे से कैंडी चोरी करना। उन्होंने कैलिफोर्निया के गवर्नर को कमजोर और अक्षम बताया और कहा कि यही कारण है कि यह राज्य सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि समस्या का समाधान करने के लिए अब विदेशी फिल्मों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रंप ने मई में इस तरह के टैरिफ का विचार पहले भी व्यक्त किया था, लेकिन उस समय उन्होंने विवरण नहीं बताया था। इस घोषणा के बाद एंटरटेनमेंट दिग्गजों के शेयर प्री.मार्केट ट्रेडिंग में गिरावट दिखाने लगे।

नेटफ्लिक्स के शेयर 1.4 प्रतिशत और वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के शेयर 0.6 प्रतिशत गिर गए। हॉलीवुड स्टूडियोज और ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म अब इस नीति के प्रभाव को समझने में लगे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि उत्तर कैरोलाइना सहित अमेरिका के फर्नीचर उद्योग को चीन और अन्य देशों से हुए नुकसान को देखते हुए विदेशी देशों पर भारी टैरिफ लगाया जाएगा।



■ विदेशी कंपनियों ने अमेरिकी मूवी उद्योग को 'चोरी' किया

# भारत अपने सहयोगी खुद चुनता है: रूस

## रूसी विदेश मंत्री बोले: अमेरिका को व्यापार बढ़ाना है, तो उससे बात करें, हमारे रिश्ते बहुत अच्छे

**वाशिंगटन।** रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि भारत अपने सहयोगी खुद चुनता है। रूस को भी इससे फर्क नहीं पड़ता कि भारत का दूसरे देशों के साथ कैसा रिश्ता है। उन्होंने कहा कि भारत के अमेरिका से संबंधों को लेकर रूस को कभी चिंता नहीं हुई। उन्होंने कहा कि रूस ने हमेशा से भारत की स्वतंत्र विदेश नीति का सम्मान किया है।

लावरोव से रूसी तेल खरीद रोकने के लिए अमेरिका की ओर से भारत पर डाले जा रहे दबाव के संबंध में सवाल पूछा गया था। लावरोव ने कहा कि रूसी तेल खरीदने की वजह से अमेरिकी टैरिफ लगने के बावजूद भारत-रूस के बीच आर्थिक साझेदारी को कोई खतरा नहीं है। लावरोव ने आगे कहा कि अगर अमेरिका के पास भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने के तरीके हैं, तो वे उन शर्तों पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं, चाहे अमेरिका कुछ भी शर्तें रखे। लेकिन जब बात भारत और किसी तीसरे देशों के बीच ट्रेड, इंवेस्टमेंट, इकोनामिक, सेफ्टी, टेक्नोलाजी और दूसरे संबंधों की आती है, तो भारत केवल उन्हीं देशों के साथ इस पर चर्चा करता है। लावरोव ने भारत-रूस के रणनीतिक रिश्तों पर जोर देते हुए कहा हम भारत के राष्ट्रीय हितों और विदेश नीति का सम्मान करते हैं। भारत और रूस के बीच लंबे समय से रणनीतिक साझेदारी है, जिसे अब अहम रणनीतिक साझेदारी कहा जाता है। लावरोव ने कहा कि हमारे बीच नियमित बातचीत होती रहती है। मैं यह नहीं पूछता कि हमारे व्यापारिक संबंधों, हमारे तेल का क्या होगा। वे खुद फैसले लेने में पूरी तरह सक्षम हैं। लावरोव ने हाल ही में चीन में हुए एससीओ शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात का जिक्र किया।

उन्होंने बताया कि दोनों देशों के बीच अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर करीबी सहयोग है। उन्होंने यह भी कहा कि दिसम्बर में राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा की योजना है। इस दौरान व्यापार, सैन्य, तकनीकी सहयोग, वित्त, स्वास्थ्य, उच्च-प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और अन्य क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा होगी। लावरोव ने कहा, हमारा द्विपक्षीय एजेंडा बहुत व्यापक है। हम एससीओ, ब्रिक्स और दूसरे मंचों पर मिलकर काम करते हैं। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत की स्थाई सदस्यता का समर्थन किया था।



■ रूस ने हमेशा से भारत की स्वतंत्र विदेश नीति का सम्मान किया

# भारत के टेररिस्तान कहने से पाकिस्तान नाराज

## पाक राजनयिक मोहम्मद राशिद ने यूएन में कहा: भारत हमारा नाम बिगाड़ रहा, यह हमारे देश का अपमान

**न्यूयॉर्क।** पाकिस्तान ने भारत पर नाम बिगाड़ने का आरोप लगाया है और भारतीय राजनयिक के 'टेररिस्तान' कहने पर नाराजगी जताई है। दरअसल, यूएन में भारत-पाकिस्तान के राजनयिक एक-दूसरे को जवाब दे रहे थे।

इस दौरान भारतीय राजनयिक रेन्ताला श्रीनिवास ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना उसे 'टेररिस्तान' कहा। इस पर नाराजगी जताते हुए पाकिस्तानी राजनयिक मोहम्मद राशिद ने कहा यह बेहद अफसोसजनक है कि भारत इतना गिर गया है कि एक देश के नाम तक को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहा है। यह पूरे राष्ट्र का अपमान है। यह भारत की हताशा और अपरिपक्वता को दिखाता है। राशिद ने आरोप लगाया कि भारत खुद आतंकवाद को बढ़ावा देता है और उसकी खुफिया एजेंसियां पड़ोसी देशों को अस्थिर करने में शामिल हैं। भारतीय और पाकिस्तानी राजनयिक के बीच बहस की शुरुआत विदेश मंत्री जयशंकर के भाषण को लेकर हुई। जयशंकर ने 27 सितम्बर को यूएन में दिए अपने भाषण में पाकिस्तान का नाम लिए बिना कई गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने पाकिस्तान को आतंकवाद का सेंटर कहा था। उन्होंने कहा पाकिस्तान में आतंकियों की तारीफ की जाती है। इस पर पाक राजनयिक राशिद ने जवाब देते हुए कहा कि यह पाकिस्तान को बदनाम करने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में 90000 से ज्यादा जानें गंवाई हैं। पाकिस्तान खुद आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा है, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सराहना हुई है। इस पर पलटवार करते हुए श्रीनिवास ने कहा पाकिस्तान की पहचान खुद उसके कामों से होती है। दुनियाभर में फैले आतंकवाद में उसकी छाप साफ दिखाई देती है। वह अपने पड़ोसियों ही नहीं, पूरी दुनिया के लिए खतरा है। कोई भी तर्क या झूठ कभी भी टेररिस्तान के अपराधों को छुपा नहीं सकता राशिद के बयान के बाद श्रीनिवास ने वाक-आउट कर दिया और वे कुर्सी छोड़कर चले गए। राशिद के बयान के बाद श्रीनिवास ने वाक-आउट कर दिया और वे कुर्सी छोड़कर चले गए। जयशंकर ने पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए कहा कि ये क्रास-बार्डर टेररिज्म का सबसे हालिया उदाहरण है। उन्होंने इसे क्रूर आतंकी हमला बताया। जयशंकर ने कहा कि भारत ने आतंकवाद से अपने लोगों की रक्षा करने का अधिकार का इस्तेमाल किया है और आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई की। उन्होंने कहा: आतंकी ढांचों का खत्म होना जरूरी है। आतंकियों से लड़ाई हमेशा से भारत की प्राथमिकता रही है।



■ राशिद ने आरोप लगाया: भारत खुद आतंकवाद को बढ़ावा देता है और उसकी खुफिया एजेंसियां पड़ोसी देशों को अस्थिर करने में शामिल हैं

## यूक्रेन को टॉमहॉक मिसाइलें भेजने पर विचार कर रहा अमेरिका: वेंस

**वाशिंगटन।** अमेरिका की योजना है कि उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सहयोगी यूरोपीय देश उससे अमेरिकी टॉमहॉक क्रूज मिसाइलें खरीदें और फिर उसे यूक्रेन को दे दें। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने फॉक्स न्यूज से यह बात कही है। उन्होंने कहा कि हम कई यूरोपीय देशों के आवेदनों पर विचार कर रहे हैं। जब उनसे यूक्रेन को मिसाइलें देने और उससे बढ़ने वाले खतरों पर राय मांगी गई तो उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प तय करेंगे कि अमरीका के लिए क्या बेहतर है। उन्होंने साफ किया कि इस पर अंतिम फैसला राष्ट्रपति ट्रम्प ही करेंगे। रिपोर्टों के मुताबिक, यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा सम्मेलन के दौरान ट्रम्प से मुलाकात में यह प्रस्ताव रखा था, जिस पर उन्होंने कहा कि हम इस पर काम करेंगे।

## मोदी ने जार्जिया मेलोनी की आटोबायोग्राफी की प्रस्तावना लिखी

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने इटली की प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी की आटोबायोग्राफी 'आई एम जार्जिया-माय रूट्स, माय प्रिंसिपल्स' के इंडियन एडिशन के लिए फारवर्ड (प्रस्तावना) लिखा है। इस किताब को जल्द ही भारत में रूपा पब्लिकेशंस लान्च करेगा।

मोदी ने मेलोनी को एक 'देशभक्त और बेहतरीन समकालीन' नेता बताते हुए तारीफ की। साथ ही उनकी निजी और राजनीतिक यात्रा को भारत के लोगों के लिए प्रेरणादायक बताया। मोदी ने अपने रेडियो शो 'मन की बात' का जिक्र करते हुए इस किताब को मेलोनी की 'मन की बात' जैसा बताया। मोदी ने लिखा कि उनके लिए यह 'बहुत बड़ा सम्मान' है कि वे इस किताब की प्रस्तावना लिख रहे हैं और वे यह काम मेलोनी के प्रति 'सम्मान, प्रशंसा और दोस्ती' की भावना के साथ कर रहे हैं। अपने प्रस्तावना में मोदी ने अपने 11 साल के कार्यकाल में दुनिया के कई नेताओं से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि मेलोनी का जीवन स्थिरता और जड़ों से जुड़े रहने के महत्व को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि किसी की सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करते हुए दुनिया के साथ समान स्तर पर बातचीत करना हमारे मूल्यों से मेल खाता है। मेलोनी की आत्मकथा पहली बार इटली में 2021 में त्प्रवसप पब्लिशिंग ने प्रकाशित की था। इसका इटालियन संस्करण '**Io Sono Giorgia**' के नाम से जारी किया गया था। यह किताब प्रकाशन के पहले साल में ही 150000 कापी बिक चुकी थीं।

■ कहा: यह पीएम मेलोनी की मन की बात, उनका जीवन हमारे लिए प्रेरणादायक

## मिशिगन चर्च में गोलीबारी हमलावर सहित पांच की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मिशिगन में रविवार को एक चर्च में प्रार्थना के लिए आए लोगों को निशाना बना कर हुई अंधाधुंध गोलीबारी की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। इन मरने वालों में हमलावर भी शामिल है।

संवाद समिति शिन्हुआ के अनुसार एक बंदूकधारी ग्रैंड ब्लैंक इलाके में बने चर्च ऑफ जीसस क्राइस्ट ऑफ लैटर-डे सेंट्स में कार से पहुंचा और उसने लोगों पर गोलीबारी करनी शुरु कर दी। ग्रैंड ब्लैंक के पुलिस प्रमुख विलियम रेने ने बताया कि उसने चर्च में आग भी लगा दीथी, जिस पर बाद में काबू पा लिया गया। इस हमलावर की पहचान बर्टन निवासी थॉमस जैकब सैनफोर्ड (40) के रूप में की गई है। न्यूयॉर्क पोस्ट ने फेसबुक पर हमलावर की मां की एक पोस्ट का हवाला देते हुए लिखा है कि सैनफोर्ड ने 2004 से 2008 तक मरीन कॉर्प्स के रुप में इराक युद्ध में भाग लिया था। स्पूतनिक संवाद समिति ने सूत्र के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया है कि जांचकर्ताओं को घटना स्थल से कई विस्फोटक सामग्री मिली है। मिशिगन पुलिस ने कहा कि इस हमले के बाद उन्हें बम धमाके करने की धमकियां फोन पर मिलीं। ये कॉल संदिग्ध की मौत के बाद आए थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस मामले में अपनी प्रतिक्रिया में इसे ईसाइयों के खिलाफ एक और लक्षित हमला बताया।

# वियतनाम में तूफान बुओलोई ने दी दस्तक

## कई इलाकों में तेज हवाएं और भारी बारिश

**हनोई।** तूफान बुआलोई ने सोमवार सुबह मध्य वियतनाम में दस्तक दे दी, जिससे अनेक क्षेत्रों में तेज हवाएं और मूसलाधार बारिश शुरू हो गई है। वियतनाम के राष्ट्रीय जल-मौसम विज्ञान पूर्वानुमान केंद्र के उप निदेशक डा. होआंग फुक लाम ने तूफान बुआलोई के मद्देनजर आज दोपहर से 30 सितम्बर तक उत्तरी डेल्टा फु थो और दक्षिणी प्रांतों सोन ला, लाओ कै और थान होआ में बहुत भारी बारिश होने का अनुमान व्यक्त किया है।

लाम ने कहा इसके असर से कुल वर्षा 100-200 मिमी और स्थानीय स्तर पर 300 मिमी से अधिक होगी। उन्होंने 150 मिमी/तीन घंटे से अधिक भारी बारिश की चेतावनी दी है। उत्तर वियतनाम के अन्य स्थानों में मध्यम, भारी और कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश हो सकती है। कुल वर्षा 70 से 150 मिमी के बीच तथा स्थानीय स्तर पर 200 मिमी से अधिक हो सकती है। इसके अलावा निचले, पहाड़ी और मध्य-भूमि क्षेत्रों में अचानक बाढ़, भूस्खलन और व्यापक सैलाब आने का खतरा बहुत अधिक बना हुआ है। वियतनाम के अन्य हिस्सों में 27 और 28 सितम्बर को तूफान बुआलोई के दौरान तेज हवाओं ने कई इलाकों में तबाही मचाई थी और कई जगहों पर मूसलाधार बारिश भी हुई। वियतनाम के क्वांग त्रि, ह्यू और दा नांग इलाके तूफान बुआलोई के असर से ज्यादा प्रभावित रहे। वियतनाम के प्रधानमंत्री चीन्ह ने अपने सहयोगी नेताओं को प्रभावित क्षेत्रों पर कड़ी नजर रखने, सुरक्षा की गारंटी मिलने तक लोगों को घर वापस लौटने से रोकने और शिविर केंद्रों पर पर्याप्त उचित आपूर्ति सुनिश्चित कराने का आदेश दिया है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने बांधों और जलाशयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और खोज एवं बचाव कार्य के लिए तैयार रहने के लिए सुरक्षा बलों की व्यवस्था करने को कहा है।



■ लाम ने 150 मिमी/तीन घंटे से अधिक भारी बारिश की चेतावनी दी

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108